kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-13 ❑ अंक-295 ❑ सोमवार, 25 नवम्बर 2024 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12

गोधरा कांड को लेकर 2002 और उसके बाद सच्चाई को छिपाने की कोशिश की गई थी। फिल्म 'साबरमती रिपोर्ट' के माध्यम से देशवासियों को असलियत का पता चल सकेगा।



अश्विनी वैष्णव

संभल की घटना आरएसएस-भाजपा की साजिश : कांग्रेस 11

हरिद्वार में 26 नवंबर से शुरू होगा प्रकृति परीक्षण अभियान 12

## संक्षेप

### ऋषभ पंत आईपीएल में सबसे महंगे बिकने वाले खिलाड़ी बने

**जेद्दा (सउदी अरब)।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग में सबसे महंगे बिकने वाले खिलाड़ी बन गए जिन्हें लखनऊ सुपर जाइंट्स ने यहां रविवार को मेगा नीलामी में 27 करोड़ रूपये में खरीदा जबकि केकेआर को इस साल खिताब दिलाने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर 26 करोड़ 75 लाख रूपये में पंजाब किंग्स से जुड़े । पंत के लिये सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ के बीच जमकर होड़ लगी । लखनऊ ने आखिरी बोली 27 करोड़ रूपये की लगाई और दिल्ली कैपिटल्स ने राइट टू मैच कार्ड का इस्तेमाल नहीं किया। इससे पहले अय्यर को पंजाब किंग्स ने 26 करोड़ 75 लाख रूपये में खरीदा। दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब के बीच अय्यर को लेकर काफी समय तक होड़ रही लेकिन आखिर में पंजाब ने बाजी मारी। अय्यर ने आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ा था जिन्हें पिछली नीलामी में केकेआर ने 24 करोड़ 75 लाख रूपये में खरीदा था । स्टार्क को 11 करोड़ 75 लाख में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को पंजाब ने राइट टू मैच कार्ड का इस्तेमाल करके 18 करोड़ रूपये में खरीदा । सनराइजर्स हैदराबाद ने आखिरी बोली 18 करोड़ रूपये की लगाई थी जिसे आरटीएम के जरिये पंजाब ने मैच किया । चेन्नई सुपर किंग्स ने दो करोड़ की बेसप्राइज पर नीलामी में सबसे पहले उतरे अर्शदीप पर पहली बोली लगाई थी ।

### बिजली कंपनियों का घाटा और बढ़कर 1.10 लाख करोड़ पहुंचा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन और अन्य बिजली कंपनियों की मार्च 2024 के आडिट रिपोर्ट आ गई है। यह रिपोर्ट बता रही है कि बिजली कंपनियों का घाटा बढ़कर 1.10 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। वित्तीय घाटे मेंकमी आनेकी बात कही गई है लेकिन यह कमी राज्य सरकार द्वारा दी जानेवाली वित्तीय सहायता की वजह से है। 2024-25 में प्रदेश सरकार द्वारा बिजली कंपनियों को विभिन्न मदों में तो वित्तीय सहायता देनी पड़ रही है, वह 40 हजार करोड़ के पार है। बिजली महकमे के अधिकारियों के मुताबिक कोई भी राज्य सरकार इतने बड़े वित्तीय घाटे को लंबे समय तक वहन नहीं कर सकती है। किसी एक सेक्टर को इतनी बड़ी धनराशि देने से सरकारों की अन्य योजनाएं पिछड़ जाती हैं। इतना ही नहीं प्रदेश सरकार की सहायता के बाद भी उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि. और अन्य बिजली कंपनियों को अपनी आर्थिक गतिविधियों के संचालन के लिए समय-समय पर वित्तीय संस्थाओं सेलोन लेने पड़ते हैं, लोन का यह भार भी करीब 70 हजार करोड़ रुपये पहुंच गया है। इस लोन की भरपाई में 18 से 19 हजार करोड़ रुपये सालाना का भार बिजली कंपनियों पर आ रहा है।

# संभल में आगजनी और फायरिंग में तीन की मौत, कई पुलिसकर्मी घायल

एजेंसी

संभल। जनपद में जामा मस्जिद के दोबारा सर्वे के दौरान रविवार को पथराव, आगजनी और फायरिंग में तीन युवकों की मौत हुई है और कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह और डीआईजी मुनिराज समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने इलाके का भ्रमण किया है। पत्थरबाजी करने वालों को चिन्हित कर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

बवाल को संभालने के लिए आसपास के जिलों से भी फोर्स मंगाई गई। दावा किया जा रहा है कि छतों से फायरिंग हुई है। कुछ पुलिस वालों को भी गोली के छर्रे लगे हैं। अदालत के आदेश पर रविवार को दोबारा सर्वेक्षण शुरू हुआ था। इसी बीच अराजकतत्वों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने भीड़ को तितर बितर करनेके लिए आंसू गैस के गोले दागे और हल्का बल प्रयोग किया। स्थानीय अदालत में एक याचिका दाखिल करके दावा किया गया है कि उस स्थान पर हरिहर मंदिर था। इसी याचिका पर अदालत के आदेश पर पिछले मंगलवार को जामा मस्जिद का सर्वेक्षण किया गया था। इसके बाद सेसंभल में पिछले कुछ दिनों से तनाव व्याप्त था। अदालत के आदेश के तहत ही ''एडवोकेट कमिश्नर'' रविवार को दूसरी बार सर्वेक्षण कार्य शुरू करने सुबह सात बजे के आसपास पहुंचे थे। इसी दौरान मौके पर



**बवाल**

❑ जामा मस्जिद का सर्वे करने गई टीम पर पथराव, वाहनों में तोड़फोड़, उपद्रवियों पर लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले छोड़े, तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात

भीड़ जमा होने लगी। प्रदर्शनकारियों ने वाहनों को जलाने की कोशिश की और पुलिस पर पथराव किया, जिसके बाद पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करनेके लिए आंसूगैस के गोले दागे और लाठी चार्ज किया। एक अधिकारी ने कहा, ''उपद्रवियों ने गोलियां चलाईं और कुछ छर्रे हमारे पुलिस कर्मियों को लगे। जहां सेगोलियां चलाई गईं, खास तौर पर दीपा सराय इलाके से, उसकी हम जांच कर रहेहैं। मुरादाबाद मंडल के आयुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने संभल में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस मामले में उपद्रवियों के दो तीन समूह थेजो लगातार गोलीबारी कर रहेथे। पुलिस प्रशासन ने सर्वे करने आई टीम को सुरक्षित तरीके से बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि समूहों में उपद्रव करने वालों में एक समूह के लोग नखासा में चले गये और पथराव शुरू कर दिया। सिंह ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने इन सभी भगाया। उन्होंने बताया कि इस हिंसा में 20 से 25 वर्ष के बीच की उम्र के तीन लोगों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि मृतकों की शिनाख्त मोहल्ला कोट गर्वी निवासी नईम, सरायतरीन निवासी बिलाल और हयातनगर निवासी नोमान के रूप मेंहुई है। मंडल आयुक्त ने कहा कि इस हिंसा, गोलीबारी और पथराव में पुलिस अधीक्षक के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) के पैर मेंगोली लगी है जबकि उप जिलाधिकारी का पैर टूट गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस क्षेत्राधिकारी को भी छर्रे लगे हैंऔर अब स्थिति नियंत्रण मेंहै। आयुक्त ने कहा कि पथराव में शामिल दो महिलाओं को पकड़ा गया है और लगभग 15 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने कहा कि घटनास्थल के पास एकत्रित भीड़ में से कुछ उपद्रवी ● शेष पेज 11 पर

### पथराव करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी : डीजीपी

**लखनऊ।** यूपी के संभल की जामा मस्जिद में सर्वे का विरोध करनेपर हुए बवाल के मामले में शासन ने वहां की पुलिस व प्रशासन से पूरी रिपोर्ट मांगी है। अपर मुख्य सचिव गृह और डीजीपी से घटना की पूरी जानकारी भी ली गई है। उधर, डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि कोर्ट के आदेश पर ही सर्वे कराया जा रहा था। कुछ असामाजिक तत्वों ने साजिश के तहत पथराव किया है। इस समय स्थिति नियंत्रण में है। पथराव करने वालों को चिन्हित किया गया है। इन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। रविवार की सुबह कोर्ट के आदेश पर टीम मस्जिद में सर्वे कर रही थी। इस दौरान ही उपद्रवियों ने सोची समझी साजिश के तहत हमला बोल दिया था। ज्यादा संख्या में ● शेष पेज 11 पर

# संसद सत्र आज से



एजेंसी

नयी दिल्ली। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा है कि संसद सत्र से पहले सभी दलों के नेताओं के साथ सार्थक बातचीत हुई और सरकार हर विषय पर चर्चा कराने के लिए तैयार है लेकिन चर्चा शांतिपूर्ण ढंग से होनी चाहिए ताकि उसका लाभ भी हो।

संसद के सोमवार से शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र से पहले बुलाई गयी इस बैठक में विपक्ष ने उद्योगपति गौतम अडानी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप के साथ ही मणिपुर में हिंसा, उत्तर भारत में प्रदूषण की समस्या और रेल दुर्घटना जैसे मुद्दों पर संसद में सबसे पहले चर्चा कराने की मांग की है। बैठक के बाद श्री रिजिजू ने मीडिया से बातचीत में कहा सर्वदलीय बैठक बहुत अच्छी तरह से हुई। कुल मिलाकर 30 राजनीतिक दलों के 42 नेताओं ने बैठक में हिस्सा लिया। सभी राजनीतिक दलों ने अच्छे सुझाव दिये हैं और चर्चा सार्थक रही। उन्होंने कहा कि कुछ नेताओं ने कुछ मांगे रखी हैं और सरकार ने सभी बिन्दुओं का संज्ञान ले लिया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के नेताओं ने जो सुझाव दिये हैं, उन्हें हम कार्य मंत्रणा समिति, लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति के समक्ष रखेंगे कि किस-किस विषय पर चर्चा होनी है। उन्होंने कहा कि बहुत विषय रखे गये हैं और नेताओं का मानना है कि कुछ विषयों पर चर्चा होनी चाहिए। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि सरकार का मानना है कि लोकसभा और

**हंगामा तय**

❑ विपक्ष संसद में अडानी और मणिपुर का मुद्दा उठायेगा, सरकार हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार

राज्यसभा में विषयों पर अच्छी तरह से चर्चा होनी चाहिए। सरकार हमेशा की तरह किसी भी विषय पर चर्चा करने के लिए तैयार है, अनुरोध केवल इतना है कि सदन अच्छी तरीके से चले। किसी भी विषय पर यदि शांतिपूर्वक चर्चा होगी तो बहुत लाभ मिलेगा। श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार का लक्ष्य सामूहिक जवाबदेही से यह सुनिश्चित करना है कि संसद का शीतकालीन सत्र देश के हर नागरिक के लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आये। उन्होंने उम्मीद जतायी कि संसद सत्र के दौरान प्रभावशाली चर्चा होगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, वक़्फ़ विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट आनी बाकी है और इसे सदन में पेश किया जाना है। यदि जरूरत पड़ती है तो समय बढ़ाने के लिए अनुमति लेनी होगी।ङ्क उन्होंने कहा कि 26 तारीख को संविधान दिवस है और इस दिवस को संविधान भवन में दोनों सदनों के सदस्यों के साथ मनाया जाएगा। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि पार्टी ने सर्वदलीय बैठक में मांग की है कि उद्योगपति गौतम अडानी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप के साथ ही मणिपुर में हिंसा, उत्तर भारत में प्रदूषण की समस्या और रेल दुर्घटना जैसे मुद्दों ● शेष पेज 11 पर

# अब ईवीएम से भी होने लगी बेईमानी नहीं लड़ेंगे उपचुनाव : मायावती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में ईवीएम के जरिए फर्जी वोटिंग का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी पार्टी भविष्य में उपचुनाव नहीं लड़ेगी।

सुश्री मायावती ने रविवार को यहां कहा कि पहले बैलट पेपर के जरिए फर्जी मतदान की सूचनाओं मिलती थी जबकि अब इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के जरिए भी फर्जी मतदान होने लगा है इसलिए उनकी पार्टी ने फैसला लिया है कि भविष्य में किसी भी उपचुनाव में हिस्सा नहीं लेगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी लोकसभा, विधानसभा और निकाय चुनाव में पूरी ताकत से जनता के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगी। उपचुनाव न लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि उपचुनाव में सरकारी मशीनरी पूरी तरह से सत्तारूढ़ दल के प्रभाव में होती है जबकि



आम चुनाव में ऐसा नहीं है क्योंकि सरकारी मशीनरी को लगता है कि यदि विपक्षी दल सत्ता में आएगा तो उनके लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है इसलिए आम चुनाव में सरकारी मशीनरी बेईमानी के पक्ष में ज्यादातर खड़ी नहीं होती। सुश्री मायावती ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी ही इकलौती ऐसी पार्टी है जो दलित और वंचित समाज के पक्ष में हमेशा खड़ी रहती है। 2007 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के बाद कंग्रेस और भाजपा जैसी जातिवादी पार्टियों को लगा कि बसपा ही एक ऐसी पार्टी है जो केंद्र में ● शेष पेज 11 पर

### अडानी पर सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई नई याचिका

नई दिल्ली। उद्योगपति गौतम अडानी के खिलाफ अमेरिका में रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के आरोप में अभियोग चलाने के संबंध में जांच का अनुरोध करते हुए उच्चतम न्यायालय में एक नई याचिका दायर की गई है। याचिका में कहा गया है कि इस कदम से ''समूह द्वारा किए गए कदाचार का खुलासा हुआ है।''

यह याचिका अधिवक्ता विशाल तिवारी द्वारा अडानी-हिंडनबर्ग विवाद में भारतीय कॉरपोरेट दिग्गज द्वारा शेयरों के मूल्य में हेरफ़ेर के आरोपों से संबंधित याचिकाओं के समूह में एक अंतरिम आवेदन के रूप में दायर की गई है। गौतम अडानी पर अमेरिकी अभियोजकों ने सौर ऊर्जा अनुबंधों के लिए अनुकूल शर्तों के बदले भारतीय अधिकारियों को 25 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 2,100 करोड़ रुपये) से अधिक की रिश्वत देने की साजिश का हिस्सा होने का आरोप लगाया है। अडानी समूह ने बृहस्पतिवार को इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा था कि अमेरिकी अभियोजकों के आरोप निराधार हैं और समूह सभी कानूनों का अनुपालन कर रहा है। उच्चतम न्यायालय के समक्ष अपनी याचिका में ● शेष पेज 11 पर

# गौरेया बचाएं देशवासी : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गौरेया को रोज़मर्रा के जीवन में महत्वपूर्ण बताते हुए लोगों से इसकी वापसी के लिए प्रयास करने का आह्वान किया है।

श्री मोदी ने रविवार आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि आप सभी लोगों ने बचपन में गौरेया को अपने घर की छत पर, पेड़ों पर चहकते हुए ज़रूर देखा होगा। उन्होंने कहा, गौरेया को तमिल और मलयालम में कुरुवी, तेलुगु में पिच्चुका और कन्नड़ा में गुब्बी के नाम से जाना जाता है। हर भाषा, संस्कृति में, गौरेया को लेकर किस्से-कहानी सुनाए जाते हैं। हमारे आसपास जैव विविधता को बनाए रखने में गौरेया का एक बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है, लेकिन, आज शहरों में बड़ी मुश्किल से गौरेया दिखती है।ङ्क उन्होंने कहा, बढ़ते शहरीकरण की वजह से गौरेया हमसे दूर चली गई है। आज की पीढ़ी के ऐसे बहुत से बच्चे हैं, जिन्होंने गौरेया को सिर्फ तस्वीरों या वीडियो में देखा है। ऐसे बच्चों के जीवन में इस प्यारी पक्षी की वापसी के लिए कुछ अनोखे प्रयास हो रहे हैं। चेन्नई के कूडुगल ट्रस्ट



ने गौरेया की आबादी बढ़ाने के लिए विद्यालय के बच्चों को अपने अभियान में शामिल किया है। संस्थान के लोग स्कूलों में जाकर बच्चों को बताते हैं कि गौरेया रोज़मर्रा के जीवन में कितनी महत्वपूर्ण है। ये संस्थान बच्चों को गौरेया का घोंसला बनाने की प्रशिक्षण देते है। इसके लिए संस्थान के लोगों ने बच्चों को लकड़ी का एक छोटा-सा घर बनाना सिखाया। इसमें गौरेया के रहने, खाने का इंतजाम किया। ये ऐसे घर होते हैं, जिन्हें किसी भी इमारत की बाहरी दीवार पर या पेड़ पर लगाया जा सकता है। बच्चों ने इस अभियान में उत्साह के साथ हिस्सा लिया और गौरेया के लिए बड़ी संख्या में घोंसला बनाना शुरू कर दिया । पिछले चार वर्षों में संस्था ने गौरेया के लिए ऐसे ● शेष पेज 11 पर

### बच्चे पुस्तकालयों से जुड़ें, नयी तकनीक सीखें, विरासत बचाएं

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बच्चों का पुस्तकालयों से जुड़ कर नवीनता एवं रचनात्मकता की ओर बढ़ने तथा नवीन प्रौद्योगिकी के साथ साथ, हमारी विरासत एवं संस्कृति की खोज कर समाज के सामने लाने का आह्वान किया और कहा, ˜जो देश, जो स्थान, अपने इतिहास को संजोकर रखता है, उसका भविष्य भी सुरक्षित रहता है। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में बच्चों को प्रेरणा देते हुए कहा कि आजकल बच्चों की पढ़ाई को लेकर कई तरह के प्रयोग हो रहे हैं । कोशिश यही है कि हमारे बच्चों में रचनात्मकता और बढ़े, किताबों के लिए उनमें प्रेम और बढ़े - कहते भी हैं 'किताबें' इंसान की सबसे अच्छी दोस्त होती हैं, और अब इस दोस्ती को मजबूत करने के लिए, पुस्तकालय से ज्यादा अच्छी जगह और क्या होगी। उन्होंने कहा, मैं चेन्नई का एक उदाहरण आपसे साझा करना चाहता हूं। यहां बच्चों के लिए एक ऐसी पुस्तकालय तैयार की गई है, जो, रचनात्मकता ● शेष पेज 11 पर

# सोशल मीडिया के जरिये नतीजे प्रभावित करने का प्रयास कर रहे विशेष हित समूह : डीवाई चंद्रचूड़

एजेंसी

नई दिल्ली। पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने रविवार को कहा कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल विशेष हित समूहों द्वारा मामलों के नतीजों को प्रभावित करने के लिए किया जा रहा है और न्यायाधीशों को उनसे सावधान रहने की जरूरत है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यह भी कहा कि आजकल लोग यूट्यूब या किसी अन्य सोशल मीडिया मंच पर देखे गए 20 सेकंड के वीडियो के आधार पर राय बना लेते हैं और कहा कि यह बहुत बड़ा खतरा है।

उन्होंने एक न्यूज चैनाल के एक कार्यक्रम में कहा, ''आज कुछ विशेष हित समूह, दबाव समूह हैं जो अदालतों की राय और मामलों के नतीजों को प्रभावित करने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रत्येक नागरिक को यह समझने का अधिकार है कि किसी निर्णय का आधार क्या है और अदालत के निर्णयों पर अपनी राय व्यक्त करने का



अधिकार है। हालांकि जब यह अदालत के निर्णयों से परे चला जाता है और किसी न्यायाधीश को निशाना बनाता है, तो यह मौलिक प्रश्न उठाता है- क्या यह वास्तव में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है? उन्होंने कहा, ''इसलिए, हर कोई 20 सेकंड में यूट्यूब या किसी भी सोशल मीडिया मंच पर जो कुछ भी देखता है, उस पर अपनी एक राय बनाना चाहता है। यह एक गंभीर खतरा पैदा करता है, क्योंकि अदालतों में निर्णय लेने की प्रक्रिया कहीं अधिक गंभीर है। यह वास्तव में अत्यंत जटिल होता है, जिसे आज सोशल मीडिया पर किसी के पास इसे समझने के लिए ● शेष पेज 11 पर

साढ़े सात वर्ष में अधिकांश चुनावों में मिली है एनडीए को जीत, सीएम योगी बने हैं सूत्रधार

# ...और जीत की गारंटी बन गए हैं योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। योगी आदित्यनाथ यानी जीत की गारंटी का नाम। विकास, रोजगार, सख्त कानून व्यवस्था, समृद्धि की बदौलत उत्तर प्रदेश के प्रति लोगों के मन में धारणा बदलने वाले योगी आदित्यनाथ की स्वीकार्यता अपने प्रदेश के 'मन-मन' के साथ अन्य प्रदेशों के 'जन-जन' में बढ़ गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव, उपचुनाव, विधान परिषद उपचुनाव, नगर निकाय चुनावों में भाजपा व एनडीए को जीत दिलाई तो अन्य राज्यों में भी भाजपा कार्यकर्ता के रूप में खूब पसीना बहाया। लिहाजा पीएम मोदी के नेतृत्व में कई राज्यों में भाजपा सरकार बनी। इसमें योगी आदित्यनाथ ने भी काफी मेहनत की। कुंदरकी व कटेहरी में भी कमल खिलाकर भाजपा ने नेतृत्व को विश्वास दिला दिया कि यूपी को योगी का ही साथ पसंद है, लिहाजा जन-जन ने योगी आदित्यनाथ को जीत की गारंटी मान लिया

❑ उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव-2024 में 9 में से 6 पर कमल व एक पर एनडीए गठबंधन (रालोद) ने दर्ज की जीत

❑ स्वार टांडा, गोला गोकर्णनाथ, ददरौल, लखनऊ पूर्वी, छानबे, रामपुर समेत कई सीटों पर योगी के नेतृत्व में एनडीए प्रत्याशियों ने दर्ज की है जीत

❑ यूपी निकाय चुनावों में भी योगी का चला जादू, 2023 में 17 में से 17 नगर निगम पर खिला कमल

❑ विधान परिषद उपचुनाव में भी योगी ने संभाली थी कमान, पद्मसेन चौधरी, मानवेंद्र सिंह व बहोरन लाल मौर्य पहुंचे सदन

है। योगी की रणनीति व संवाद का ही असर रहा कि इस बार निकाय चुनाव में भी भाजपा ने क्लीन स्वीप किया। इस बार यूपी की सभी 17 की 17 नगर निगमों में भारतीय जनता पार्टी के महापौर निर्वाचित



हुए हैं, जबकि पिछली बार 2017 में यह आंकड़ा 16 में से 14 का था। पिछली बार यूपी में भाजपा के 596 पार्षद जीते थे, जबकि इस बार यह आंकड़ा बढ़कर 813 हो गया। शहरों में भाजपा की यह जीत योगी के विकास परक नीति पर आमजन की मुहर है। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद पर 2017 में भाजपा को 60 सीटों पर जीत मिली थी। 199 सीटों में से यह आंकड़ा इस बार बढ़कर 88 पहुंच गया। पालिका परिषद सदस्यों में पिछली बार भाजपा को 923 सीट मिली थी, 2023 में यह बढ़कर 1353 हो गई। नगर पंचायतों में भी 191 सीटों में अध्यक्ष पद पर भाजपा के प्रतिनिधि काबिज हुए। 2017 में यह आंकड़ा 100 का था। योगी के नेतृत्व में 2023 में 91 सीटें और बढ़कर भाजपा की झोली में आई, वोट प्रतिशत में भी खूब इजाफा हुआ। भाजपा के नगर पंचायत सदस्यों की संख्या भी 664 से बढ़कर 1403 हो गई। वहीं नगर निगम, पंचायत व पालिका में भी सपा की साइकिल पंचर हो गई तो बसपा का हाथी भी गिर गया। निकाय चुनाव में भी सपा-बसपा का ग्राफ जबर्दस्त गिरा।

लक्ष्मण आचार्य के महामहिम राज्यपाल व बनवारी लाल दोहरे के निधन के कारण मई में विधान परिषद की दो सीटों पर उपचुनाव हुए। 403 में से 396 वोट पड़े थे, जबकि एक अवैध हो गया। सीएम योगी की कुशल रणनीति से अखिलेश की कुटिल चाल यहां भी धरी की धरी रह गई। भाजपा प्रत्याशी मानवेंद्र सिंह 280 व पद्मसेन चौधरी 279 मत पाकर परिषद पहुंचे, जबकि सपा के रामकरण निर्मल को मज 116 व रामजतन राजभर को 115 वोट से ही संतोष करना पड़ा था। जुलाई में हुए विधान परिषद उपचुनाव में भी सरकार के मुखिया के तौर पर सीएम योगी के नेतृत्व में बहोरन लाल मौर्य निर्विरोध सदन पहुंचे। पीएम मोदी के नेतृत्व में महाराष्ट्र में भी महायुति गठबंधन ● शेष पेज 11 पर

# मकर संक्रांति मेले में श्रद्धालुओं को मिले बेहतर सुविधा और व्यवस्था: योगी

एजेंसी



गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में मकर संक्रान्ति मेले के तैयारियों के सम्बन्ध में रविवार को आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि मकर संक्रान्ति मेले की सभी तैयारी 15 दिसम्बर तक पूरी कर ली जाये जिससे मेले में आने वालेश्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा एवं व्यवस्था उपलब्ध हो।

मुख्यमंत्री यहां कहा कि नव वर्ष के पहले दिन से ही गोरखनाथ मंदिर में भारीसंख्या में लोग आने लगते है इसके दृष्टिगत भीड़ को नियंत्रित करने तथा जाम आदि न लगने पाये इसकेलिये लिए पुलिस प्रशासन पूरी व्यवस्था करने के साथ सुनिश्चित करें कि वाहन पार्किंग स्थल में खड़े होंएवाहन स्टैण्ड पर प्रकाशए सुरक्षाए अलावए सीसीटीवी कैमरा एवं साफ सफाई की व्यवस्था हो।उन्होंने कहा कि मकर संक्रान्ति मेले में बड़ी संख्या में नेपाल एवं बिहार से भी लोग खिचड़ी चढ़ाने आते है इसलिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध हो। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि कुम्भ मेला प्रयागराज में जाते और वापसी में भी बडी संख्या में श्रद्धालु मंकर संक्रान्ति मेले में आ सकते हैं इसके दृष्टिगत रखते हुये भी पूरी तैयारियो को किया जाये।

उन्होंने निर्देश दिया है कि मेले में पर्याप्त संख्या महिला पुलिस की भी व्यवस्था हो। पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था रहे। उन्होंने निर्देश दिया है कि मेले में नगरनिगम सफाई की अच्छी व्यवस्था रखे। नगर निगम मेला क्षेत्र में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करायें और पर्याप्त संख्या में अलाव जलवायें।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि गोरखपुर विकास प्राधिकरण तथा पीडब्ल्यूडी एवं नगर निगम सड़कों को ठीक करायें। टेलीफोन विभाग मेला के दौरान टेलीफोन के अस्थायी कनेक्शन उपलब्ध करायें। बिजलीविभाग मोहल्लो के ढीले तारों को ठीक करायें। मेले में विद्युत सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाये। कही भी खुले में तार आदि न रहे। मेले का व्यापक प्रचार प्रसार करने के साथ मेले में आये लोगों को गोरखपुर के विकास के बारे में भी जानकारी देने के लिये प्रदर्शनी लगाई जाये। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि स्वास्थ्य विभाग मेला के दौरान कैम्प लगाये। उन्होंने रेलवे विभाग को निर्देश दिया है कि पूर्व की भांति स्पेशल ट्रेन चलवायें। आकाशवाणी एवं दूरदर्शन मेले का लाइव प्रसारण करेंगे। उन्होंने निर्देश दिया है कि मेले के दौरान परिवहन विभाग बसों की पर्याप्त संख्या में व्यवस्था करें।

बैठक में महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा, एडीजी डा के एस प्रताप, डीआईजीआनन्द कुलकर्णी, जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मानव वन्य जीव संघर्ष को रोकने के लिए कार्ययोजना बनाकर भेजें शासन को रिपोर्ट: डिप्टी सीएम

एजेंसी




लखीमपुर खीरी। रविवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य राजकीय हेलीकॉप्टर से जनपद खीरी पहुंचे, जहां डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, प्रभारी एसपी नेपाल सिंह, सीडीओ अभिषेक कुमार एवं जनप्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ देकर उनके जनपद आगमन पर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके बाद उन्होंने गारद की सलामी ली। कलेक्ट्रेट पहुंचकर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में जनपदीय अधिकारियों के साथ प्रशासनिक बैठक लेकर केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की और संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा की क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, योगेश वर्मा, मंजू त्यागी, सौरभ सिंह सोनू, अमन गिरी, शशांक वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार, प्रभारी एसपी नेपाल सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी गण मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने डीएफओ संजय विश्वाल को निर्देश दिए कि मानव वन्य जीव संघर्ष को रोकने हेतु कार्ययोजना बनाकर शासन को भेजें। साथ ही जागरूकता अभियान चलाकर तैयार एक्शन प्लान पर काम किया जाए। उन्होंने बैठक की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10 हजार से अधिक आबादी वाले क्षेत्र में नगर निकाय गठन के प्रस्ताव को जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में तैयार करवाकर शासन भिजवाए। सरकार अदा करेगी किसानों के नलकूप कनेक्शन के बिल : डिप्टी सीएम डिप्टी सीएम ने कहा कि किसानों के नलकूप कनेक्शन के बिल को सरकार अदा करेगी। इसके लिए सरकार द्वारा बजट प्रोविजन किया गया है। इसका व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करने की बात कही। निर्देश दिए कि नलकूप के बिजली बिल माफ कराने हेतु कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विभागीय अफसर से नलकूप कनेक्शन की अद्यतन स्थिति भी जानी। सरकार आमजनमानस को विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। निर्देश दिए कि प्रत्येक सब स्टेशन के अलग-अलग गांव के 10-10 घरों के विद्युत बिल को क्रॉस चेक करवाए। सुनिश्चित कराए कि उपभोक्ताओ का शोषण ना हो।

## संभल की जामा मस्जिद मामले में बरेली के मौलाना ने लोगों से की शांति बनाए रखने की अपील



एजेंसी

बरेली। संभल की जामा मस्जिद पर चल रहे विवाद और हिंसा के बीच बरेली के ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रज़वी बरेलवी ने मुस्लिम समुदाय से अमन और शांति बनाए रखने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि कोई भी मुद्दा हिंसा से नहीं सुलझता। इस्लाम हमेशा शांति और संयम का संदेश देता है। मौलाना ने कहा संभल की जामा मस्जिद एक ऐतिहासिक मस्जिद है, इसे कानूनी लड़ाई के जरिए बचाया जाएगा। तोड़फोड़ या पथराव करने से हालात बिगड़ेंगे। मुसलमानों को पैगंबर इस्लाम की शिक्षा पर चलते हुए संयम दिखाना चाहिए। सभी पक्षों से शांति और कानून का पालन करने की अपील की। मौलाना रज़वी ने विश्वास जताया कि अदालत में मजबूती से केस लड़ा जाएगा और न्याय की जीत होगी। यह मसला भावनाओं का नहीं बल्कि कानूनी है। हम अपनी दलीलें और साक्ष्य कोर्ट में पेश करेंगे। उन्होंने मुसलमानों से अपील करते हुए कहा कि प्रशासन और पुलिस के साथ सहयोग करें। पत्थरबाजी और हिंसा से केवल नुकसान होगा। बरेली से जारी इस अपील के बाद उम्मीद की जा रही है कि संभल समेत पूरे क्षेत्र में हालात धीरे-धीरे सामान्य होंगे।

## सपा का पीडीए फार्मूला फ़ेल, मुस्लिम बाहुल्य विधानसभा कुंदरकी में चली भगवा लहर

एजेंसी




मुरादाबाद। बीते लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक (पीडीए) फार्मूले ने अपना रंग दिखाया। मगर उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में सपा का पीडीए फार्मूला फ़ेल हो गया।

मुरादाबाद जनपद की मुस्लिम बाहुल्य सीट कुंदरकी विधानसभा में 31 साल बाद प्रचंड जीत के साथ कमल खिलना यह साबित करता हैं कि यहां के मुस्लिम मतदाताओं ने पीडीए को दरकिनार करके मोदी-योगी शासन को पसंद किया और भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह ठाकुर को दिल खोलकर वोट दिया।

चुनावी विश्लेषकों का कहना हैं कि कुंदरकी के चुनाव परिणाम ने पूरे देश को संदेश दे दिया हैं कि मुस्लिम वोट किसी के हाथों की कठपुतली नहीं है।

वो जिसे चाहे उसे जिताएगा। कुंदरकी विधानसभा उप निर्वाचन में भाजपा के उम्मीदवार रामवीर सिंह ने दो बार लगातार कुंदरकी से विधायक रहे सपा के प्रत्याशी मोहम्मद रिजवान को 144742 वोटों से करारी शिकस्त दी। भाजपा को 170303 वोट जबकि रिजवान को 25,561 वोट मिले। कुंदरकी में कई मायनों में ऐतिहासिक है। कुंदरकी विधानसभा में मुस्लिम-हिंदू मतदाताओं का 65:35 है। ऐसे में यहां से भाजपा का कमल खिलना आसान नहीं था। तीन दशक के बाद मुस्लिम मतदाताओं के समर्थन के कारण भाजपा की असम्भव जीत संभव हुई।

जहां रामवीर सिंह ठाकुर के लिए एक अहम राजनीतिक मील का पत्थर साबित होगी वहीं भाजपा भी इस हिंदू-मुस्लिम गठजोड़ फार्मूले को अन्य चुनावों में अजमाकर देखेगी। चुनावी विश्लेषक वरिष्ठ पत्रकार श्याम खन्ना ने कहा कि मुस्लिम वोटों को कठपुतली मानकर इस्तेमाल किया जाता था। इसको कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव ने खारिज कर दिया। यहां के मुस्लिम मतदाताओं ने चुनाव परिणाम से पूरे देश को संदेश दे दिया वह जिसे चाहे उसे जिताएगा। शिक्षाविद् डा. एके सिंह ने कहा कि कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की जीत के पीछे सबसे बड़ा कारण यह भी हो सकता हैं कि यहां हुई चुनावी जनसभाओं में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक आदि की कई नेताओं व मंत्रियों की जनसभाएं हुई। किसी ने भी बटोगे तो कटोगे, राम मंदिर, काशी-मथुरा विवाद, एनआरसी, जनसंख्या नियंत्रण कानून, तीन तलाक जैसे मुस्लिम नाराजगी के मुद्दों का कोई जिक्र नहीं किया। इससे चुनाव के प्रारंभ से मुस्लिम मतदाताओं की पंसद बने भाजपा उम्मीदवार ईवीएम का बटन दबाने तक पसंद बने रहे।

### ककरम शिव मंदिर पर भक्तों ने बनाए 11501 पार्थिव शिवलिंग




**करछना प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** द्वादश ज्योतिर्लिंगों को समर्पित जन कल्याण हेतु 12 करोड़ पार्थिव शिवलिंगों के निर्माण के तहत करछना में बने केंद्रो पर भक्त लोगों की ओर से पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जा रहा है। केंद्र ककरम गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर विद्याकांत मिश्र के संयोजकत्व में भक्तों की ओर से रविवार को 11501 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया। सायं कालीन में आचार्य की मौजूदगी में रुद्राभिषेक के सहित पार्थिव शिवलिंग का भव्य आरती भी की गई। इस मौके पर कमला शंकर मिश्र,राजेश मिश्र , आयुष मिश्र, शिवम पाण्डेय, ऋषभ मिश्र,आकाश मिश्र, शिवम केसरवानी सहित महिलाएं लोग भी शामिल रही।

### प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर वित्तविहीन शिक्षक लखनऊ चलें- ननकेश बाबू

**प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (वित्तविहीन गुट) की प्रदेश इकाई के आह्वान पर माध्यमिक विद्यालयों के वित्तविहीन शिक्षकों एवं कर्मचारियों की चिर प्रतीक्षित मागों जिनमें सम्मानजनक मानदेय, सेवा नियमावली, मान्यता की पुरानी शर्तों एवं हाई स्कूल के साथ इंटर मीडिएट की मान्यता को प्रदान करने की शर्तों को पूर्ववत रखने आदि मांगों को लेकर इको गार्डे न लखनऊ में 27 नवंबर को प्रात: 10 बजे दिन में विशाल धरना दिया जाएगा। धरने में सरकार पर इस बात के लिए दबाव डाला जाएगा कि समान कार्य का समान वेतन देने का वादा करने वाली वर्तमान सरकार ने वित्तविहीन विद्यालय के शिक्षकों को भुखमरी के कगार पर पहुंचा दिया है। जहां एक तरफ सबका साथ सबका विकास करने का ढिढ़ौरा पीट रही है वहीं वित्तविहीन शिक्षक एवं कर्मचारी अपने बेटे-बेटियों की शादी तथा शिक्षा देने को आर्थिक रूप से अपंग हो चुका है तथा सरकार के कान में जू नहीं हिल रही है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिक्षक विधायक नेता विरोधी दल विधान परिषद लाल बिहारी यादव ने सदन में कई बार इस मुद्दे को सरकार के सामने रखकर गुहार लगाई है परंतु सरकार के अड़ियल रवैये के कारण शिक्षकों को सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ा है। आगामी 27 नवंबर को लखनऊ में विशाल धरना कर शिक्षक सरकार पर दबाव डालकर अपनी मांगों को मनवाने हेतु मांग पत्र देकर प्रदर्शन करेगा। यदि मांगे नहीं मानी गई तो आगामी 2027 के चुनाव में एक तरफा विरोध करेगा जिसकी जिम्मेदारी वर्तमान सरकार की होगी। संघ की जिला इकाई प्रयागराज की की एक आवश्यक बैठक राम नारायण लाल इंटरमीडिएट कॉलेज करछना में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष प्रयागराज ननकेश बाबू ने की। सभी ने इस बात का संकल्प लिया कि जब तक हमारी मांगों पर विचार नहीं किया जाता तब तक हम सरकार के कार्य में सहयोग नहीं करेंगे तथा विरोध करते रहेंगे। जनपद के समस्त वित्त विहीन शिक्षकों एवं कर्मचारी गण से अपील की गई कि समस्त ब्लॉक, तहसील अध्यक्षों की को अपना नाम दर्ज कराकर अपने जीवन एवं भविष्य हित में अधिक से अधिक मात्रा में मात्रा में पहुंचकर धरने को सफल बनायें। बैठक में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष अभय राज सिंह, उपाध्यक्ष नवीन शुक्ला, फूलचंद कनौजिया, सीता शरण सिंह, बालेंद्र गौतम, भुवाई लाल यादव, प्रेमचंद यादव, अमर बहादुर सिंह, बुधराम यादव, शिव मूरत पटेल, अवधेश श्रीवास्तव, अमित सिंह, अमरचंद गुप्ता, शिव मोहन पटेल, अरविंद यादव, राजेश पटेल, वीरेंद्र कुशवाहा, कमल चंद्र, दान बहादुर, सुरेंद्र सिंह, महेंद्र द्विवेदी, ज्ञानेंद्र कुशवाहा, चंद्र प्रकाश मिश्रा सहित पदाधिकारी एवं शिक्षकों ने प्रदेश नेतृत्व द्वारा लिए गए निर्णय के क्रम में भारी संख्या में लखनऊ पहुंचने का अनुरोध किया है। उक्त आशय की जानकारी संघ के मीडिया प्रभारी रमेश कुमार ने जारी विज्ञप्ति में में दी है।

### विद्युत लाइन मिंटिनेंस करछना एवं बरांव सब स्टेशन? से 25 से 30 नवंबर तक रोस्टिंग में बदलाव



**करछना प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विद्युत सब स्टेशन करछना एवं बरांव में सप्लाई को लेकर आने वाली दिक्कतों को दूर करने के लिए विद्युत विभाग द्वारा 33 हजार लाइन को दुरुस्त करने के लिए विद्युत विभाग के कर्मचारी एवं ठेकेदारों द्वारा तार एवं जर्जर पोल बदलने का कार्य किया जाना अति आवश्यक है जिससे उपभोक्ताओं को सही एवं सुचार ढंग से बिजली की आपूर्ति की जा सके जिसको लेकर 25 नवंबर से 30 नवंबर तक आपूर्ति में रोस्टिंग का कार्य चालू किया जाएगा जिसमें उपभोक्ता अपने समय के अनुसार सुबह 10:00 बजे से साइन कल 5 बजे तक की रोस्टिंग विभाग द्वारा की जाएगी इस आशय की जानकारी अवर अभियंता करछना द्वारा उपभोक्ताओं को दी जाती है कि वह अपने जरूरी कार्य समय पर निस्तारण कर लें जिससे उन्हें दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर वृद्ध का मिला शव ,पीएम को भेजा

**करछना प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जारी चौकी अंतर्गत सड़वा गांव के समीप वृद्ध का शव ग्रामीणों ने देखा।जानकारी पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने बताया की शव डंगवा गॉव के अमरनाथ कुशवाहा पुत्र बाबूलाल का है। सूचना पर पुलिस व परिजन भी पहुंच गए। मृतक के छोटे बेटे अजय कुमार कुशवाहा ने बताया कि शनिवार को शाम साइकिल से बेलसारा मामा के यहां जाने को कह कर निकले थे। वहीं कुछ लोगों ने बताया कि पास में स्थित देशी शराब की दुकान पर रात 8 बजे शराब पीते देखे गए थे। साइकिल घटनास्थल पर नहीं मिली ।

### उपचुनाव में जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी दीपक को बधाई

**प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** फूलपुर विधानसभा के उपचुनाव के परिणाम आने के बाद भाजपा के कार्यकर्ताओं एक बैठक जारी में भाजपा नेता अंबुज त्रिपाठी अध्यक्षता में हुई। इस मौके जुटे दर्जनो समर्थकों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई।इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल को जीत की बधाई दी।इस मौके वरिष्ठ भाजपा नेता रामानंद त्रिपाठी,दिनेश तिवारी,विनोद त्रिपाठी,निर्मल पाण्डेय,भाईलाल ,हरप्रसाद पाठक आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की दिशा को बढ़ावा देगा भारतीयता का सिनेमा

**वाराणसी।** काशी-प्रयाग चित्र साधना की ओर से रविवार को विश्व संवाद केंद्र के माधव सभागार में आयोजित 'एक दिवसीय फ़िल्म मेकिंग एवं सिनेमेटिक लैंग्वेज' कार्यशाला में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। बनारस यूथ थियेटर, रंग प्रयोग नाट्य संस्थानम के सहयोग से कार्यशाला में वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. उपेन्द्र विनायक सहस्त्रबुद्धे ने फ़िल्म संचार का महत्वपूर्व साधन बताया। कार्यशाला में हमारे सिनेमा से समाज एवं राष्ट्र की प्रगति में हमने कुछ योगदान किया है ? क्या हमने अपनी संस्कृति-संस्कारों को भारतीय की दृष्टि से दिखाया है। इन सभी मुद्दों पर विमर्श हुआ। फ़िल्म अभिनय प्रशिक्षक अमित कुमार श्रीवास्तव ने युवाओं को प्रशिक्षण दिया। इसके पहले काशी प्रयाग चित्र साधना के सचिव वसु पाठक, उपाध्यक्ष मुरार जी त्रिपाठी, बतौर मुख्य अतिथि प्रमोद पाठक ने इसका उद्घाटन किया।

## ग्वालियर घराने पर आधारित दो दिवसीय शास्त्रीय संगीत कार्यशाला का हुआ समापन

- संगीत कमल संस्थान की कार्यशाला में गूंजीं ग्वालियर घराने की बंदिशें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । राजधानी के युवा संगीत कलाकारों की प्रतिभा को निखारने में संलग्न संगीत कमल संस्थान द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीतापुर रोड स्थित सुषमा विहार कालोनी में स्थित संस्थान मुख्यालय परिसर में आयोजित इस संगीतमय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित संस्कार भारती, काशी प्रांत के अध्यक्ष दीपक शर्मा और पंडित जयंत खोत ने माता सरस्वती के पूजन उपरांत दीपज्योति प्रज्ज्वलित करके शुभारंभ किया। कार्यक्रम के आरंभ में संगीत कमल संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना की शास्त्रीय प्रस्तुति दी गयी। इस दो दिवसीय संगीत कार्यशाला के पहले दिन ग्वालियर घराने के विद्वान कलाकार एवं उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष पंडित जयंत खोत जी द्वारा राग भोपाली में तराना, अष्टपदी तथा राग यमन में टप ख्याल व द्रुत ख्याल का प्रशिक्षण प्रतिभागी छात्रों को दिया गया। कार्यशाला के दूसरे दिन मुख्य अतिथि वरिष्ठ वाइलिन वादक पंडित अशोक गोस्वामी व भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के तालवाद्य विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्रा एवं पवन तिवारी मौजूद रहे । पंडित जयंत खोत जी द्वारा राग खमाज में विलंबित एवं द्रुत लय में टप्पों का विशेष कर प्रशिक्षण दिया गया। संगीत कमल संस्थान के अध्यक्ष राहुल अवस्थी ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यशाला में सम्मिलित प्रतिभागियों को ग्वालियर घराने की बंदिशें ख्याल, टपख्याल, टप्पा एवं अष्टपदी गायन का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य संगीत छात्रों को विशेष प्रशिक्षण देकर उनकी गायन और संगीत क्षमता को उच्च स्तर प्रदान करना बताया गया। कार्यक्रम में एसपी बबिता साहू, डॉ. बीजू भगवती, आशीष तिवारी, हर्षित मिश्रा एवं संस्थान की उपाध्यक्ष श्रीमती दीप्ति अवस्थी मौजूद रहीं। कार्यशाला में हारमोनियम पर श्रवण यादव, तबला पर डा. हर्षित मिश्रा ने सफल संगत करके सभी अतिथियों को प्रभावित किया। कार्यशाला में संस्थान के विद्यार्थी अभिषेक त्रिपाठी, राहुल चौधरी, हर्षित मिश्रा, नेहा रावत व अक्षय अवस्थी, अनिल कुमार तिवारी आदि ने भाग लिया।

## कैंप में एनसीसी दिवस पर पढ़ाया गया एकता और अनुशासन का पाठ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



करछना प्रयागराज। के पीड़ी महाविद्यालय पीड़ी में 16 यूपी बटालियन प्रयागराज की ओर से चल रहे दस दिवसीय कैंप के सातवें दिन रविवार को प्रशिक्षकों की ओर से एनसीसी के कैंडेट्स को एकता और अनुशासन का पाठ पढ़ाया गया। प्रशिक्षकों की ओर से बताया गया कि जैसा कि हम सभी को विदित है कि एनसीसी का आदर्श वाक्य है । आज वही पीड़ी महाविद्यालय पीड़ी में जज्बा देखने को मिला। जहां एनसीसी दिवस पर 535 का कैडेट्स ने अलग-अलग गतिविधियों में जैसे पेंटिंग ,काव्य पाठ ,भाषण ,देशभक्ति गीत में भाग ले कर अपनी कला का प्रदर्शन किया । तो दूसरी ओर कैंपस की साफ - सफाई कर देश और समाज को साफ रखने का संदेश भी दिया है। एनसीसी दिवस पर कैंप के दौरान कैडेट्स को एक बेहतर नागरिक बनने के लिए कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल निशांत बरियार ने प्रेरित किया । बेहतर प्रदर्शन करने पर उन्होंने कैंडेट्स का हौसला बढ़ाते हुए उनकी सराहना की । कैंप के सातवें दिवस पर एनसीसी दिवस मना कर उसके महत्व को और बढ़ाया गया । कैंप की उपयोगिता पर सूबेदार मेजर ,अजय कुमार ने भी प्रकाश डाला । पीड़ी महाविद्यालय पीड़ी के प्रबंधक नवीन कुमार शुक्ल व प्रबंध निदेशक अनुराग कुमार शुक्ल मोनू की ओर से एनसीसी दिवस पर सभी को बधाई दी गई । और कैंप में शिरकत किए सभी लोगों के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर सूबेदार राम बहादुर खरका, नायब सूबेदार सतीश कुमार, सी एच एम अवधेश कुमार , अनुराधा कुमारी आदि लोग शामिल हैं।

## लखनऊ जा रहे सपा के 22 पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सीतापुर में पुलिस ने रोका

एजेंसी




मुरादाबाद। मुरादाबाद की कुंदरकी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की करारी हार के बाद सपा उम्मीदवार के साथ लखनऊ जा रहे सपा के 22 पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रविवार जनपद सीतापुर नगर सीमा में रोक लिया। यह सभी कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव में सत्ताधारी पार्टी द्वारा की गई धांधली की शिकायत सपा प्रमुख अखिलेश यादव से करने लखनऊ जा रहे थे। समाजवादी पार्टी मुरादाबाद के जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा कि सपा प्रत्याशी हाजी रिजवान के साथ कुंदरकी विधानसभा के 22 कार्यकर्ता शनिवार की रात्रि अखिलेश यादव से मिलने लखनऊ जा रहे थे। इन कार्यकर्ताओं में 19 लोगों को उपचुनाव में वोट डालने से रोक दिया गया था। यही बात बताने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के पास जा रहे थे। सीतापुर पहुंचते सपा कार्यकर्ताओं को रोक लिया गया। सीतापुर में पुलिस ने कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता भी की। मिली जानकारी के अनुसार सीतापुर पुलिस ने सभी 22 सपाईयों को पकड़कर थाने ले गई और उनके काफिले में शामिल चार वाहनों को सीज व कुछ वाहनों का चालान भी कर दिया। इस दौरान मुरादाबाद के समाजवादी पार्टी के स्थानीय जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सीतापुर के जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों को मामले की सूचना दी। उन्होंने सीतापुर प्रशासन से बात करके सभी को छुड़वाया।

## धूमधाम से मना बुंदेलखंड सांस्कृतिक एवं सामाजिक सहयोग परिषद का 38 वां स्थापना दिवस समारोह

- राजधानी में बुंदेलखंड भवन के लिए सरकार से भूमि उपलब्ध कराने की कि गई मांग
- लोगों ने वीरांगना रानी झांसी को याद किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बुन्देलखण्ड सांस्कृतिक एवं सामाजिक सहयोग परिषद, लखनऊ के तत्वाधान में परिषद का 38 वां स्थापना दिवस समारोह रविवार को एफिल क्लब एल्डिको ग्रीन कॉलोनी गोमती नगर में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रमक की शुरुआत मुख्य अतिथि विधानपरिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, परिषद के अध्यक्ष महेंद्र कुमार तिवारी, परिषद के महासचिव इंजी . कैलाश जैन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुई। सरस्वती वंदना सुधा गुप्ता, अनीता जैन, रजनी विश्वकर्मा प्रीति सिंह ने किया। बुंदेली गीत कीर्ति जैन, श्रद्धा लिटोरिया, आशा तिवारी आदि ने प्रस्तुत किए। विशिष्ट अतिथि गौरी शंकर वर्मा विधायक उरई, जवाहरलाल राजपूत विधायक गरौठा झांसी, विशिष्ट अतिथि रविंद्र कुमार द्विवेदी निदेशक पेंशन, शिव शंकर अवस्थी, शिवगोपाल सिंह संयुक्त सचिव कारागार, देवेंद्र प्रताप सिंह उप जिला अधिकारी, बद्री विशाल तिवारी, बनारसी प्रसाद मौजूद रहे। इस अवसर पर कवि डॉ शिवमंगल सिंह, शिखा गर्ग, डॉ अरुण नागर, सरला शर्मा, डॉ मानसी द्विवेदी, हरि प्रसाद हरि ,संतोष पटेरिया कवियों द्वारा काव्य पाठ किया गया और सभी ने वीरांगना रानी झांसी को भी याद किया। परिषद के महासचिव इंजी . कैलाश जैन द्वारा संस्था के कार्यकलापों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभी अथितियों ने बुंदेलखंड से संबंधित विकास की चर्चा की और सरकार से आग्रह किया कि बुंदेलखंड में विकास की गति को तेज करना चाहिए और बुंदेलखंड के विकास में अपना योगदान जारी रखना चाहिए। राजधानी में बुंदेलखंड भवन के लिए सरकार से भूमि उपलब्ध कराने के लिए मांग की,कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र अग्निहोत्री ने किया, अंत में धन्यवाद प्रस्ताव महेंद्र भीष्म वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वारा किया गया। इस अवसर पर बुंदेलखंड सहयोग परिषद के महेंद्र भीष्म, सुरेंद्र अग्निहोत्री,डॉ जितेंद्र तिवारी, वी के लिटोरिया, आलोक जैन, केपी प्रजापति,शिवमंगल सिंह, गणेश शंकर गुप्त, योगेश कुमार सिंह चौहान, रजनी विश्वकर्मा , बी एस बुंदेला आदि उपस्थित रहे।

# महर्षि विद्या मंदिर में विशेष रहा चालीसवां वार्षिकोत्सव, वार्षिक पत्रिका का हुआ लोकार्पण

**अरुणोदय में दिखी नए भारत की झलक**

कैनविज टाइम्स संवाददाता





लखनऊ। श्रीमद् रामायणम एवं राजस्थानी लोकनृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुगध कर दिया। नये भारत की उड़ान, भारत की शान सहित पक्षियो के संरक्षण पर आधारित नृत्यनाटिका को दर्शकों की खूब सराहना मिली। अवसर था, सीतापुर रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर के चालीसवे वार्षिकोत्सव का वैदिक परम्परानुसार गुरुपूजन के उपरान्त महर्षि संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमान अजय प्रकाश श्रीवास्तव एवं विद्यालय प्रबंधक अनूप श्रीवास्तव तथा प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम सिंह ने दीप प्रज्वलित करके वार्षिकोत्सव का औपचारिक शुभारम्भ किया। प्रबंधक अनूप श्रीवास्तव ने गणमान्य अतिथियो का औपचारिक परिचय कराते हुए सभी का स्वागत किया। डा. रीता बहुगुणा जोशी की गरिमामयी उपस्थिति मे वार्षिकोत्सव की सांस्कृतिक प्रस्तुतियो मे नये भारत की झलक दिखाई दी। महर्षि संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय प्रकाश श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों से कहा कि विश्व गुरु निर्देशित मार्ग पर चलते हुए आप भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अध्यक्ष जी ने विद्यालय की उतरोतर प्रगति की सराहना करते हुए सभी को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य नीलम सिंह ने वर्ष पर्यंत संचालित गतिविधियो मे विद्यार्थियों की उपलब्धियो पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सन 2024 की बोर्ड परीक्षा मे प्रदर्शन के लिए मेधावियों को पुरस्कृत भी किया गया। साथ ही विद्यालय की वार्षिक पत्रिका चेतना का लोकार्पण भी किया अतिविशिष्ट चालीसवें वार्षिकोत्सव के अवसर पर हज़ारों की संख्या मे अभिभावक, छात्र एवं छात्राएं तथा भारी संख्या में पत्रकार बंधु भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# पराक्रमशीलता व युद्धकला में प्रवीण थीं अहिल्याबाई होलकर: आलोक कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह आलोक कुमार ने रविवार को सीएमएस विद्यालय गोमतीनगर में दीप प्रज्ज्वलित कर लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी समारोह का उदघाटन किया। इस अवसर पर सह सरकार्यवाह आलोक कुमार,लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के वंशज उदय राजे होलकर व डा. माला ठाकुर ने अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर लगी प्रदर्शनी का भी उदघाटन किया।कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह आलोक कुमार ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन सबके लिए प्रेरणादायी है। उनका पराक्रम अद्‌भुत था। वह कुशल रणनीतिकार, पराक्रमशीलता व युद्ध कला में प्रवीण थीं।सह सरकार्यवाह ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर सती प्रथा की विरोधी थीं। वह त्याग की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने साड़ी का उद्योग महेश्वर में शुरू कराया। युद्ध में जो सैनिक बलिदान हो जाते थे, उनकी विधवा महिलाओं के लिए रोजगार का सृजन किया। उन्होंने सिंचाई के संसाधन विकसित किया और उपज बढ़ाने के लिए काम किया। अहिल्याबाई होल्कर ने राजस्थान से पत्थर काटकर मंदिर बनाने वालों को लाकर बसाया और उनको भूमि दी। उनका चरित्र विशिष्ट था और दूरदर्शी सोच वाली महिला थीं। उस समय युद्ध के दौरान बलिदान हो जाने वाले सैनिक के आश्रितों को एक मुफ्त राशि देने और पेंशन की योजना शुरू की पेंशन देने की योजना शुरू की। आलोक कुमार ने कहा कि जिस समय पश्चिम सोच भी नहीं सकता था, उस समय भारत में अहिल्याबाई लक्ष्मीबाई और दुर्गावती जैसी महान वीरांगनाएं थीं। सामाजिक समरसता का श्रेष्ठ उदाहरण अहिल्याबाई होल्कर का जीवनलोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी समारोह समिति की राष्ट्रीय सचिव डॉ. माला ठाकुर ने कहा कि आज जब समाज को कुछ लोग जाति, भाषा और क्षेत्र के आधार पर बांटने का काम कर रहे हैं, वहीं उस कालखंड में लोकमाता अहिल्याबाई न सिर्फ समाज की दशा और दिशा निर्धारण का काम कर रही थीं बल्कि वह सामाजिक समर्थन का उदाहरण भी प्रस्तुत कर रही थी। लोकमाता जब भोजन करती थीं तो वह समाज के सभी वर्ग के लोगों के साथ बैठकर एक साथ एक पंक्ति में भोजन करती थीं। उनके समय किसी के साथ कभी जाति के आधार पर भेदभाव नहीं हुआ।

# केटी में पशुधनमंत्री ने अस्थाई गौ आश्रय केंद्रो का किया निरीक्षण, लगाई फटकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**गौ आश्रय केंद्र का स्टॉक रजिस्टर नही उपलब्ध करा पाई सचिव अनामिका सिंह**

बीकेटी विकासखंड अंर्तगत निराश्रित गौ आश्रय केंद्र किशुनपुर व उसरना का औचक निरीक्षण पशुधनमंत्री धर्मपाल सिंह ने किया,इस दौरान गौ आश्रय केंद्र की चरही में सुखा भूसा खाते गौवंश पाए गए,जब पशुओं के चारे में हरा चारा नहीं मिलने पर ग्राम पंचायत सचिव अनामिका सिंह से जब पूछा गया तो गोल मटोल जवाब देते हुए कहा कि हरा चारा भूसा के साथ दिया गया था,लेकिन गौवंश हरे चारे को पहले ही चट कर गए है,इस बात पर उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी सभी गौवंशो को पर्याप्त हरा चारा व पशु आहार दिया जाए कोई भी गौवंश कमज़ोर नही दिखना चाहिए,गौशाला में अधिकांश गौवंश कमज़ोर दिख रहे है इस पर और ध्यान देने की ज़रूरत है।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रति गोवंश को हरा चारा,भूसा व चूनी चोकर के लिए रोजाना पचास रुपये दे रही है।फिर भी गोवंशों को मात्र सूखा भूसा खिलाना गलत है।उन्होंने कहा कि कोई भी गौवंश भूखा नहीं रहनी चाहिए क्योंकि वैसे भी गाय हमारी राष्ट्रमाता है और मुख्यमंत्री जी के प्राथमिकता का विषय है,उन्होंने कहा निरीक्षण के दौरान किशुनपुर अस्थाई गौ आश्रय केंद्र की व्यवस्थाओं से मैं संतुष्ट नहीं रहा,गौवंशों की संख्या के हिसाब से टीन शेडो की संख्या कम है,वही पशुधन मंत्री ने उसरना अस्थाई गौ आश्रय केंद्र का भी निरीक्षण किया जहां उन्होंने हरे चारे का जायजा लिया और गौशाला में गोवंशों को ठंडी से बचाने के लिए तिरपाल लगाकर टीन शेड को ढकने के लिए कहा,निरीक्षण के दौरान गोशाला में 211 गोवंश मिले,जिसके बाद पशुधनमंत्री ने गौ आश्रय केंद्र का स्टॉक रजिस्टर मांगा तो सचिव अनामिका सिंह नहीं उपलब्ध करा सकी,जिस पर उन्होंने सचिव अनामिका सिंह को फटकार भी लगाई।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गौशालाएं संचालित करने के लिए अनुदान दे रही है,प्रदेश के आर्थिक व्यवसाय का मुख्य आधार कृषि उत्पादन और पशुपालन है,पशुपालन उद्योग में गाय का अधिकतम महत्व माना गया है,गाय के दूध के उपयोग के साथ-साथ उसका गोबर भी ईधन और खेत पैदावार में खाद के रूप में उपयोग किया जाता है।उसरना गौशाला में भी गोवंशों की संख्या अधिक देख पशुधनमंत्री ने टीन शेड बढाने के आदेश संबंधित को दिए।उन्होंने कहा कि गौशाला में अगर किसी भी गौवंश की मृत्यु हो जाती है तो उसका पोस्टमार्टम कराने के बाद गड्ढा खुदवाकर ससम्मान उसको दफनाएं,कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।मौके पर सीवीओ डॉ.सुरेश कुमार भी मौजूद रहें।

# काशीराम कॉलोनी बनी गंदगी का अड्डा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ महापौर सुषमा खर्कवाल व नगर आयुक्त डॉ. इंद्रजीत सिंह शहर को साफ सुथरा रखने की जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे हैं और लगातार उनके द्वारा सभी अधिकारियों को साफ सफाई संबंधी कड़े आदेश भी जारी किए जाते हैं, किंतु नगर निगम के कुछ अधिकारी व कर्मचारी महापौर व नगर आयुक्त के इन आदेशों को दरकिनार करते हुए देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री के स्वच्छ भारत के सपने को तार तार करने में लगे हुए हैं। इसका एक नज़ारा वार्ड न्यू हैदरगंज तृतीय के काशीराम कॉलोनी फ़ेज़ वन में देखने को मिला। यहाँ गन्दगी की भरमार है नालिया कूड़े से पटी हुई हैं सड़कों पर जगह-जगह कूड़े के ढेर हैं मुख्य मार्गो से हटकर कॉलोनी के जो अंदर के रास्ते हैं वहां भारी गंदगी फैली हुई है। जगह जगह सीवर ब्लॉक है लोग गंदगी के कारण क्षेत्र में बीमारी फैलने की बात भी कर रहे हैं। यहां स्थानीय निवासी मंजू प्रजापति कहती हैं सफाई कर्मचारी नियमित रूप से नहीं आते हैं क्षेत्र में जगह-जगह गंदगी फैली हुई है जिससे हमारे बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। ब्लॉक 45 में रहने वाले रमजान कहते हैं क्षेत्रीय सुपरवाइजर साफ सफाई पर विशेष ध्यान नहीं देता है सीवर ब्लाक पड़ी है सीवर में पानी डालो तो बाथरूम में ही वापस लौट आता है गन्दगी से हमारे बच्चे बीमार पड़ रहे हैं हम लोग गरीब लोग हैं इतना पैसा नहीं है कि डॉक्टर के पास रोज-रोज इलाज कराने जाए। 55/7 में रहने वाले इलियास कहते हैं सफाई कर्मचारी बमुश्किल महीने में 6 से 7 दिन आते हैं उसमें भी मुख्य मार्ग पर सफाई करके चले जाते हैं अंदर की गलियों में गंदगी फैली रहती है जिससे बदबू उठती है और गंदगी में मच्छर पैदा होते हैं जिससे तरह-तरह की बीमारियां आती हैं। वह कहते हैं शिकायत करने पर टीम एक बार आकर अंदर की गलियों की साफ सफाई कर जाती है। यही के धीरेंद्र प्रताप कहते हैं गंदगी ज्यादा है और सफाई कर्मी कम है नियमित रूप से सफाई कर्मचारी यहां नहीं आते हैं शिकायत करने पर ही साफ सफाई होती है। 64/9 में रहने वाली दुर्गा कहती हैं गंदगी की शिकायत यदि किसी से करो तो कर्मचारी आकर लड़ाई झगड़ा करते हैं कहते हैं अधिकारी से शिकायत क्यों की वो कहती हैं जिस दिन सफाई कर्मचारियों को यह पता चल जाता है कि आज अधिकारी निरीक्षण करने आने वाले हैं उस दिन कायदे से साफ सफाई कर दी जाती है उसके बाद फिर वही हाल हो जाता है। 63/3 के निवासी कैलाश चंद्र साहू कहते हैं कि यहां सीवर के टैंक भरे पड़े हैं जिससे इलाके में गंदगी मची हुई है बदबू से लोग परेशान हैं ऊपर के फ्लैटों से भी लोग कूड़ा फेंक देते हैं जो की महीनो पड़ा रहता है। फ्लैट नं 72/1 में रहने वाले संजय कहते हैं की सीवर गंदगी से पाटे पड़े हैं सीवर का पानी वापस घरों में जाता है शिकायत करो तो महीनों हो जाते हैं कोई सफ़ाई करने नहीं आता है, 10-10 दिन तक झाड़ू नहीं लगती महीनों हो जाते हैं नालियाँ साफ नहीं होतीं सुबह होते ही हम लोग खुद डंडे से नाली की सफाई करते हैं शिकायत करो तो कोई सुनवाई नहीं होती है। अब बड़ा सवाल ये उठता है की आखिर क्षेत्रीय एसएफ़आई क्या कर रहे हैं। शहर में फैली डेंगी व चिकन गुनिया जैसी बीमारियों के बीच साफ़ सफाई के मामले में एसएफ़आई लापरवाही बरतने से आखिर बाज़ क्यों नहीं आ रहे हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

बंथरा कैनविज टाइम्स संवाददाता। इलाके में रविवार को एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक आशियाना निवासी विनोद रावत की बारात आया था। पुलिस ने परिजनों द्वारा शव की शिनाख्त के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बंथरा थाना प्रभारी राम सिंह के मुताबिक युवक की मौत दिल का दौरा पड़ने से लग रही है। हालांकि उनका यह भी कहना है कि मौत की सही वजह का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। आशियाना की एलडीए कालोनी निवासी किशन सिंह उर्फ मंटू शनिवार को आशियाना के ही विनोद रावत की बारात बंथरा थाना क्षेत्र के गुलरिया खेड़ा आया था। रविवार की सुबह करीब साढ़े पांच बजे गुलरियन खेड़ा गांव में ही उसका शव बरामद हुआ। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने अपनी छानबीन की। बाहरी व्यक्ति होने की वजह से उसकी शिनाख्त में भी काफी समय लगा। बाद में परिजनों द्वारा पहचान के बाद उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस युवक की मौत दिल का दौरा पड़ने की आशंका व्यक्त कर रही है। हालांकि उसका यह भी कहना है कि मौत का जो भी कारण होगा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट हो जाएगा।

## हार की बौखलाहट में दंगा के लिए उकसा रहा विपक्ष : स्वाती सिंह

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश सहित महाराष्ट्र, हरियाणा के चुनाव ने बता दिया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता बढ़ी है। झूठ का पुलिंदा बहुत दिन तक नहीं चलता। इस चुनाव में जनता ने विपक्ष के 'बांटो और राज करो' की नीति को नकार दिया और एक हैं तो सेफ हैं की नीति पर वह आगे बढ़ चली है। इससे समाजवादी पार्टी सहित विपक्ष की बौखलाहट बढ़ गयी है। अब वे जनता को उकसा कर प्रदेश और देश में दंगा कराना चाहते हैं, जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कभी कामयाब नहीं होने देंगे। ये बातें भाजपा नेता और पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि संभल में अराजक तत्वों को शह देने का काम विपक्ष कर रहा है। यह उसके हार की बौखलाहट है। जनता ने बता दिया है कि उनका पीडीए फर्जी है। यह बांटने का काम करता है। जनता ने एकजुटता दिखायी। यहां तक कि उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में मुसलमान समुदाय ने भी भाजपा के पक्ष में मतदान किया और कुंदरकी जैसे विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी को सबक सिखा दिया।

स्वाती सिंह ने कहा कि विपक्ष अभी भी इससे सबक लेने को तैयार नहीं है। अर्श से फर्श पर आ चुकी बसपा प्रमुख की भी बौखलाहट बढ़ गयी है, जिनके उम्मीदवारों की उपचुनाव में जमानत जब्त हो गयी। विधानसभा में सिर्फ एक विधायक के सहारे चल रही बसपा आगे शून्य पर पहुंचने वाली है। इसके बावजूद वह सबक नहीं ले रही है, जबकि कांग्रेस प्रदेश में पंगु हो चुकी है।

## बीस देशों के बैडमिंटन खिलाड़ी लखनऊ में दिखाएंगे प्रतिभा

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। कई देशों के बैडमिंटन खिलाड़ी 26 नवम्बर से लखनऊ में होंगे। इसी दिन से सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशन एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर बैडमिंटन चैंपियनशिप की शुरुआत हो रही है, जो एक दिसम्बर तक चलेगा। इसमें पीवी सिंधु, एशियन जूनियर चैंपियन लक्ष्य सेन, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी व चिराग शेट्टी सहित कई भारतीय दिग्गज बैडमिंटन कोर्ट में देखने को मिलेंगे। इस प्रतियोगिता में भारत सहित 20 देशों के 256 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इसमें सबसे ज्यादा भारत के 163 खिलाड़ी होंगे। दूसरी ओर चीन के भी 25 खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। वहीं मलेशिया के 20 व थाईलैंड के 18 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उप्र बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल ने बताया कि चैंपियनशिप में कुल 210,000 अमेरिकी डालर की ईनामी राशि का वितरण होगा। उन्होंने कहा कि 26 नवम्बर को क्वालीफाइंग मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि मुख्य ड्रा के मुकाबले 27 नवम्बर से शुरू होंगे। फाइनल मुकाबला एक दिसंबर को खेला जाएगा। चैंपियनशिप में मुख्य ड्रा 32-32 का होगा। इसमें 24 खिलाड़ियों को सीधे इंट्री मिलेगी, जबकि जिसमें आठ खिलाड़ी क्वालीफायर कोटा से मुख्य ड्रा में प्रवेश करेंगे। डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित चैंपियनशिप के मुकाबले गोमतीनगर स्थित योनेक्स सनराइज बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी के कोर्ट पर खेले जाएंगे। उन्होंने कहा कि मलेशिया, थाईलैंड, जापान, इंग्लैंड, अजरबैजान, श्रीलंका, हांगकांग, वियतनाम, आयरलैंड, ब्रुनेई, इजरायल, यूएई, सिंगापुर, पोलैंड, अमेरिका, फिनलैंड व म्यांमार के खिलाड़ियों का भी कमाल देखने को मिलेगा। इस चैंपियनशिप में दर्शकों को नि:शुल्क इंट्री मिलेगी।

# इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर अवैध ई रिक्शा स्टैंड से लगता है भीषण जाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ।जानकीपुरम सुविधा से जीवन जितना सुलभ होता है उतना ही दुर्लभ जीवन यापन हो जाता है ऐसा हम क्यों कह रहे हैं ये वही समझ सकता है जिसे घर से बाहर आना जाना पड़ता है। आपको मालूम है कि इन दिनों शहर मे ट्रैफीक का क्या आलम है आपको अगर घर या आफिस से कहीं जाना है तो तय समय से एक घंटा अधिक मान कर ही चलना होता है ऐसा इसलिए होता है क्योंकि शहर मे ट्रेफिक बेलगाम है ऐसा ही आलम जानकीपुम के इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर दिखाई देता है जहाँ अवैध रूप से ई रिक्शा का स्टैंड बनाया गया है ये ई रिक्शा चालाक किसी कायदे कानून को ना मानने की कसम खाये रहते हैं जहाँ मर्ज़ी गाडी खड़ी कर देते हैं जब चाहे सवारी उतारते हैं जब जहाँ मन सवारी बैठा भी लेते हैं उन्हे इस बात से कोई फर्क नही पड़ता कि उनके ऐसे कार्य से जाम पर कितना बुरा असर पड़ता है उन्हें तो बस अपने काम से बनता है जो वैध हो या अवैध इससे उन्हे कोई फर्क नही पड़ता। जानकीपुरम का ये चौरहा इसी का रोना रो रहा है और इससे होने वाले जाम से हर राहगीर सराबोर हो रहा है।

# दृष्टिबाधित क्रिकेट प्रतियोगिता : फाइनल में उप्र को हराकर हरियाणा ने खिताब पर किया कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। डॉ. शकुन्तला मिश्रा स्मारक राष्ट्रीय दृष्टिबाधित क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में उत्तर प्रदेश की टीम को हराकर हरियाणा ने खिताब पर कब्जा कर लिया। इस मैच में हरियाणा के अरिंदम मंडल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 102 रन बनाये।

टी.एस मिश्रा विश्वविद्यालय के मैदान में खेले गये मैच में उप्र की टीम ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। हरियाणा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 204 रन बनाये। इसमें हरियाणा के सलामी बल्लेबाज अरिंदम मंडल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 102 रन बनाये और दूसरे सलामी बल्लेबाज पारस भाटिया ने 73 रनों की नाबाद पारी खेली। इसके जवाब में उत्तर प्रदेश की टीम 18.4 ओवरों में मात्र 164 रनों पर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार टूर्नामेंट के फाइनल में हरियाणा ने उत्तर प्रदेश को 40 रनों से हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया।

इस मैच के मैन आफ द मैच हरियाणा के अरिंदम मंडल रहे, जिन्होंने 13 चौकों की मदद से नाबाद शतकीय पारी खेलते हुए 102 रन बनाये। हरियाणा के पारस भाटिया ने भी शानदार पारी खेलते हुए 73 रन बनाये। उप्र की ओर से अजीत बाबू ने 40 रन का योगदान दिया। वहीं रवि वर्मा ने 25 रन और विकास ने 22 रन बनाए।

# विधायक ने युवाओं को दिया सफलता का मंत्र डिजिटल एजुकेशन को बताया भविष्य की जरूरत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनी नगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के बरातीखेड़ा स्थित गहरू चौराहा के निकट प्रखर समाजसेवी स्वर्गीय बराती लाल लोधी की स्मृति में नव युग निर्माण प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सम्मिलित होकर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से आए मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट प्रदान कर सम्मानित किया।

विधायक राजेश्वर सिंह द्वारा बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक पाने वाले 5 मेधावी बच्चों वर्षा सिंह (96.6%), रतन शुक्ला (96.6%), संस्कृति राय (94.5%), शौर्य प्रताप सिंह (93%), और वेदान्त वर्मा (91.5%) को टैबलेट देकर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर विधायक ने कार्यक्रम के आयोजक श्री राजेंद्र सिंह लोधी को बधाई देते हुए कहा मेधावी बच्चों को सम्मानित करना और युवाओं को प्रोत्साहित करना सबसे पुण्य कार्यों में से एक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. राजेश्वर सिंह ने डिजिटल शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा, आज का युग परिवर्तन का युग है। वर्ष 2030 तक 80% नौकरियाँ नई विधाओं पर आधारित होंगी। इन बदलती जरूरतों के अनुसार युवाओं को तैयार करना अत्यंत आवश्यक है। डिजिटल शिक्षा और कौशल विकास ही इन चुनौतियों का समाधान बनेंगे। उन्होंने बताया कि सरोजनीनगर में पिछले दो वर्षों में 1,000 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप, टैबलेट, साइकिल, घड़ी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक राजेंद्र सिंह लोधी, पूर्व विधायक श्याम किशोर यादव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण लोधी, ब्लॉक प्रमुख सुनील रावत, राकेश सिंह बबलू, रत्नेश सिंह, आलोक सिंह समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

किसी भी विधानसभा क्षेत्र की प्रगति का प्रमाण वहां रहने वाली जनता की संतुष्टि और खुशहाली है, जिसके लिए सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह निरंतर प्रयासरत रहते हैं। अनेको विकास कार्यों का आयोजन उनके द्वारा निरंतर किया जा रहा है जिसमें से एक है 'आपका विधायक आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर, जो क्षेत्रवासियों की समस्याओं के निदान करने और सरोजनीनगर को एक खुशहाल विधानसभा क्षेत्र बनाने हेतु डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा नियमित तौर पर बिगत 97 सप्ताह से आयोजित किया जा रहा है। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा मां तारा सिंह जी की स्मृति में 97वें आपका विधायक - आपके द्वार जनसुनवाई शिविर का आयोजन रविवार को ग्राम पंचायत कल्ली पूरब, मजरा ठाकुर खेड़ा में किया गया। शिविर के दौरान ग्रामवासियों ने स्ट्रीट लाइट सम्बंधित -11, विधवा पेंशन- वृद्धा पेंशन के 5-5 आवेदन और साइकिल के 9 आवेदन समेत 40 समस्याओं / सुझावों से अवगत कराया। जिसके बाद समस्याओं के यथाशीघ्र निवारण और उनकी आवश्यकताओं को जल्द पूरा करने का सकारात्मक आश्वासन दिया गया। जिससे ग्रामवासी काफी खुश नजर आये और क्षेत्र में विधायक डॉ राजेश्वर सिंह द्वारा चल रहे अनेकों विकास योजनाओं के लिए उनका आभार प्रकट किया।

# नहरों की नहीं हुई समय से सफाई, नहीं आया पानी कैसे हो किसानों के खेतों की सिंचाई बुआई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। आजाद अधिकार सेना सीतापुर के जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा ने उत्तर प्रदेश सरकार से पत्र लिखकर मांग की है रवी फसल की बुआई का समय चल रहा सीतापुर सिंचाई खंड द्वारा नहरों की समय से सफाई नहीं करवाई गई।

जिससे किसानों को नहरों के अन्तर्गत सिंचाई वाले रकबे के खेतों को पानी नहीं मिलने के कारण फसलों की बुआई में विलम्ब हो रहा है। नहरों के अधिकारी समय से टेन्डर नहीं निकल पाने के कारण नहरों की सिल्ट सफाई का कार्य प्रभावित रहा।नवम्बर माह समाप्त होने को है परन्तु नहरों में पानी नहीं आया चाहे माइनर रजबहा ब्रांच हों किसी भी नहर में पानी नहीं आया है और किसी नहर की सफाई नहीं हुई है। रस्यौरा माईनर में सफाई कार्य प्रारंभ किया गया परंतु वह भी पूरा नहीं हो सका है। ऐसे में किसानों को लग रहा है हमारे खेतों की पलेवा नहीं होने के कारण बुआई समय से नहीं हो पायेगी। जों किसान निजी साधनों से पलेवा कर लिए हैं उन्हें बुआई हेतु डीएपी खाद के लिए भटकना पड़ रहा है ।पूरा दिन लाइन लगने के बाद एक बोरी डीएपी मिल रही है। मेवालाल रामदीन प्रकाश छबिनाथ किसान का कहना है किसानों को प्रत्येक वर्ष खाद बीज सिंचाई आदि के लिए जानबूझ परेशान किया जाता है।

फसलों को तैयार कर सरकार द्वारा सरकारी लेबी सेन्टरों पर धान गेहूं तौला नहीं जाता है जिससे किसानों को सरकारी समर्थन मूल्य नहीं मिल पाता है।मजबूर होकर कम दामों पर खुलीं मार्केट में बेचना पड़ता है आजादी के इतने दिनों बाद भी किसानों को उनकी फसल का पूरा मूल्य नहीं मिल सका है। मिश्रा ने आरोप लगाते हुए कहा सरकार ऐसी कोई प्रभावी नीति नहीं बना पाई है। जिससे किसानों को समय से सिंचाई खाद बीज मिल सकें तथा उनकी सभी फसलों की सुरक्षा तथा सरकारी समर्थन मूल्य मिल सकें।

# आरएसएस के दो दिवसीय शिविर के समापन अवसर पर मौजूद स्वयंसेवक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महमूदाबाद, सीतापुर। नगर पालिका के वार्ड श्यामदासपुर स्थित आशुतोष बृजमोहन लाल मेमोरियल कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला बिसवां का बाल शिविर आयोजित हुआ। शिविर में चार खंडों से 60 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया। शिविर का समापन संस्कार गीत व बौद्धिक के साथ हुआ। नगर पालिका परिषद के वार्ड श्यामदासपुर स्थित आशुतोष बृजमोहन लाल मेमोरियल कॉलेज में 23 नवम्बर शनिवार व 24 नवंबर रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला बिसवां द्वारा आयोजित बाल शिविर में 60 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। शिविर के पहले दिन सायं शाखा में स्वयंसेवक को ने प्रार्थना, अभ्यास व एक दूसरे का परिचय प्राप्त किया। रविवार को प्रातः कालीन शाखा के दौरान प्रार्थना सभा में संस्कार गीत 'तुम वीर शिवा के वंशज हो, वह जोश तुम्हारा कहां गया, बोलो राणा की संतानों, वह रोष तुम्हारा कहां गया।' के साथ विभिन्न वक्ताओं के बौद्धिक से कार्यक्रम का समापन हुआ। शिविर का उद्घाटन शविवार की सायं जिला संघ चालक राजाराम यादव व रविवार को समापन प्रांत बाल कार्य प्रमुख आशुतोष कुमार के ओजस्वी गीत व बौद्धिक से हुआ। समापन सत्र के अध्यक्षता सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के अध्यक्ष आरके वाजपेयी ने की। बाल शिविर के दौरान विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिताएं भी संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यवाह देवेंद्र सिंह, जिला शारीरिक प्रमुख आशीष कुमार, जिला सेवा प्रमुख संगीत त्रिपाठी, सह जिला प्रचारक अजय कुमार, नगर कार्यवाहक देवेश मिश्र, नगर बौद्धिक प्रमुख आंजनेय आशीष, सह नगर कार्यवाहक राहुल कुमार सहित बड़ी संख्या में सेवक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## बालू खदानों पर प्रशासन का शिकंजा, अवैध खनन पर करोड़ों का जुर्माना

**बांदा।** जिलाधिकारी बांदा नगेंद्र प्रताप ने जिले में बालू व मोरम खनन पट्टों और खनन क्षेत्र की सघन जांच के निर्देश दिए हैं। इसके तहत तहसील सदर और तहसील पैलानी में चार-चार बालू खदानों पर छापेमारी की गई। इस कार्रवाई में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने खनन पट्टे के क्षेत्रों की माप और जांच की। अवैध खनन पाए जाने पर इन खदानों पर करोड़ों रुपये का जुर्माना लगाते हुए नोटिस जारी की गई। गंछा ग्राम की खदान पर 31.52 लाख का जुर्माना तहसील बांदा स्थित ग्राम गंछा के गाटा संख्या 1971/1 (रकबा 24.71 एकड़) में मेसर्स ओम ट्रेडर्स के स्वामित्व वाली खदान पर जांच के दौरान स्वीकृत।

# रामकोट में विद्युत विभाग ने लगा विशेष कैंप

- उपभोक्ताओं की समस्याओं का किया समाधान, वसूले 3 लाख से अधिक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामकोट-सीतापुर। विद्युत विभाग द्वारा विद्युत उपकेंद्र रामकोट में शनिवार को विद्युत समाधान शिविर का अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम के इं. यादवेंद्र कुमार यादव के निर्देशानुसार विद्युत समाधान कैंप का आयोजन कर जहाँ विद्युत उपभोक्ताओं के विद्युत समस्याओं का समाधान किया गया। वहीं उपभोक्ताओं के बकाया विद्युत बिल के रकम कि वसूली भी की गई। विद्युत उपकेंद्र रामकोट में आयोजित विद्युत कैंप में विभिन्न गांवों से आए लगभ?ग 65 उपभोक्ताओं के विद्युत समस्या का समाधान किया गया। व 3 लाख ? से अधिक का राजस्व भी वसूला गया। विभाग के एसडीओ संजय कुमार यादव ने कहा कि किसी भी उपभोक्ता को विद्युत से सम्बन्धित कोई समस्या हो वह हमसे सम्पर्क कर अपनी समस्या का समाधान कर सकता है। कैंप में आए उपभोक्ताओं से 3 लाख से अधिक रुपए बकाया विद्युत बिल की वसूली की गई। जेई अश्वनी कुमार ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार पर विशेष समाधान शिविर का आयोजन किया गया था जिससे उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जा सके व बकाया बिलों की वसूली भी हो सके और उपभोक्ताओं को भी सुविधा मिले। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल जमा करने की अपील की है। इस मौके पर एसडीओ संजय कुमार यादव, जेई अश्वनी कुमार, अनिल यादव, नावेद, संदीप मिश्रा, संजय पाल, विमलेश कुमार, अंकित शर्मा, उमेश यादव, प्रेम सिंह, गौरव शुक्ला, अनुज यादव, रामकुमार, संदीप वर्मा, लाइनमैन हरिनाम उर्फ जर्रू, विद्युत विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी सहित तमाम उपभोक्ता मौजूद रहे।

# खैराबाद कस्बे के प्रतिष्ठित विद्यालय स्टडी प्वाइंट इंटर कॉलेज में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




खैराबाद। स्टडी प्वाइंट इंटर कॉलेज के प्रांगण में वाद- विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्टडी प्वाइंट इंटर कॉलेज और जीवन ज्योति कॉन्वेंट स्कूल के हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों माध्यम के छात्र -छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा विजेता छात्र-छात्राओं को विद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया गया।

अंग्रेजी वाद- विवाद प्रतियोगिता में स्टडी प्वाइंट इंटर कॉलेज की कक्षा 11 की छात्रा अस्मिता मिश्रा ने प्रथम स्थान ग्रहण किया तथा कक्षा 11 की छात्रा फिजा अजीम व कक्षा 9 के छात्र अब्दुल कादिर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

तृतीय स्थान जीवन ज्योति कॉन्वेंट की छात्रा रुचि यादव व स्टडी प्वाइंट के छात्र जकरिया अंसारी ने प्राप्त किया गया! हिंदी वाद -विवाद प्रतियोगिता में खुशी त्रिपाठी स्टडी प्वाइंट ने प्रथम स्थान हरिओम जीवन ज्योति विद्यालय व कनक रस्तोगी स्टडी पॉइंट में द्वितीय स्थान तथा तान्या त्रिपाठी स्टडी प्वाइंट ने तृतीय स्थान ग्रहण किया कक्षा 6 की छात्रा तपस्या आद्या आदया दुबे तथा आयदा निहाल ने क्रमसा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया! निर्णायक मंडल मे श्री के. बी.श्रीवास्तव पूर्व प्रधानाचार्य आरएमपी इंटर कॉलेज, श्रीमती महिमा सिन्हा बेसिक शिक्षा विभाग तथा नीलय मिश्रा प्रबंधक बनवारी शरण ज्ञानस्थली सम्मिलित रहे, इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक आमिर रिज़वी,विद्यालय प्रशासिका श्रीमती लुबना रिज़वी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अमी किरण अवस्थी कि उपस्थिति में निर्णायक मंडल ने विजेता छात्र -छात्राओं को पुरस्कार वितरित किया कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राम सुमिरन शर्मा,पुनीत सिंह, दिलीप जोशी, उपस्थित रहे विद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ उपस्थित अभिवावको ने कार्यक्रम का आनंद लिया तथा विद्यालय को प्रोत्साहित किया ।

# मनरेगा में मची लूट लेवरो की छूट कागजों पर जारी हो रहा फर्जी मास्टर रोल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेहटा सीतापुर। ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में आए दिन मनरेगा में भ्रष्टाचार बुलंदियों को छूता जा रहा है जहां बिना काम कराए मास्टर रोल भर दिया जाता है।

कही पर 100 में 5 व्यक्ति ही काम करते मिलते हैं तो कही पर बिना कोई काम कराए ही उपस्थिति दर्शा दी जाती हैं ऐसा ही मामला दिनांक 24 नवंबर को बेहटा की ग्राम पंचायत अकबरपुर में देखने को मिला जहां पर इकराम के खेत से इकरार के खेत तक मिट्टी पटाई के नाम पर 30 व्यक्तियों के नाम मस्टर रोल जारी किया गया वहीं पर मुमताज के खेत से रफीक के खेत तक 30 लेवर सहित राधेश्याम के खेत से कमलेश के खेत तक भी 30 व्यक्तियों की उपस्थिति दर्शाई गई जबकि सूत्रों के अनुसार इस दिन कोई काम कराया ही नहीं।

गया जो जांच का विषय है कुछ दिन पूर्व में यहां पर जो काम मनरेगा से कराया गया वो फावड़ों से केवल मिट्टी खुरच कर लेवल कर दिया गया हैं जो सिर्फ काम के नाम पर खानापूर्ति की गई है आखिर सरकार को खोखला करने वाले पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधान से लेकर ग्राम विकास अधिकारी सहित मस्टर रोल जारी करने वालो को किसका संरक्षण प्राप्त है जो महात्मा गांधी गारंटी योजना को पलीता लगाने का काम कर रहे हैं ।

# एमपी शिक्षा परिषद संस्थापक सप्ताह समारोह की प्रतियोगिताएं शुरू

एजेंसी



गोरखपुर। चार से 10 दिसंबर तक होने वाले महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद संस्थापक सप्ताह समारोह-2024 के अंतर्गत होने वाली विविध प्रतियोगिता की श्रृंखला का रविवार से शुभारंभ हो गया। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सानिध्य में होने वाले समारोह के उद्घाटन अवसर पर चार दिसंबर को मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे जबकि समापन अवसर पर 10 दिसंबर को नोबल पुरस्कार विजेता, बचपन बचाओ आंदोलन के प्रणेता कैलाश सत्यार्थी बतौर मुख्य अतिथि विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। मुख्य साप्ताहिक आयोजन से पूर्व कई प्रतियोगिताएं रविवार से शुरू हो गईं। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद संस्थापक सप्ताह समारोह संचालन समिति के सदस्य डॉ. नितीश शुक्ल ने बताया कि पी.टी. प्रतियोगिता महाराणा प्रताप सीनियर सेकेण्ड्री, स्कूल मंगला देवी मन्दिर, बेतियाहाता, में तथा सर्वोत्तम एनसीसी कैडेट चयन प्रतियोगिता महाराणा प्रताप इण्टर कालेज में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के वरिष्ठ सदस्य डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह व डॉ. सुभाष चन्द्र के निर्देशन में सम्पन्न हुई। मूल्यांकन कार्य सम्पन्न करते हुए पी.टी. प्रतियोगिता का परिणाम महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर घोषित किया गया जबकि सर्वोत्तम एन.सी.सी. कैडेट चयन प्रतियोगिता का परिणाम शीघ्र ही परिषद की वेबसाइट पर घोषित कर दिया जायेगा। सर्वोत्तम एनसीसी कैडेट चयन प्रतियोगिता के सभी छह वर्गों में 57 सब यूनिटों के कुल 326 कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में 44वीं यूपी बटालियन एनसीसी गोरखपुर के सूबेदार सतबीर, सूबेदार वासुदेव भण्डारी, हवलदार सनम राय व हवलदार दिल कुमार श्रेष्ठा उपस्थित रहे। पीटी प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों से 284 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में निर्णायकों के रूप में महात्मा गांधी इण्टर कालेज, विवेकानन्द मिश्रा, इन्द्रसना इण्टर कालेज बालापार के रामहरि यादव तथा सेण्ट जोसेफ कॉलेज ऑफ वूमेन के अमर सिंह उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में महाराणा प्रताप कन्या इण्टर कालेज रमदत्तपुर की टीम विजेता तथा महाराणा प्रताप सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल मंगला देवी मन्दिर, बेतियाहाता की टीम उपविजेता रही। सभी विजेताओं को 10 दिसंबर को प्रातः 9.00 बजे महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद परिसर, गोलघर में संस्थापक सप्ताह समारोह के मुख्य महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में नकद पुरस्कार एवं गौरव पत्र गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया जायेगा।

## वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व नियत्रण हेतु अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही/शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी बिसवां सतीश चंद्र शुक्ला के नेतृत्व में थाना सकरन पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 396 /2024 धारा 103(1) बीएनएस की विवेचना व प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर घटना में संलिप्त अभियुक्ता शिवानी पत्नी स्व0 मनोज पुत्री कढिले निवासी ग्राम सुल्तानपुर मजरा सरैयाकला थाना सकरन जनपद सीतापुर को अंगरासी चौराहा थाना तालगांव सीतापुर से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्ता की निशादेही पर घटना मे प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद हंसिया ग्राम सुल्तानपुर मृतक के घर से बरामद किया गया। दिनांक 22.11.2024 को थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सुल्तानपुर में मनोज पुत्र रघुनन्दन नि0 ग्राम सुल्तानपुर मजरा सरैयाकलां थाना सकरन सीतापुर की पत्नी शिवानी द्वारा पारिवारिक विवाद के चलते उनके सिर पर हंसिया से प्रहार कर घायल कर देने से हुई मृत्यु के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 396 /2024 धारा 103(1) बीएनएस उपरोक्त पंजीकृत किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्ता का चालान माननीय न्यायालय किया गया है। जनपद में अपराध एवम् अपराधियों के विरुद्ध निरंतर एवम् प्रभावी कार्यवाही इसी प्रकार चलती रहेगी।

## भतीजी की शादी कार्यक्रम में फूफा को आया हार्ट अटैक, मौत

**जालौन।** आटा गांव में रविवार को राम प्रकाश के यहां उसकी पुत्री रिंकी की शादी थी। खाने का कार्यक्रम चल रहा था। शादी में रिंकी के फूफा एरच जिला झांसी निवासी 42 वर्षीय बालकराम भी आए हुए थे। अपराह्न 4 बजे के दौरान वह बाहर बैठे हुए थे। इसी दौरान उनको अटैक पड़ गया। वह कुर्सी से नीचे गिर गए। इसके बाद शादी वाले घर में अफरा तफरी मच गई। घर के लोग तुरंत इलाज के लिए उन्हें मेडिकल कॉलेज लाए, जहां पर उनको डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जब उनकी मौत की सूचना शादी समारोह में शामिल लोगों को हुई तो पूरा माहौल गमगीन हो गया है। शांतिपूर्ण तरीके से शादी की रस्में पूरी की गईं। सूचना के बाद थाना प्रभारी अजय सिंह ने इंस्पेक्टर को भेजकर शव का पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पुलिस अधीक्षक ने चार निरीक्षकों का स्थानांतरण किया

**हरदोइ।** पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा जनपदीय स्थापना बोर्ड की बैठक में जिले में विभिन्न दायित्वों को संभाल रहे 4 निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। इस क्रम में निरीक्षक विद्या सागर पाल को प्रभारी मॉनिटरिंग सेल से थानाध्यक्ष कासिमपुर, निरीक्षक अरविंद कुमार यादव को प्रभारी मीडिया सेल से थानाध्यक्ष मझिला, निरीक्षक अरविंद कुमार राय को कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक थाना मझिला से प्रभारी मीडिया सेल व निरीक्षक राकेश कुमार यादव को पुलिस लाइन से हटाकर वाचक पुलिस अधीक्षक के नवीन दायित्व सौंपे गए हैं।

## गल्ला व्यवसायी को घायल कर लुटेरों ने लूटे चार लाख रुपये

**जौनपुर।** बरसठी थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के पास शनिवार की देर रात घात लगाकर बैठे बदमाशों ने मीरगंज के गल्ला व्यवसायी को मारपीट कर चार लाख रुपये लूटकर फरार हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात लुटेरों की तलाश शुरू कर दी। मीरगंज बाजार निवासी गल्ला व्यवसायी दीपक जायसवाल शनिवार की देर रात निगोह बाजार की तरफ से तगादा करके अपनी बाइक से लौट रहा था। निगोह-जरौना मार्ग पर बरसठी क्षेत्र के गोपालपुर हीरो ऐजेन्सी के पास घात लगाकर बैठे तीन बदमाशों ने रोक करके लाठी डंडे से उसे पीटकर घायल कर दिया। बदमाशों ने व्यवसायी के पास से चार लाख रुपये लूट लिए। राहगीरों की मदद से घायल युवक ने परिवार को जानकारी दी। परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मीरगंज थानाध्यक्ष रमेश कुमार तथा बरसठी की पुलिस पहुंच गयी। सीओ मडियाहूं भी पहुंच गये। घायल दीपक जायसवाल को परिजन इलाज के लिए वाराणसी के एक निजी चिकित्सालय मे भर्ती कराया है। परिजन चंदन ने बताया कि तगादा करके लौटने के दौरान दीपक के पास चार लाख रुपये कैश थे। बदमाश उसे लूटकर ले गये हैं। इस मामले में रविवार को थानाध्यक्षय बरसठी राजेश यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करके जांच की जा रही है।

## लाखों की लूट के चार आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार, दो घायल

**बागपत।** बागपत कोतवाली क्षेत्र के औधोगिक क्षेत्र में हुई लूट में बागपत पुलिस ने चार बदमाशो को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। दो बदमाश घायल है जो अस्पताल में भर्ती है। एक बदमाश फरार है। बदमाशों के पास से लूट की स्विफ्ट गाड़ी ओर केश भी बरामद किया गया है। बागपत जिले के औधोगिक क्षेत्र में मनोज नाम के व्यापारी से 19 नवम्बर को लूट की घटना हुई थी। घटना में बदमाशों ने व्यापारी की तमंचे की बट से मारपीट की, स्विफ्ट गाड़ी ओर करीब दो लाख रुपये लूट लिए। रविवार को बागपत कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने घटना का खुलासा करते हुए चार बदमाशो को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। एएसपी नरेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि गौरीपुर मोड़ पर लूट की गाड़ी की लोकेशन मिली थी। गाड़ी को ट्रैक किया गया तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी और भागने का प्रयास किया।

# जुआ खेल रहे व्यापारियों के फड़ से 41 लाख रुपये उड़ाने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी



वाराणसी। सारनाथ थाना क्षेत्र के पहड़िया स्थित रूद्रा हाइट्स अपार्टमेंट में जुआ खेल रहे व्यापारियों के फड़ से 41 लाख रुपये उड़ाने के मामले में पुलिस टीम ने अपने को मुख्यमंत्री का ओएसडी बताने वाले फरार धर्मेन्द्र चौबे को महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को मुम्बई से वाराणसी लाया जा रहा है।

इस मामले में निलंबित पुलिस निरीक्षक परमहंस गुप्ता का पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस टीम आरोपित परमहंस गुप्ता की गिरफ्तारी के लिए उसके ?सभी संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। बताते चलें कि पहड़िया स्थित रूद्रा हाइट्स अपार्टमेंट में बीते 7 नवंबर की रात हाई प्रोफाइल व्यापारियों के जुआ खेलने की सूचना पर तत्कालीन सारनाथ थाना प्रभारी निरीक्षक परमहंस गुप्ता अपने साथी पत्रकार धर्मेंद्र चौबे के साथ वहां पहुंचे थे। दोनों ने जुए की फड़ पर रखे लगभग 41 लाख रुपये हड़का कर उठा लिया और मौके से चहलकदमी करते हुए निकल गए लेकिन उनका आना-जाना अपार्टमेंट के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। सोशल मीडिया में घटना का फुटेज वायरल होने पर वाराणसी पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने परमहंस गुप्ता को निलंबित कर दिया था। वहीं, 14 नवंबर को इस मामले में पुलिस निरीक्षक परमहंस गुप्ता और धर्मेंद्र चौबे के खिलाफ सारनाथ थाने में लूट का मुकदमा दर्ज किया गया। पूरे प्रकरण की जांच कैंट इंस्पेक्टर कर रहे हैं। फरार निरीक्षक की गिरफ्तारी के लिए 3 पुलिस टीमें छापेमारी कर रही हैं।

## प्रदेश सरकार हर वर्ग के लोगों को उपलब्ध करा रही बुनियादी सुविधाएं : रविंद्र जायसवाल

**वाराणसी।** प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने रविवार को जिला नगरीय विकास अभिकरण द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नगरीय अल्प विकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजना में 06 निर्माण कार्यो का शिलान्यास किया। लगभग 155.4 लाख रूपये लागत से होने वाले छः निर्माण कार्यों से लोगों को बुनियादी सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के लोगों की बुनियादी सुविधाओं का पूरा ख्याल रख रही है। उन्होंने मौके पर मौजूद कार्यदाई संस्था के अभियंताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन कार्यों का शिलान्यास हुआ है, उन्हें युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने इंटरलाकिंग कार्य, सड़क निर्माण कार्य, तरना वार्ड में इण्टरलाकिंग का कार्य, शिवपुर वार्ड में इंटरलाकिंग कार्य, इन्द्रपुर खोरी में इंटरलॉकिंग का कार्य का शिलान्यास किया।

# प्रेम प्रपंच में बाधक बन रही प्रेमी के मां को प्रेमिका ने उतारा मौत के घाट,चार गिरफ्तार




एजेंसी

जौनपुर । तेजीबाजार थाना क्षेत्र के चोरहा गांव में शुक्रवार हुई महिला की हत्या का खुलासा पुलिस ने रविवार को कर दिया। पुलिस ने युवती समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि को थाना तेजी बाजार अंतर्गत चौराहा गांव में सुभद्रा नामक महिला का शव गांव के पास तालाब से बरामद हुआ था।

जिसके चेहरे पर धारदार हथियार से वार किए गए थे। मुकदमा दर्ज करके मामले का अनावरण करने के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई थी। टीमों के द्वारा अथक प्रयास से इस घटना में शामिल सभी चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुख्य अभियुक्त सरिता ने इस घटना को अंजाम दिया था।

सरिता का मृतका के लड़के विशाल से अवैध संबंध था जिससे वह शादी करना चाहती थी। इस मामले में विशाल की मां सुभद्रा बाधक बन रही थी जिसे सरिता ने हंसिये से वार करके मौत की घाट उतार दिया था। सरिता के दोनों भाई और पिता बृजभान के साथ मिलकर शव को ठिकाने लगा दिया था। इस मामले में मुख्य अभियुक्त सरिता उसके भाई शैलेश व कल्लू और पिता बृजभान को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज कर अग्रिम विधि कार्रवाई की जा रही है।

# आयोजित हुई श्रुतिलेख एवं स्पेल बी प्रतियोगिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बच्चों में शुद्ध उच्चारण सुनने लिखने संबंधी भाषा कौशल के विकास हेतु ब्लॉक स्तर पर प्राथमिक स्तर पर हिंदी एवम अंग्रेजी भाषा की श्रुतिलेख एवम स्पेल बी प्रतियोगिता करायी गयी जिसमें प्राथमिक तितला प्रियंका ने 24 अंक, गोलू गौतम प्राथमिक विद्यालय पकड़ी ने 23 अंक, सलोनी डुमरी मलाव ने 23 अंक प्राप्त किया जबकि विजेता प्राथमिक विद्यालय बरसैना की अमृता गुप्ता द्वारा 26 अंक एवम प्राथमिक विद्यालय पगरा की दिव्यांशी यादव द्वारा 26 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया गया. यह प्रतियोगिता अंग्रेजी एआरपी नरेंद्र पांडेय एवम विज्ञान एआरपी मनोरमा त्रिपाठी ,गणित एआरपी अंजनी नंदन द्विवेदी, हिंदी रेखा एवं एआरपी समाजिक विषय मानवेंद्र एआरपी तिवारी की देख रेख में शुचितापूर्वक संपन्न करायी गयी समस्त कार्यक्रम की आयोजक एवम संचालक खंड शिक्षा अधिकारी जया राय द्वारा समस्त प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार के साथ-साथ अल्पाहार की व्यवस्था कराई गई एवं प्रथम एवं द्वितीय स्थान आने वाले बच्चों को मेडल तथा शील्ड से पुरस्कृत किया गया एवं सभी बच्चों को श्रुतलेख प्रतिभागिता के संबंध में भाषा कौशल विकास की भूमिका महत्व को बताया गया एवं प्रतियोगिता संपन्न कराने में शिक्षकवृन्द में मुख्य रूप से विजेंद्र मणि त्रिपाठी, वीना सिंह, प्रदीप कुमार, ललिता यादव,कुमुद् श्रीवास्तवा, अंशुक जायसवाल, श्याम सुंदर तिवारी, संजय गौंड, प्रशांत वर्मा, आँचल वर्मा, याकूब, सुभाष, प्रमेश बबीता, रिचा , राजनिष राय पूनम संजय आदि की सराहनीय भूमिका रही ।

# अतुल कृष्ण भारद्वाज जी द्वारा राम-भरत मिलाप की कथा सुन भाऊक हुए श्रोता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। क्षेत्र के अमवा श्री दूबे में आयोजित श्री रुद्र महायज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर करने के लिए श्री धाम वृंदावन से पधारे मानस मर्मज्ञ अतुल कृष्ण भारद्वाज जी महाराज ने अपने ज्ञानवर्धक और भावनात्मक प्रवचनों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने प्रवचन में उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास रचित रामचरितमानस के प्रसिद्ध प्रसंग राम-भरत मिलाप पर गहन व्याख्या प्रस्तुत की। श्री महाराज जी ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने राम-भरत मिलाप को अत्यंत हृदयस्पर्शी रूप में चित्रित किया है। उन्होंने उठे राम सुनी प्रेम अधीरा की विस्तृत व्याख्या करते हुए बताया कि इस एक पंक्ति में प्रेम और समर्पण की पराकाष्ठा का वर्णन निहित है। भरत का प्रेम और



उनकी अटूट भक्ति भगवान श्री राम के प्रति अनन्य समर्पण का आदर्श उदाहरण है।

यह मिलाप केवल दो भाइयों का नहीं, बल्कि मानवता और दिव्यता का मिलन है। महाराज जी ने कहा कि इस प्रसंग से हमें यह सीख मिलती है कि सच्चा प्रेम किसी भी स्वार्थ या अपेक्षा से रहित होता है। भरत ने भगवान राम के प्रति जो समर्पण दिखाया, वह आज के समय में सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

उनका प्रेम इतना गहन था कि भगवान श्री राम भी उसे देखकर भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर तमकुही के विधायक डा.असीम राय,भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डा.प्रेमचंद मिश्र , वरिष्ठ नेता अजय तिवारी, डा.कन्हैया शर्मा,डा.अजय शाही, अनिल जायसवाल ,आद्या सिंह, पशुपति शुक्ला, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजय बहादुर सिंह, अमरेन्द्र राय,यज्ञाचार्य पंडित त्रिभुवन पाण्डेय, मुख्य यजमान सोनी देवी हिरण्यगर्भ द्विवेदी पंकज, ज्ञानेश्वर द्विवेदी दीपक, प्रेम पांडेय, हृषीकेश द्विवेदी,चित्रसेन द्विवेदी,जीतन गौड़, अशर्फी गुप्ता, सुरेश उपाध्याय, अखिलेश द्विवेदी, उपेंद्र द्विवेदी,ग्राम प्रधान राकेश द्विवेदी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पंच परिवर्तन के बड़े लक्ष्य को लेकर समाज के बीच जाएंगे स्वयंसेवक: क्षेत्र प्रचार प्रमुख

**❒ परखम में आयोजित पश्चिमी उप्र क्षेत्र के संघ शिक्षा वर्ग विशेष का समापन**

एजेंसी



मथुरा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पश्मिची उप्र क्षेत्र का पिछले 15 दिनों से फरह स्थित दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, गौ ग्राम परखम में संघ शिक्षा वर्ग विशेष का आयोजन चल रहा था। पश्चिमी उप्र के इस विशेष वर्ग का आज समापन हो गया। समापन अवसर पर प्रातः संघ स्थान पर पूर्ण गणेवश प्रशिक्षणार्थियों ने विभिन्न योगाभ्यास, दंड, नियुद्ध एवं शारीरिक प्रदर्शन किए। सांय दीक्षांत समारोह में स्वयंसेवक प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए क्षेत्र प्रचार प्रमुख पदम सिंह ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए पिछले 99 वर्षों से निरंतर कार्य कर रहे हैं। अगला वर्ष संघ का शताब्दी वर्ष है और इस शताब्दी वर्ष में संघ के स्वयंसेवक एक बड़े समाज परिवर्तन के लक्ष्य को साथ लेकर समाज के बीच में जाएंगे।

समाज में अनुशासन व देशभक्ति के भाव को बढ़ाने के उद्देश्य से संघ ने समाज में पंच परिवर्तन का आह्वान किया है ताकि अनुशासन एवं देशभक्ति से ओतप्रोत युवा वर्ग अनुशासित होकर अपने देश को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करे। इस पंच परिवर्तन में स्व का बोध, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण, सामाजिक समरसता एवं कुटुम्ब प्रबोधन हैं। पदम सिंह ने कहा कि स्व के बोध से नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होंगे। नागरिक कर्तव्य बोध अर्थात कानून की पालना से राष्ट्र समृद्ध व उन्नत होगा। सामाजिक समरसता व सद्भाव से ऊंच-नीच जाति भेद समाप्त होंगे। पर्यावरण से सृष्टि का संरक्षण होगा तथा कुटुम्ब प्रबोधन से परिवार बचेंगे और बच्चों में संस्कार बढ़ेंगे।

समाज में बढ़ते एकल परिवार के चलन को रोक कर भारत की प्राचीन परिवार परंपरा को बढ़ावा देने की आज महती आवश्यकता है। पंच परिवर्तन उभरते भारत की चुनौतियों का समाधान करने में समर्थ है। पंच परिवर्तन समाज में व्यवहार के रूप में स्थापित हों, इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। पंद्रह दिवसीय इस प्रशिक्षण वर्ग में ब्रज, मेरठ व उत्तराखंड के 198 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षणार्थियों में 41 से 65 आयुवर्ग के अधिवक्ता, चिकित्सक, श्रमिक, कर्मचारी, व्यापारी व अन्य ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। दीक्षांत समारोह में संघ के गौसेवा गतिविधि के अखिल भारतीय संयोजक अजीत महापात्रा, क्षेत्र प्रचारक महेंद्र, प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# बूथ स्तर पर प्रसारित हुआ मन की बात कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र के मन की बात कार्यक्रम के 116 वें संस्करण को जनपद में बूथ स्तर पर प्रसारित किया गया। बूथों पर भाजपा के जनप्रतिनिधि पदाधिकारी और कार्यकर्ता आमजनों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात सुना। मन की बात के 116वें संस्करण में प्रधानमंत्री मोदी ने एनसीसी दिवस के महत्व पर चर्चा की, जिसमें एनसीसी कैडेट्स के विकास और आपदा राहत में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

उन्होंने विकसित भारत के लिए युवा सशक्तिकरण पर जोर दिया और विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के बारे में बात की। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल क्रांति का हिस्सा बनने में मदद करने वाले युवाओं और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की सफलता की प्रेरक कहानियां भी साझा की। मन की बात कार्यक्रम के



जिला संयोजक व जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल ने बताया कि जनपद के सभी 2303 बूथों पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम प्रसारित किया गया।

जिसमें 38557 लोगों ने सहभागिता किया। जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द ने बताया कि रविवार को संगठन पर्व के अन्तर्गत सभी शक्ति केंद्र चुनाव अधिकारी अपने अपने शक्ति केंद्र में बूथ समिति की बैठक के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में सहभागी रहे।

# मूक बधिर विवाहिता के साथ सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

एजेंसी



जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के एक गांव में मूक बधिर विवाहिता के साथ दो युवकों के द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। रविवार को विवाहिता ने दोनों के खिलाफ नामजद तहरीर थाने में दे दिया है। उसने इशारों में ही और युवकों को दुष्कर्म में सामिल होना बताया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। गांव निवासी पीड़िता जन्म से मूक बधिर है। उसका पति भी मूक बधिर है। आरोप है कि शनिवार की शाम दोनों पति पत्नी ट्रैक्टर से खेत में धान की मड़ाई कर रहे थे। शाम लगभग साढ़े आठ बजे मड़ाई का काम खत्म हुआ तो ट्रैक्टर चालक ने अपने पैसे मांगे। गूंगे पति ने पैसे घर रखे होने का इशारा किया। चालक ने पैसे लाकर तुरंत देने को कहा। खेत से उसका घर लगभग आधा किमी दूर था। पति घर पैसे लाने पैदल ही चला गया। आरोप है कि इसी बीच मौका पाकर आरोपितों ने उसे खेत में ही पकड़ कर सामूहिक दुष्कर्म किया। पति को वापस खेत में लौटता देख आरोपित फरार हो गए। घटना के दूसरे दिन गांव में सुलह समझौते को लेकर दिन भर पंचायत चलती रही। लेकिन पीड़िता राजी नहीं हुई। विवाहिता ने घटना में शामिल ट्रैक्टर चालक सहित दो के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। उसने इशारों में ही इनके अलावा दो अन्य युवकों को भी दुष्कर्म में सामिल होना बताया। लेकिन उनकी पहचान वह नहीं कर पा रही है। इस संबंध में रविवार को जानकारी लेने पर थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह ने कहा कि हम आवश्यक कार्य से बाहर हैं। घटना की जानकारी नहीं है। मामला सही पाया गया तो आरोपितों को बख्शा नहीं जाएगा।

# पुलिस अभिरक्षा में घायल पशु तस्कर की उपचार के दौरान मौत

एजेंसी



जौनपुर। खेतासराय थाना अंतर्गत दो दिन पूर्व शुक्रवार को पुलिस की गोली से घायल आरोपी निसार अहमद की बीएचयू में इलाज के दौरान मौत हो गई। आरोपी निसार अहमद निवासी मारुफपुर थाना खेतासराय शुक्रवार की रात पुलिस से हुई मुठभेड़ में घायल हो गए थे। उनका पहले जिला अस्पताल में उपचार चल रहा था बाद हालत गम्भीर देखते हुए बीएचयू रिफर कर दिया गया था। जहां पर शनिवार देर रात उसकी मौत हो गई। जानकारी पर पहुंचे परिजनों को पुलिस ने शव नहीं सौंपा है और जौनपुर में रविवार को पोस्टमार्टम हुआ। इस मामले में थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि घायल आरोपी निसार का बी एच यू में इलाज चल रहा था देर रात उसकी मौत हो गई है। मृतक के ऊपर जनपद के विभिन्न थानों में आर्म्स एक्ट , पशु तस्करी समेत विभिन्न धाराओं में 9 मुकदमे दर्ज हैं । जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात थानाध्यक्ष रामाश्रय राय एक बदमाश का क्षेत्र के लेदरही से पीछा कर रहे थे सूचना पर खुटहन पुलिस ने भी घेरेबंदी की तो आरोपी निसार मुसहर बस्ती नहर पुल के पास बदमाश मोटर साइकिल छोड़कर भागने लगा पुलिस टीम द्वारा आत्म समर्पण के लिए कहने पर अपने हाथ में लिए तमंचे से पुलिस पार्टी पर जान से मारने कि नीयत से फायर कर दिया आत्म रक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की फायरिंग में में आरोपी निसार अहमद घायल हो गया था। उसे पैर में गोली लगी थी। तभी से उसका उपचार चल रहा था। मौत से गांव में दहशत का माहौल है। परिजन पी एम हाउस गए हुए हैं। मृतक निसार अहमद के तीन पुत्र आकिब 20 , साकिब 17आबिद 14 तथा एक पुत्री सानिया 11 है। पिता जलालुद्दीन का देहांत पहले हो चुका है। थाना अध्यक्ष ने बताया मृतक गौ तस्कर के शव का पोस्टमार्टम हो चुका है और भारी सुरक्षा के बीच शव गांव पहुंच गया है। परिजनों को शव दिखा भी गया है। पुलिस अभिरक्षा में मृतक के शव को सुपुर्द ए खाक किया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए गांव में भारी फोर्स की तैनाती की गई है।

## ट्रक लेकर भाग गया चालक, ट्रक स्वामी की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत

**पडरौना, कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिहार निवासी ट्रक चालक तुर्कपट्टी थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत बरवाराजापाकड़ निवासी ट्रक मालिक के दरवाजे से ट्रक लेकर गया तो वापस नहीं लौटा। कई दिन बाद ट्रक मालिक ने खोज खबर ली तो उसे गाली व जान से मारने की धमकी दी। ट्रक स्वामी ने तहरीर दी तो पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है। ग्राम पंचायत बरवाराजापाकड़ के सपही बरवा टोला निवासी राजपति कुशवाहा ने पुलिस को सौंपे तहरीर में लिखा है कि उनका ट्रक संख्या यूपी 57 टी 4482 का चालक मोहन चौरसिया पुत्र हरिहर निवासी ग्राम रुदलपुर (रुचि टोला) थाना कटेया जनपद गोपालगंज (बिहार) है। चालक 7 नवंबर 2024 को बरवा राजापाकड़ से बगास लादने के लिए ट्रक लेकर सेवरही चीनी मिल गया। शाम तक उसका अता पता नहीं चला तो फोन किया। लेकिन चालक से संपर्क नहीं हो सका। कई दिन तक पता न चलने पर पीड़ित स्वामी चालक के बिहार स्थित घर गया जहां गाड़ी तो नहीं मिली लेकिन वहां मौजूद एक व्यक्ति ने गाली व जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कार्यवाही की गुहार लगाई थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही चालक व ट्रक बरामद कर मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

## विनोद कुमार कश्यप को पी.एच. डी. की उपाधि मिली



**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर, छत्तीसगढ़ ने विनोद कुमार कश्यप लखनऊ को शोध अध्ययन (शिक्षा शास्त्र में) ''नई शिक्षा नीति में व्यवसायिक शिक्षा के मापदंड का अध्ययन '' पर शोध पूर्ण करने के पश्चात पीएडडी की उपाधि प्रदान किया गया । इस शोध का भविष्य में नई शिक्षा नीति को समझने, एवं व्यवसायिक शिक्षा के साथ सम्बन्ध, शिक्षा को और गुणवत्ता परक बनाने में मदद के साथ भावी विद्यार्थियों एवं शोधर्थियों को लाभ मिलेगा । शिक्षाविद विनोद कुमार कश्यप लखनऊ में त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज, बरावन कलां में कार्यरत है और शिक्षा के क्षेत्र को बेहतर बनाने के प्रयास में लगे रहते है । विनोद कश्यप के इस उपलब्धि पर उनके शुभचिन्तको एवं बधाई देने वालो का ताँता लगा रहा ।

## चार्टर्ड एकाउंटेंसी पर कैरियर काउंसिलिंग सत्र आयोजित




**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने अपनी कैरियर काउंसलिंग कमेटी के माध्यम से राजधानी के चिल्ड्रेन्स एकेडमी स्कूल में कैरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया।इसका उद्देश्य चार्टर्ड अकाउंटेंसी पर विशेष ध्यान देने के साथ छात्रों को विभिन्न कैरियर विकल्पों के बारे में ज्ञान प्रदान करना था। कैरियर काउंसिलिंग सत्र के मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद सीए देवेश अग्रवाल ने इच्छुक छात्रों के लिए छात्रवृत्तियों के अवसर और सीए पाठ्यक्रम के विभिन्न चरण और उनके महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। इसके अतिरिक्त संस्थागत शुल्क संरचना और परीक्षा प्रक्रिया के बारे में विवरण दिया गया।छात्रों की सहायता के लिए आईसीएआई द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाएं और संसाधनों के विवरण के साथ ही व्यावहारिक कौशल और पेशेवर विशेषज्ञता के निर्माण में इंटर्नशिप के महत्व पर प्रकाश डाला गया। चिल्ड्रेन्स एकेडमी के प्रबंधक स्वर्ण बत्रा और वाइस प्रिंसिपल सुश्री सीमा तिवारी ने छात्रों के कैरियर पथ को आकार देने में ऐसे सत्रों के महत्व पर जोर देते हुए आईसीएआई की पहल की सराहना की। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया एक विश्व स्तर पर मान्यताप्राप्त लेखा निकाय है जो अकाउंटेंसी के क्षेत्र में पेशेवरों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।आईसीएआई की कैरियर काउंसलिंग समिति छात्रों को उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त कराने की दिशा में मार्गदर्शन करने के लिए नियमित कार्यक्रम आयोजित करती है।

## युवक का झाडिय़ों में मिला शव, परिजनों ने हत्या करने के लगाए आरोप

**हमीरपुर।** रविवार को सड़क किनारे झाड़ियों के पास लापता युवक का शव बरामद हुआ है, सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों ने डंडे से पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। रविवार को बिंवार थाना क्षेत्र के चकदहा अंतर्गत लरौद मोड़ के पास रोड के किनारे झाड़ियो में एक युवक का शव मिला। शव की पहचान जगन्नाथ कुशवाहा पुत्र लल्ली कुशवाहा उर्फ खुशाली निवासी ग्राम चकदहा थाना मौदहा के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। वही मृतक के भाई पंचमलाल ने गांव के देशराज और एक अज्ञात व्यक्ति पर साथ ले जाकर और लाठी-डंडे से पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक के ससुर राजू का आरोप है कि रात में थाने जाकर शिकायत की गई।

# बुंदेलखंड में इकलौते कल्पवृक्ष अब आया सुरक्षा के दायरे में

एजेंसी



हमीरपुर। हमीरपुर शहर में यमुना नदी किनारे इकलौते कल्पवृक्ष को अब सुरक्षा के दायरे में कर दिया है। बाढ़ के दौरान यमुना नदी की कटान से यह एतिहासिक वृक्ष अब जल्द ही सुरक्षित रहेगा। डिपार्टमेंट ने शमशान घाट से लेकर कल्पवृक्ष होते हुए पतालेश्वर मंदिर तक नदी किनारे तटबंध को पूरी तरह से इंटरलाकिंग कराया है। साथ ही पथवें की भी तस्वीर बदली है जिससे सुबह की पहर में घूमने वालों को कल्पवृक्ष के दर्शन मिलेंगे। हमीरपुर शहर के बीचोंबीच यमुना नदी के कगार पर कल्पवृक्ष सदियां बीतने के बाद आज भी खड़ा है। यह वृक्ष बुंदेलखंड और आसपास के इलाकों में इकलौता है जिसके अतीत में कम से कम एक हजार साल का पुराना इतिहास छिपा है। यह वृक्ष भी बड़ा ही बिलक्षण है जो पूरे हमीरपुर शहर के आम लोगों के लिए आस्था का प्रतीक है। इस वृक्ष को शहर की आधी आबादी प्रतिदिन पूजा अर्चना करने आती है। त्योहारों में तो यहां कल्पवृक्ष के नीचे हमीरपुर, महोबा और कानपुर से तमाम लोग डेरा डालकर विशेष अनुष्ठान करते है। प्रत्येक एकादशी के दिन कल्पवृक्ष स्थल पर पूजन करने वाली महिलाओं का मेला लगता है। मौदहा बांध निर्माण खंड ने शमशान घाट से कल्पवृक्ष स्थल तक यमुना नदी किनारे इंटरलाकिंग कर इस पुराणिक वृक्ष को सुरक्षा के दायरे में कर दिया है। इसके साथ ही वाक पथ की तस्वीर भी बदले जाने से सुबह और शाम को घूमने वाले स्थानीय लोगों में खुशी देखी जा रही है। राजेश सिंह, समाजसेवी ज्ञानेन्द्र अवस्थी उर्फ गांधी व अशोक निषाद समेत तमाम लोगों ने बताया कि इंटरलाकिंग और वाक पथ बन जाने से अब यह एतिहासिक वृक्ष सुरक्षित हो गया है। वन विभाग के डीएफओ एके श्रीवास्तव के मुताबिक यह वृक्ष कम से कम एक हजार साल पुराना है। इसकी ऊंचाई करीब बत्तीस फीट है वहीं इसका तना करीब बीस फीट है। यह वृक्ष बुंदेलखंड का एकलौता वृक्ष है। सर्दी के मौसम में कल्पवृक्ष में झरने लगती है पत्तियां पौराणिक कल्पवृक्ष सर्दी के मौसम में सूखने लगता है। इसरी पत्तियां भी अब धीरे-धीरे झरने लगी है। एक सौ पांच साल वर्षीय विजय कुमारी व कैलाश वती ने बताया कि भयंकर सर्दी में कल्पवृक्ष पूरी तरह से सूख जाता है। लेकिन जैसे ही गर्मी शुरू होती है तो इसमें पत्तियां आने लगती है। बुजुर्ग बाबूराम प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि भीषण गर्मी में यह वृक्ष हरा भरा रहता है। इसमें बड़े-बड़े फूल भी खिलते है जो देखने में बड़े ही सुन्दर लगते है। इसमें फल भी आते है। लेकिन फल में बीज नहीं होता है। स्थानीय लोग फूल और फल औषधि के रूप में प्रयोग करने के लिए।

# बिना लाइसेन्स के चल रहे पांच नशा मुक्ति केंद्र पकड़े, नोटिस जारी

एजेंसी

गाजियाबाद। मानसिक रोग प्रकोष्ठ के नोडल और जिला सर्विलांस अधिकारी डा. आरके गुप्ता ने औचक निरीक्षण के दौरान बिना लाइसेन्स के संचालित किए जा रहे पांच नशा मुक्ति केंद्र पकड़े हैं। डॉ. गुप्ता ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पता चला है कि नशा मुक्ति केंद्र के नाम पर खूब गड़बड़ हो रही है। हर गली मोह?ल्ले में नशा मुक्ति केंद्र खुल गए हैं, जहां न कोई प्रशिक्षित डॉक्टर होता है, न पैरामेडिकल स्टाफ। इतना ही नहीं कई नशा मुक्ति केंद्र तो लाईसेंस के बिना ही संचालित किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान यह भी पता चला है कि इन केंद्रों में मरीजों को अंधेरे और गंदगी में रखा गया था।

कोई मेडिकल स्टाफ भी इन केंद्रों पर नहीं मिला। मानसिक रोग प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डा. आरके गुप्ता ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पकड़े गए नशा मुक्ति केंद्रों में माया नशा मुक्ति केंद्र, न्यू गॉडग्रेस फाउंडेशन ट्रस्ट, मन्नत फाउंडेशन, सेव लाइफ फाउंडेशन और एकांतर फाउंडेशन शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान इन सभी केंद्रों पर मानसिक स्वास्थ्य स्थापना अधिनियम, 2017 के नियमों का उल्लंघन होते पाया गया है। इनके पास कोई लाईसेंस या पंजीकरण भी नहीं मिला है। नोडल अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान इन पांचों केंद्रों में गंदगी और मरीजों की भीड़ देखने को मिली। अंधेरे और गंदगी वाले कमरों में मरीजों के पास बिस्तर तक नहीं थे। शौचालय भी बहुत ज्यादा गंदे मिले। मरीजों को अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में कमरों में भूसे की तरह भर दिया गया था। कमरों में रोशनी तक नहीं थी। इन केंद्रों पर कोई चिकित्सक या पैरामेडिकल स्टाफ भी नहीं रखा गया था। स्वास्थ्य विभाग ने केंद्रों को चेतावनी दी है और नोटिस जारी किए हैं। संतोषजनक जवाब न मिलने पर इन केंद्रों को बंद कराया जाएगा। आपको बता दें कि पिछले साल गाजियाबाद जनपद में इसी तरह 87 नशा मुक्ति केंद्रों को नोटिस दिया गया था। सभी केंद्रों के पास न तो राज्य मानसिक रोग प्रकोष्ठ, लखनऊ से प्राप्त लाईसेंस मिला था और न ही कोई पंजीकरण।

# भूमाफिया की रिश्तेदार चांदनी शुक्ला गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । नजूल की सरकारी जमीनों पर कब्जा करने के आरोपी भूमिया बृजेश अवस्थी की रिश्तेदार चांदनी शुक्ला को नगर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार क़र लिया है आरोप है कि भू माफिया बृजेश अवस्थी ने नजूल की सर कारी भूमि पर बनवाए गए आलीशान मकान को कार्रवाई के डर से महज डेढ़ सौ रुपये शुल्क के स्टांप पर अपने रिश्तेदार चांदनी शुक्ला के नाम बैनामा कर दिया था।नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि बीते छह नवंबर को नगर पालिका के अमीन गुरुचरण पाण्डेय ने नगर कोतवाली में केस दर्ज कराया था।इसमें आरोप लगाया कि भूमाफिया बृजेश अवस्थी ने सिविल लाइंस में कचहरी स्टेशन के सामने नजूल की जमीन पर कब्जा कर बनवाए गए आलीशान मकान को करनैलगंज के पूरे तिवारी की रहने वाली भूमिया बृजेश अवस्थी के रिश्तेदार चांदनी शुक्ला के नाम कर दिया।इसी दस्तावेज से चांदनी ने अवैध निर्माण ढहाने गई नगर पालिका टीम को गुमराह क़र दिया था।फिर जांच में खुलासा हुआ कि डेढ़ सौ रुपये शुल्क के स्टांप पर करोड़ों के मकान को बेच डाला था।वहीअपराध शाखा के प्रभारी निरीक्षक रण विजय सिंह और वरिष्ठ उपनिरीक्षक ब्रह्मानंद सिंह की अगुवाई वाली टीम ने पूरे तिवारी गांव से भूमिया बृजेश अवस्थी की रिश्तेदार चांदनी शुक्ला को गिरफ्तार कर न्यायालय से जेल रवाना कर दिया है।

# स्वतंत्रता के अमृत काल के अवसर पर वर्ष पर्यन्त आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । संविधान दिवस 26 नवम्बर, 2024 को स्वतंत्रता के अमृत काल के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में वर्ष-पर्यन्त विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण करते हुए स्वतंत्रता का अमृत काल चल रहा है। इस हेतु सम्पूर्ण प्रदेश में वर्ष 2024-2025 में वर्ष-पर्यन्त संविधान से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है जिसके लिए संसदीय कार्य विभाग को नोडल विभाग नामित किया गया है।

भारत के संविधान को अंगीकृत किये जाने की तिथि 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी उक्त अवसर पर प्रदेश में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। सम्पूर्ण प्रदेश में 26 नवम्बर 2024 को प्रातः 09:30 बजे से कार्यक्रम प्रारम्भ होंगे। मुख्य कार्यक्रम लोक भवन स्थित सभागार में आयोजित किया जायेगा जिसकी अध्यक्षता माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा की जायेगी। शासन स्तर पर आयोजित किए जा रहे संविधान दिवस के कार्यक्रम का सजीव नगरीय निकायों, जिला पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में किया जायेगा। कार्यक्रम में संविधान से सम्बन्धित वृत्त चित्र का प्रसारण भी किया जायेगा।

प्रदेश के समस्त जनपदों में उक्त अवसर पर जनपद के मा. प्रभारी मंत्री/वरिष्ठ सांसद/जनपद के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि/मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी की अध्यक्षता एवं उपस्थिति में तथा समस्त नगर निकायों/ जिला पंचायतों/क्षेत्र पंचायतों/ग्राम पंचायतों में क्रमशः महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, ग्राम प्रधान की अध्यक्षता एवं उपस्थिति में उनके कार्यालयों/सभाकक्षों में एवं प्रदेश के समस्त जनपद न्यायालय के अधिवक्ता सभागारों में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सचिव द्वारा अधिवक्ताओं के साथ (न्याय विभाग के माध्यम से) बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा/छायाचित्र के समक्ष संविधान की प्रति के साथ संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया जायेगा।

इस अवसर पर संविधान की विशिष्टताओं एवं उनमें वर्णित मौलिक कर्तव्यों पर प्रदेश के सरकारी/निजी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में पूर्वान्ह की अवधि में प्रधानाचार्य अथवा वरिष्ठ शिक्षक द्वारा छात्रों के समक्ष उदबोधन देकर प्रस्तावना का वाचन किया जाय तथा अपरान्ह की अवधि में भारत के संविधान एवं उसमें उल्लिखित नागरिक कर्तव्यों पर प्राथमिक कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए वाद-विवाद एवं पूर्व माध्यमिक/माध्यमिक कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाय। इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 03 छात्र/छात्राओं को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाय। प्रदेश के समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों (चिकित्सा शिक्षा/प्राविधिक शिक्षा/कृषि शिक्षा एवं व्यावसायिक शिक्षा सहित) की समस्त कक्षाओं में शिक्षकों द्वारा समस्त छात्र/छात्राओं सहित पूर्वान्ह की अवधि में संविधान की प्रस्तावना का वाचन एवं अपरान्ह की अवधि में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाय। शासन द्वारा निर्णय लिया गया हैं।

# मनरेगा के मस्टर रोल में चल रहा भ्रष्टाचार का खेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। सुनने में भले आपको ये महज बॉलीवुड की किसी मूवी का गाना लग रहा हो लेकिन इसकी हकीकत देखनी है तो गोण्डा जिले के पंडरी कृपाल ब्लॉक के ग्राम पंचायत दरियापुर हरदो पट्टी में चले आइये।जिस गाँव का रोजगार सेवक और प्रधान प्रतिनिधि ने मनरेगा मजदूर की गाढ़ी कमाई का विलेन बन जीरो में ऐसा कारनामा किया कि इन मनरेगा मजदूरों का फर्जी मस्टर रोल जारी क़र पूरा पैसा खुद उड़ा रहे हैं न शून्य में जब तक कोई संख्या न हो तो उसका कोई अस्तित्व नहीं रहता लेकिन अगर.....जैसा दरियापुर हरदो पट्टी प्रधान प्रतिनिधि हो तो सब कुछ सम्भव है।मनरेगा के मजदूरी के बजट में प्रधान ने सरकारी धन की लूट क़र रहे है यहां प्रधान प्रतिनिधि ने फर्जी मस्टर रोल लगाकर गरीबों का हक छीना और सरकारी योजना को पलीता लगाया जा रहा है।

सरकारी धन का हो रहा बंदर बाट मनरेगा योजना की शुरुवात वैसे तो गांव में निवास करने वाले बेरोजगार गरीबों के कल्याण के लिए की गई थी, मगर दरियापुर हरदो पट्टी के प्रधान प्रतिनिधि ने सरकार के इस विकास योजना की योजना को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया है गरीबों के हक का पैसा प्रधान प्रतिनिधि ने खुद और अमीरों के हवाले कर दिया है।मोदी और योगी सर कार ने जो धन गरीब को भेजा उस पर प्रधान प्रतिनिधि ने खेल कर दिया अगर गौर करे कि आखिर फर्जी मस्टर रोल कैसे तैयार हो रहा है और यह सब सुनकर कर आप भी चकरा जायेंगे। पंडरी कृपाल ब्लॉक के कर्मचारी और गांव के सेक्रेट्री सहित गांव के प्रधान प्रतिनिधि को हर एक जॉब कार्ड को वेरिफाई करना होता है ऑनलाइन मस्टर रोल में ऐप पर हाजिरी लगानी होती है।मगर फर्जी मस्टर रोल फीड क़र सारे सिस्टम को चुनौती दी जा रही है।दरियापुर हरदो पट्टी गाँव में तीन मस्टर रोल चल रहा है 181 श्रमिकों की हाजिरी लगा रही है।सूत्र बता रहे की धरातल पर सिर्फ नाम मात्र श्रमिक काम कर रहे है।

इस कारनामे को अंजाम देने के लिए सिर्फ प्रधान ही जिम्मेदार नहीं है,बल्कि ब्लॉक के जिम्मेदार अफसर की भी इसमें बराबरी की हिस्सेदारी है,जो कमिशन के चक्कर में अपना ईमान तक बेच देते हैं। फर्जी मस्टर रोल भर क़र सरकारी धन का जमकर बंदरबाट किया जा रहा है प्रधान प्रतिनिधि ने गांव में सिर्फ कागजों में विकास की गंगा बहा दी है।

### राजनीतिक पहुंच के जरिये करता रहा घोटाला

बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए दरियापुर हरदो पट्टी प्रधान प्रतिनिधि ने ऐसा जाल बुना कि जिले के विकास भवन में बैठे बड़े वाले साहब भी भांप नहीं पाए कि दरियापुर हरदो पट्टी के प्रधान प्रतिनिधि एक रसूख और राजनीति में उसकी अच्छी पकड़ है,जिसके बलबूते वह हर प्रकार घोटाला कर रहा है।सूत्र बता रहे है कि शौचालय, सड़क,पीएम आवास,जैसे तमाम योजनाओं में दरियापुर हरदो पट्टी के प्रधान प्रतिनिधि ने पूरी लगन और निष्ठा के साथ गोलमाल किया है जो भी नए और ईमानदार अधिकारी इस ब्लॉक का चार्ज लेंगे तो यकीन मानिए दरियापुर हरदो पट्टी गांव के प्रधान प्रतिनिधि का नाम घोटालेबाजों की लिस्ट में सुनहरे अक्षरों में लिख क़र जाएंगे।वही पूरे ब्लॉक ही नहीं जनपद के सभी ब्लॉकों पर शायद ही कोई ऐसा सरकारी और गरीबों के हक का लुटेरा होगा जिसने पराकाष्ठा पार कर दी हो दरियापुर हरदो पट्टी ने अपने नाम का प्रयोग कर दूसरे गरीब का हक तो मारा ही है।ब्लॉक सरकारी धन के लूट मामले में जिले में नंबर एक पर है हो भी क्यों न सूत्र बता रहे है कि ब्लॉक के बीडीओ ने अपने मातहतों को लूट करने की खुली छूट जो दे रखी है ब्लॉक के जिम्मेदार कर्मचारी ने अपनी नौकरी दांव पर लगा कर के इस लूटकांड में शामिल हो गया।अब ऐसे में सवाल उठाना तो लाजमी है।

# सड़क के दोनों ओर दुकानदारों ने जमाया अवैध कब्जा, नहीं हो रही कार्रवाई

❒ अतिक्रमण से बिगड़ी यातायात व्यवस्था,प्रशासन ने उठाए कड़े कदम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । जिले के कस्बे में सड़कों पर अतिक्रमण होने से आए दिन जाम के हालात बन जाते हैं।राहगीरों,वाहन चालकों को मिनटों का सफर घंटों में तय करना पड़ता है। कस्बे के अंदरूनी हिस्से की यातायात व्यवस्था चरमरा गई है।सड़कों पर दुकानदारों द्वारा अंतिक्रमण करने और यातायात पुलिस की अनदेखी के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।बाजार के हालत इतने खराब है कि चौड़ी सड़कें दुकानें खुलते ही सिकुडने लगती है। दोनों ओर के दुकानदार सड़कों को ही शोरूम बना देते हैं। आधी से ज्यादा सड़क पर सामान रख दिया जाता है। उसके आगे फुटपाथ पर पूर्ण रूप से कब्जा कर रख्खा है जिसके कारण बाकी सड़क पर दुकानदार और ग्राहकों के वाहन खड़े होने मे परेशानी होती हैं।ऐसे में राहगीरों और वाहन चालकों के हिस्से बमुश्किल एक चौथाई सड़क ही आती है।बाजार क्षेत्र में भी सुबह से लेकर देर रात याता यात में अवरोध पैदा होने से राहगीर परेशान हैं।कस्बे की मुख्य मार्ग पर किराना,स्टेशनरी,धार्मिक सामग्री,मेडिकल स्कूल सामग्री,कपड़ा सहित अन्य जरूरी सामानों की दुकानें हैं।दुकानदारों ने शेडो के जरिए तो कई दुकान सामान और शोकेस के लिए सड़कों पर दुकान खुलते ही अतिक्रमण कर लेते हैं। यहां आने वाले लोग भी सड़कों पर ही गाड़ी खड़ी करके खरीदारी करते हैं।जिससे मार्ग पर सुबह 11 बजे से लेकर रात आठ बजे तक गहमा गहमी बनी रहती है।इसी बीच यदि कोई चार पहिया वाहन या हाथठेला मार्ग पर आ जाता है तो यातायात ठप सा हो जाता है।यह स्थिति दिन में कई बार बन जाती है। नसे विवाद की स्थिति तक बन जाती जाम है। इसके आसपास के कुछ दुकानदारों ने सड़क पर करीब दस फीट तक कब्जा कर रखा है।कुछ दुकानदार तो ऐसे हैं कि दुकान का लगभग पूरा सामान ही सड़क पर रख देते हैं। स्थिति को इतनी खरान्न है कि दुकानदारों का सामान ही. सड़क पर रखा होता है, बची कसर हाथ ठेला चालक पूरी कर देते हैं।इसके अलावा सब्जी विक्रेता बाजार छोड़कर मुख्य सड़क पर दुकानें दुकान लगा रहे हैं।अगले सप्ताह अभियान चलाकर नगर मे अतिक्रमण हटाया जाएगा हम लोग तो चाहते हैं कि नगर अतिक्रमण मुक्त हो।इसके लिए दुकानदारों को मानसिकता बदलनी होगी।अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हुई थी।

# वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थी को मृत घोषित कर रोक दी पेंशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले में समाज कल्याण विभाग के जिम्मेदारों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है,जिससे पात्र जरूरत मंद लोग ब्लाक से लेकर जिले स्तर तक चक्कर लगाने को मजबूर हैं। विकासखंड रूपईडीह के एक ग्राम पंचायत में वृद्धावस्था पेंशन का लाभ ले रहे एक लाभार्थी को मृतक घोषित कर उसकी पेंशन बंद कर दी गई,जिसकी जानकारी लाभार्थी को होने पर जिला समाज कल्याण अधिकारी को पत्र देकर पेंशन दिलाने की मांग करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। मामला रूपईडीह विकास खंड के ग्राम पंचायत पुरैनिया के निवासी रामतीरथ से जुड़ा है, जिन्हें वृद्धावस्था पेंशन मिल रही थी। लेकिन कई महीनों तक लाभार्थी को पेंशन न मिलने पर उसने जानकारी किया तो पता चला कि मृतक होने के कारण उसकी पेंशन बंद हो गई है।

पीड़ित ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को प्रार्थना पत्र लिखकर पेंशन दिलाने की मांग की,लेकिन अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नही की गई।इसी गांव निवासी राधेश्याम ने बताया कि डेढ़ साल पहले वृद्धावस्था पेंशन के लिए आवेदन किया गया,लेकिन आज तक पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल सका।

जानकारी के लिए ब्लाक मुख्यालय पर गए,लेकिन जिम्मेदार अधिकारी के न मिलने से कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है।बताया जाता है कि ब्लाक मुख्यालय पर पेंशन योजना के लिए लगभग चार दर्जन से अधिक लोगों के द्वारा आवेदन किया गया है,लेकिन जिम्मेदार अधिकारी के सप्ताह में बैठने का दिन निर्धारित न होने के कारण लाभार्थियों को जानकारी नहीं मिल पा रही है। इस संबंध में बीडीओ अभय कुमार सिंह ने बताया कि समाज कल्याण कर्मचारी सप्ताह में आते हैं,कई ब्लाक की जिम्मेदारी होने के कारण सप्ताहिक दिवस में नहीं बैठते हैं।

# चोरों के आतंक से छपिया थाना के क्षेत्रवासी परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले के छपिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत लूट, चोरी व नकबजनी की घटनाओ में लगातार बढ़ोत्तरी होती जा रही है।अपराधी एक के बाद एक घटनाओं को कुशलतापूर्वक अंजाम देते जा रहे हैं, लेकिन पुलिस के हाथ हर घटनाओं के बाद खाली दिखाई पड़ रहे हैं। इसी क्रम मे बीती रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए छत के जीने के रास्ते घर में घुसकर 15 हजार नगदी सहित बहुमूल्य जेवरात उठा ले गये।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।बताते चलें कि छपिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मसकनवा कस्बे के गौराचौकी रोड स्थित काली माता मंदिर हरिजन में शनिवार की रात में अनुसूचित जाति की महिला ऊषा देवी पत्नी स्वर्गीय दुर्गा प्रसाद के घर में अज्ञात चोर छत के जीने का दरवाजा तोड़ घर में घुसकर कई बक्से का ताला तोड़कर बक्से मे रखे पन्द्रह हजार नगदी सहित बहुमूल्य जेवरात उठा ले गये। इतना ही नही घर रखे समस्त सामान को तितर-बितर कर दिया। महिला अपने दस वर्षीय पोती के साथ घर में अकेली रहती है।सुबह जब सोकर उठी तो देखा सभी सामान बिखरे थे।जीने का दरवाजा टूटा हुआ नगदी 15 हजार रूपये बहुमूल्य जेवरात गायब थे। महिला ने डायल 112 पर घटना की सूचना दी।डायल 112 के कर्मियों ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की उसके उपरांत चौकी प्रभारी मसकनवा तेज नरायन गुप्ता ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है। महिला घरो में सफाई व मसकनवा कस्बे के सेन्ट मैरी विद्यालय में कार्य करती है वही से पन्द्रह हजार रूपए उसे पारिश्रमिक के रूप में मिले थे । पीड़िता महिला के पति व पौत्र -बहु की मौत हो चुकी है और वह अपने पोती के साथ घर मे अकेली रहती है।एक माह के अंतराल मे तीन सौ मीटर के अन्दर मसकनवा कस्बे के गौरा चौकी रोड पर बद्री प्रसाद गुप्ता,संतोष उर्फ संतोखी गुप्ता सहित तीन चोरी की घटना हुई है ।

12 नवम्बर को दिन दहाड़े एक बाइक सवार अपनी पत्नी के साथ अपने रिस्तेदारी में आया था बाइक सवार बदमाशो पिपरही के वन पौधशाला के पास कट्टे के बल पर महिला का सोने के गले का हार,सोने का झाला व मोबाइल एक हजार नगदी लूट लिया।जिसका मुकदमा भी दर्ज है लेकिन छपिया पुलिस के हाथ अभी खाली है और कोई सुराग नहीं लगा सकी है।

### छपिया थानाध्यक्ष को घटना बताने से कतराते लोग

छपिया थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृष्ण गोपाल राय के पास अब पीड़ित जाने से कतराने लगे हैं।घटना चाहे छोटी हो या बड़ी अगर पीड़ित थाने पर पहुंचता है तो थाना प्रभारी के कोप भाजन का शिकार होना तय है।अभी कुछ दिन पहले चोरी की घटना मे मसकनवा कस्बे के बद्री प्रसाद गुप्ता मुकदमा दर्ज कराने गये थे मुकदमा तो किसी तरह दर्ज कर लिया,वहीं एफआईआर कापी देते समय पीड़ित को हड़ काते हुए कहा की ले जाकर मिढ़ाकर इसे दुकान के सामने टांग देना तुम्हारा सामान वापस आ जायेगा।बता दें कि आज तक चोरी का खुलासा नही हो पाया है और थाना प्रभारी के इस अभद्र पूर्ण व्यवहार से पीड़ित छपिया थाना जाने से कतराने लगे हैं और भय के साए में जी रहे हैं।

# 10 करोड़ की लागत से होगा 103 वर्ष पुराने पैमेश्वर गेट पुल का चौड़ीकरण



एजेंसी

फिरोजाबाद। पेमेश्वर गेट रेलवे पुलिया के निर्माण व चौड़ीकरण का कार्य 10 करोड़ की लागत से होगा। रविवार को भाजपा विधायक मनीष असीजा ने हवन यज्ञ कर भूमि पूजन किया। भाजपा सदर विधायक मनीष असीजा ने बताया कि पेमेश्वर गेट रेलवे पुलिया के निर्माण व चौड़ीकरण का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ है। इस 103 वर्ष पुरानी पुलिया के चौड़ीकरण, बर्तमान में 3 मीटर के स्थान पर 4.50-4.50 मीटर चौड़ी 2 पुलियों के निर्माण के उपरांत लाइन पार क्षेत्र की लाखों की आबादी को ट्रैफिक की दृष्टि से बहुत लाभ मिलेगा। जाम से मुक्ति मिलेगी। एम्बुलेंस फॉयर बिग्रेड व बड़ी गाड़ियों का भी आवागमन सुलभ होगा। इस क्षेत्र के निवासियों के जीवन स्तर में अभूतपूर्व प्रगति होगी। इससे लगने वाले अनेक गांव जैसे बासठ, सोफीपुर, ख़ंजापुर, गाजीपुर, नगला चुरा, मुल्ला का नगला, पहाड़पुर, नसीरपुर, जहांगीरपुर, बरकतपुर, जमालपुर, बिल्हना, दिल्ली-लखनऊ एक्सप्रेसवे, बालचंद्रपुर, फतेहाबाद आदि की लाखों की आवादी को आवागमन में अभूतपूर्व लाभ मिलेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महापौर कामिनी राठौर, जिलाध्यक्ष भाजपा ठा. उदय प्रताप, नानक चंद्र अग्रवाल, सुनील टण्डन, सुनील शर्मा, अनुपम शर्मा, अनिल भारद्वाज, सत्यबीर गुप्ता, श्यामसिंह यादव, रविन्द्र शर्मा, प्रमोद बघेल, अमित गुप्ता, देशदीपक राजा, पंकज यादव पार्षद उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक डॉ. हरेंद्र प्रसाद सहित दो लोगों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

एजेंसी



जौनपुर। जफराबाद के पूर्व विधायक डॉ. हरेंद्र प्रसाद सहित दो लोगों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज करने के लिए कोर्ट ने नेवढ़िया पुलिस को आदेश दिया है । नेवढ़िया पुलिस ने जफराबाद के पूर्व भाजपा विधायक डॉ. हरेंद्र प्रसाद सिंह व ठेकेदार दिलीप तिवारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह कार्रवाई न्यायालय आदेश पर की गई । दोनों लोगों पर वर्ष 1857 के स्वतंत्रता आंदोलन के सेनानी रहे राजा संग्राम सिंह के नेवढ़िया कोट स्थित कीर्ति स्तम्भ को तोड़ फोड़ कर क्षतिग्रस्त करने व शिलापट्ट से ढकने का आरोप है । सेवानिवृत्त जिला जज व राजा संग्राम सिंह जन कल्याण संस्थान नेवढ़िया कोट के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने पूर्व विधायक डॉ. हरेंद्र प्रसाद सिंह व ठेकेदार दिलीप तिवारी के विरुद्ध एसीजेएम एमपी एमएलए कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था । राजा संग्राम सिंह के पुत्र व वादी राजेन्द्र सिंह के पिता पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति रहे हरिमूर्ति सिंह , आईएएस उनके भाइयों व दलपतपुर गांव के कुछ मनिंद लोगों ने मिलकर 12 अप्रैल 1994 को ट्रस्ट का पंजीकरण कराया । इसके बाद नेवढ़िया कोट पर राजा संग्राम सिंह के कीर्ति स्तम्भ का निर्माण कराया । वादी संग्राम सिंह जनकल्याण संस्थान ट्रस्ट के पदेन अध्यक्ष हैं। इस मामले में रविवार को हिन्दुस्थान समाचार प्रतिनिधि से बात करते हुए भाजपा के पूर्व विधायक डॉ. हरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि मैं जनप्रतिनिधि था लोगों के यहां आना जाना लगा रहता था। एक निजी कार्यक्रम में नेवढ़िया के उत्तरपट्टी कोट गांव में गया था । लोगों व संभ्रांत जनों की मांग थी कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्राम सिंह के नाम से एक शहीद स्मारक बनवाया जाए। जनपद की आस्था को देखते हुए मैंने स्मारक का निर्माण व सुन्दरीकरण करवा दिया । लोगों के कहने पर मैन प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया। शासन की स्वीकृति के बाद यूपीपीसीएल कंपनी को टेंडर हुआ । यूपीपीसीएल कंपनी ने कार्य कराया ।

### कानपुर :पॉक्सो एक्ट के आरोपित गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**कानपुर।** ग्वालटोली थाने की पुलिस टीम ने नत्था पुरवा मोहल्ले में स्थित प्राइमरी स्कूल के पास से पास्को एक्ट के आरोपित को गिरफ्तार किया और उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। अपर पुलिस उपायुक्त मध्य महेश कुमार ने बताया कि ग्वालटोली थाना क्षेत्र के धारमखेड़ा निवासी शिवम पुत्र राकेश कुमार निषाद के खिलाफ एक नवम्बर को पीड़ित की तहरीर पर धारा 137(2)/87/65(1) बीएनएस व ५(2) पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मुकदमा दर्ज करके आरोपित की तलाश शुरू कर दी और रविवार को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पीड़ित ने आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री को बहला फुसला कर घर से भगा ले गया। उसके आरोप के मुताबिक उपरोक्त धारा के तहत मुकदमा दर्ज करके जांच की गई और जांच के बाद उसे आज गिरफ्तार करके जेल भेजा गया।

### रिश्तेदारों के बीच चली गोली, एक की मौत, एक की हालत गम्भीर

**बागपत।** बागपत जिले के लुहारा गांव की बारात में शादी समारोह के दौरान हुए झगड़े के बाद हुई गोली बारी में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। जबकि एक की हालत गम्भीर है। उसको रेफर किया गया है। कई लोग घायल हैं, जिनका इलाज जारी है। बारात वापस लौटने के बाद रिश्ते के फूफा, बुआ और मामा के बीच झगड़ा बताया गया है। साले ने जीजा को मौत के घाट उतार दिया। छपरौली थाना क्षेत्र के शेरपुर लुहारा गांव के निरंकार पुत्र रामेश्वर की शादी थी। 23 नवंबर की रात एक बारात शामली के एक फार्महाउस गयी थी। जहां रिश्तेदारों के बीच डीजे पर डांस को लेकर विवाद हो गया। मारपीट हुई, बड़े बुजुर्गों ने विवाद को शांत कराया और धनेश्वर व उसके बड़े भाई को लुहारा गांव भेज दिया। बताया गया है कि देर रात बारात वापस आ गयी। करीब एक बजे धनेश्वर के ताऊ राम ऋषि की साली का दामाद विशाल कुमार निवासी मोदीनगर, मोदीनगर से 2-3 गाड़ी में कुछ युवकों को लेकर लुहारा गांव पहुंचा और घर मे घुसकर गली गलौज और मारपीट कर दी। झगड़े के दौरान चली गोली में 45 वर्षीय धनेश्वर की छाती में गोली लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। एक की हालत गम्भीर पांच घायल रात करीब एक बजे हुई मारपीट में एक युवक की हालत गम्भीर है जिसको रेफर किया गया। इसके साथ ही महिलाओं सहित पांच अन्य लोग भी घायल हुए हैं। उनको छपरौली सीएचसी में भर्ती कराया गया है। साले ने जीजा को मारी गोली बताया गया है कि मोदीनगर निवासी विशाल रिश्ते में धनेश्वर का साला लगता है। घर में हुई कई राउंड फायरिंग में एक गोली धनेश्वर की छाती में लगी।

# डीएम ने कान्हा एवं कितनापुर गौशाला का किया औचक निरीक्षण

## मिली खामियां सचिव का वेतन रोकने एवं प्रधान को नोटिस भेजने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीसलपुर में निर्माणाधीन रामलीला सड़क का किया निरीक्षण एवं सड़क निर्माण कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

पीलीभीत।जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने विकासखण्ड क्षेत्र बरखेड़ा के अन्तर्गत कान्हा गौशाला एवं बीसलपुर क्षेत्र अंतर्गत कितनापुर गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निराश्रित गोवंशों हेतु भूसा,पीने योग्य पानी,हरा चारा,साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कान्हा गौशाला में 185 एवं कितनापुर गौशाला में 102 गौवंशों को संरक्षित किया गया।जिलाधिकारी ने गौवंशों की देखरेख एवं कृत्रिम गर्भाधान के सम्बन्ध में जानकारी ली।इसके साथ ही उन्होंने गोवंशों के ईयर टेगिंग के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौ वंशों को नियमित हरा चारा देने के निर्देश दिए।कान्हा गौशाला में गोबर गैस प्लांट बंद पाए जाने पर उसको चालू करने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूसे की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की है।इसके साथ ही कितनापुर गौशाला में पानी की मोटर खराब पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और मोटर को तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कितनापुर गौशाला में छोटी छोटी कमियां पाए जाने पर पंचायत सचिव का वेतन रोकने एवं ग्राम प्रधान को नोटिस देने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने गौशालाओं की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। इसके साथ ही साथ उन्होंने बीसलपुर में 15 किलोमीटर निर्माणाधीन रामलीला रोड़ का निरीक्षण किया एवं सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए।इस दौरान तहसीलदार बीसलपुर, पंचायत सचिव,लेखपाल, ग्राम प्रधान सहित अन्य उपस्थित रहे है।

# केन्द्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ देखी द साबरमती रिपोर्ट फिल्म



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह के नेतृत्व में जिले के पदाधिकारियों का एक दिवसीय भ्रमण केन्द्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद के कार्यालय में रहा।सर्वप्रथम सभी पदाधिकारी मंत्री के आवास पहुंचे जहां पर देश के सबसे लोकप्रिय गायक कार कैलाश खैर से मुलाकात हुई।सभी पदाधिकारियों ने मंत्री जितिन प्रसाद से संगठन चुनाव से संबन्धित विस्तृत चर्चा करते हुए महाराष्ट्र चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत पर मंत्री जितिन प्रसाद ने सभी को बधाई दी।फिर संगठनात्मक आदेशानुसार एक पीवीआर सिनेमा जाकर गुजरात का वह काले दिन पर आधारित फिल्म जब अयोध्या से चलकर अपने अपने घरों को जा रहें कारसेवकों को जिंदा जलाया गया था?।द साबरमती रिपोर्ट देखी गई।एक दिवसीय कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री अनुराग अग्निहोत्री,जिला महामंत्री लेखराज भारती,अमित अग्रवाल,महादेव ग्यान,जिला उपाध्यक्ष कमलेश गंगवार,गोकुल प्रसाद मौर्य,जिला कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता,जिला मंत्री संजीव मोहन अग्रवाल,मंगली प्रसाद वर्मा,भारतेन्दु कुमार,आयुष मिश्रा,जिला मीडिया प्रभारी स्वतंत्र देवल,जिला सोशल मीडिया प्रभारी अनिकेत कुमार का जाना हुआ है।

# माइनर की जेसीबी मशीन से सफाई करने पर किसान ने की शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।तहसील क्षेत्र के गांव तकिया दीनारपुर के रहने वाले कुलविन्दर सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था। कि गोपालपुर माइनर शारदा सागर खण्ड की सफाई ठेकेदार के द्वारा जेसीबी मशीन से सिर्फ खानापूर्ति की जा रही हैं। जिससे सही तरीक़े से साफ सफाई नहीं हो पा रही हैं। और किसानों को नहर का पानी नहीं मिल पा रहा है। जिसकी वजह से फसलों की सिचाई को लेकर समस्या उत्पन्न हो रही हैं। झाडियां की बजह से जंगली जानवरों का खतरा भी बना हुआ है। इसी को लेकर वीडियो वायरल कर जिलाधिकारी से मामले में जाँच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# आचार्य शान्तनु जी महाराज ने ब्लाक प्रांगण में पीपल का वृक्ष लगाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी। विकास खण्ड तिलोई के प्रांगण में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज ने पीपल का वृक्ष रोपित किया और पीपल के वृक्ष से होने वाले फायदे के बारे में आम जनमानस को जानकारी दी। कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि पीपल का पौधा लगाने से कुंडली के ग्रह दोष दूर होते हैं।पीपल के पेड़ पर जल चढ़ाने से शनि की साढ़ेसाती और ढैय्या के बुरे प्रभाव दूर होते हैं।उन्होंने पीपल के औषधीय फ़ायदे बताते हुये कहा कि पीपल के पेड़ से रंग में निखार आता है और खून को साफ़ करता है।पीपल के पेड़ में मौजूद गुण सांस, दांत, सर्दी जुकाम, खुजली, और नकसीर जैसी परेशानियों को दूर करने में कारगर हैं और पीपल के पेड़ की छाल का काढ़ा बनाकर पीने से ज्वर में राहत मिलती है। उन्होंने कहा कि पीपल दुनिया के सबसे ज़्यादा आक्सीजन देने वाले पेड़ों में से एक है। हर व्यक्ति को पीपल का पेड़ लगाने के साथ ही उसकी देखभाल करनी चाहिये। इस मौके पर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, मृगांकेश्वर शरण सिंह, कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, दिग्विजय सिंह, जय सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## यातायात पुलिस ने एक सौ सत्तर वाहनों का किया चालान

अमेठी। यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता माह नवम्बर के चौबीसवें दिन अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आमजनमानस को जागरूक किया गया।पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार के पर्यवेक्षण एवं समस्त क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में रविवार को यातायात जागरूकता माह नवम्बर के चौबीसवें दिन यातायात पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र गौरीगंज में आम जनमानस को सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों का पालन करने हेतु निवेदन किया गया तथा दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन (जैसे गलत दिशा में वाहन चलाना, सड़क के किनारे हाईवे पर अवैध रूप से पार्किंग कर वाहन खड़ा करना व तेज गति से वाहन चलाना आदि) करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।चेकिंग के दौरान एक सौ सत्तर वाहनों का चालान कर कुल दो लाख पांच हजार रुपये का जुर्माना योजित किया गया।

# नये भारत के लिये शिक्षा के साथ ही संस्कार भी आवश्यक : शान्तनु जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### श्रीराम कथा के तृतीय दिवस पर श्रोताओं को समाज सेवी मनीष सिंह के सौजन्य से प्रसाद वितरित किया गया

तिलोई अमेठी। आरवीएस इण्टर कालेज तिलोई के प्रांगण में राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के तृतीय दिवस की कथा में आचार्य शान्तनु जी महाराज ने जन्मोत्सव की बधाई के साथ प्रारम्भ किया। आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि जब भगवान प्रगट हुये तो देवता भी आकाश मार्ग से पुष्प की वर्षा करने लगे और अयोध्या के नागरिक भगवान के दर्शन के लिये दौड़ पड़े। इसी प्रसंग के अंतर्गत महाराज जी ने अयोध्या वासियों का उदाहरण देकर भगवान के दर्शन की आचार संहिता बताई की जो जैसैई तैसेइ उठि धावा। भगवान को प्राप्त करने के लिये किसी भी प्रकार की बनावट दिखावट की आवश्यकता नही है आप जैसे हो उसी प्रकार से बस परमात्मा को पाने के लिये दौड़ जाओ और भजन में भक्ति में परमार्थ में स्वार्थी होना ही पड़ता है और जो जितना भजन में स्वार्थी हो जाता है संसार के व्यवहार में परमार्थी हो जाता है।आचार्य शान्तनु जी महाराज ने नामकरण संस्कार की चर्चा करते हुये कहा कि नाम संतों,शास्त्रों,बड़े बुजुर्गों और विद्वानों से पूंछकर ही रखना चाहिये क्योंकि हमारे यहां पुरानी कहावत है यथा नाम तथा गुणः नाम से ही पालक में किस प्रकार के गुणों का निर्माण होने लगता है इसीलिये वशिष्ठ जी ने चारों भाइयों का नामकरण विशेष प्रकार से किया।उन्होंने भारत के प्राचीन महान वैदिक गुरुकुल शिक्षा परंपरा के ऊपर भी प्रकाश डाला कि भगवान चारों भाइयों के सहित गुरुकुल में पढ़ने गये इसलिए आज भी वह गुरुकुल वैदिक परंपरा प्रासंगिक है क्योंकि आज हम शिक्षित तो बना पा रहे हैं समझदार नही बना पा रहे हैं शिक्षा और समझदारी में अंतर है और नये भारत का निर्माण यदि करना है शिक्षा के साथ ही साथ संस्कार की भी अत्यंत आवश्यकता है हम आने वाली पीढ़ियों को पैसे कमाने की मशीन बना रहे हैं और ऐसे बालक कभी भी अपने माता पिता परिवार समाज राष्ट्र महत्व नही समझते अतः भारत को यदि पुनः स्थापित करना है इन छोटी छोटी बातों पर विशेष ध्यान देना चाहिये।

आचार्य शान्तनु जी महाराज ने विश्वामित्र यज्ञ रक्षा के प्रसंग में कहा कि भगवान विश्वामित्र जी के साथ जाकर उनके यज्ञ की रक्षा करते हैं अर्थात जिस को भी अपने जीवन रूपी यज्ञ कि यदि की रक्षा करना है उसको राम और लक्ष्मण अवश्य साथ रखने होंगे राम यानी सत्य लक्ष्मण यानी वैराग्य त्याग समर्पण तो जीवन में सत्य की सुगंध भी आनी चाहिये वैराग्य समर्पण भी बनना चाहिये।महाराज जी ने कहा कि गंगा गीता गौरी गायत्री यह भारत के प्राण की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा के रहने वाले तारक पुत्र अभिमन्यु बताया जा रहा है कि शुक्रवार को घरेलू कलह होने के चलते घर से निकला था। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका था। शनिवार चार बजे दुसरे दिन भी परिवार के लोग उसकी तलाश कर रहे थे। बताया जा रहा है कि धनाराघाट के पास में स्थित जंगल शव होने की सूचना पर परिजन पहुंच गई और परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंच गई पर परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया और शव अपने घर ले गए। घटना को लेकर मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## रैली को सफल बनाने के लिए भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष ने की प्रेस कन्फ्रेंस

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर में स्थिति भीम आर्मी एकता मिशन कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ कुलदीप भार्गव ने 26 नवंबर को होने वाली संविधान बचाओ महारैली को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि इस सरकार में अल्पसंख्यक को टारगेट किया जा रहा है और फर्जी मुकदमें दर्ज कर बेगुनाह लोगों को जेल भेजा जा रहा है। पर उनकी आवाज उठाने वाला कौई नहीं है। पूरनपुर में संबिधान बचाओ रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि विनय रतन सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष भीम आर्मी पहुचकर लोगों को जोड़ने का काम करेंगे क्योंकि दुसरे लोग तोडऩे और बाटनें का काम कर रहे हैं।

## रोटरी क्लब ग्रीन ने राहगीरों को निशुल्क वितरित किए हेलमेट

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। यातायात माह के अंतर्गत रोटरी क्लब पूरनपुर ग्रीन द्वारा जनहित में निशुल्क हेलमेट वितरण का कार्यक्रम नेशनल हाईवे पर किया गया है।यह कार्यक्रम संस्था के सदस्य संदीप खंडेलवाल के निर्देशन में हुआ जिसमें मार्ग से गुजर रहे 15 लोगों को रोक कर हेलमेट भेंट किया गया साथ ही साथ उनसे सदैव इसे लगाने व दूसरों को भी जागरूक करने का का अनुरोध भी किया गया एवं जो लोग हेलमेट पहन के गुजर रहे थे।उनको शुभकामनाएं देते हुए माला पहनकर सम्मानित भी किया गया इस अवसर पर संस्था ने एक वीडियो संदेश भी जारी किया जिसमें सभी ने सदैव हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने का वह यात्रा के समय नशे व मोबाइल का प्रयोग न करने का अनुरोध किया गया।इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष हर्ष गुप्ता, सचिन, राजेश रस्तोगी संजीव गुप्ता दीपक अग्रवाल,अनूप गुप्ता, डॉ प्रशांत गुप्ता,बृजेश गुप्ता, सन्दीप खण्डेलवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे हैं।

## गाय चोरी करने के बाद एक हजार रुपए की मांग पूरी न होने पर दंपति की पिटाई, पुलिस से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव भगवन्तापुर निवासी सियाराम पुत्र छोटेलाल ने बताया।कि गांव के रहने वाले नन्हे पुत्र मैकूलाल उनकी गाय चोरी कर बिक्री कर दी। जब सियाराम को जानकारी लगी तो उसने नन्हे को पकड़कर गाय लाने की बात कही। आरोप है। कि इस पर आरोपी ने एक हजार रुपए की मांग की और कहा कि तभी तुम्हारी गाय बापस लाकर देगे। विरोध करने पर आरोपी ने सियाराम पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर सियाराम को बचाने आई उसकी पत्नी की भी पिटाई कर दी। घायल दंपति ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## चीनी मिल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पड़ोसी जनपद लखीमपुर निवासी अनिल कुमार पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव भायपुर गांव में रिस्तेदारी में शादी समारोह कार्यक्रम में आया हुआ था। युवक बाइक से किसी काम से जा रहा था।तभी किसी अज्ञात वाहन ने बाइक टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया जिससे राहगीरों ने उपचार के लिए 108 एबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# पुलिस कार्य व्यवस्था का अवलोकन कर प्रभुल्लित हुई छात्राएं, बंदी गृह बना रहा कौतूहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। राष्ट्रीय राज मार्ग 330 प्रयागराज से अयोध्या पर स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्व विद्यालय जनपद अयोध्या का शैक्षिक भ्रमण कर वापस जनपद सुलतानपुर में स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज विकास खंड भदैया जा रहे छात्राओं का दल अचानक कूरेभार थाना परिसर का अवलोक करने की जिज्ञासा जाहिर किया। जिसपर राजकीय बालिका इंटर कालेज विकास खंड भदैया उप प्राचार्य अमिता ने करीब 100 छात्राओं को लेकर कूरेभार थाना पहुंची जहां आमजन मानस के प्रति कानून व्यवस्था और पुलिस कार्य प्रणाली की जानकारी करने के लिए थानाध्यक्ष व पुलिस कर्मियों के साथ छात्राओं, शिक्षक व शिक्षिकाओं ने कूरेभार थाने का निरीक्षण किया। जहां उन्हें कानून व्यवस्था के लागू विभिन्न जानकारियां दी गई। वही शिक्षिका श्रीमती अमिता (प्रवक्ता) ने जानकारी देते हुए बताया कि जीजीआईसी विद्यालय से लगभग सौ छात्राओं का एक दल शैक्षिक भ्रमण यात्रा डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्व विद्यालय गया था। जहां पर उन्होंने छात्राओं को उच्च शिक्षा से संबंधित कई जानकारियां हासिल किया। साथ ही छात्राओं ने फैशन डिजाइंग और पुस्तकालय से संबंधित जानकारी भी प्राप्त किया। इसी बीच रास्ते में देखा गया कि जहां एक तरफ ज्यादातर आमजन मानस और छात्र छात्राओं में खाकी धारियों के प्रति उनकी कार्यशैली को देखकर डरे-सहमे रहने वाले लोगो में खाकी के प्रति नजरिया अक्सर कुछ अलग ही बदला रहा है। जिसका उदाहरण शनिवार को कूरेभार थाने पर देखने को मिला। जहां जीजीआईसी भदैया की छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण के दौरान थाने पहुंचकर न सिर्फ पुलिस की कार्यशैली को ही नहीं समझा, बल्कि पुलिस कर्मियों से छात्राओं ने सीधा संवाद भी किया। छात्राओं ने जाना कि किसी भी पीड़ित के थाने पहुंचने के बाद उसे क्या करना होता है। थाने में रिपोर्ट कैसे दर्ज की जाती है और महिलाओं से संबंधित समस्याएं कैसे सुनी जाती है। साथ ही कूरेभार थानाध्यक्ष शारदेन्दु दूबे, उप निरीक्षक राजेश यादव, दिवान इंद्रेश सिंह व आरक्षी नीरज यादव ने छात्राओं को थाना परिसर का भ्रमण करवाया। इस दौरान कूरेभार थानाध्यक्ष शारदेन्दु दूबे से छात्रा ने पुलिस ट्रेनिंग से संबंधित जानकारी चाहा जिसपर थानाध्यक्ष श्री दुबे ने बताया कि पुलिस ट्रेनिंग में अनुशासित रहने के साथ ही पुलिस प्रशिक्षुओं की कार्य क्षमता को बढ़ाने के लिए आवश्यकता अनुसार दौड़ करवाई जाती है और उन्हें अन्य कई प्रकार से प्रशिक्षण दिया जाता हैं। कूरेभार थानाध्यक्ष श्री दुबे ने महिला संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए उनकी सुरक्षा संबंधी जानकारी दी।

# मदद का हाथ बढ़ा क्षयरोगी को दिया आहार किट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### लगातार विजय राय क्षयरोगियों को दे रहे है सामान्य जीवन जीने का हौसला

सुल्तानपुर। भारत व राज्य सरकार देश से क्षयरोग के समूल नाश के लिए नित नई-नई योजनाए बनाकर टीबी बीमारी को जड़ से समाप्त करने पर आमादा है, हाल ही में सरकार ने दवा-इलाज के अलावा पांच सौ रू. की जगह अब प्रतिमाह एक हजार रुपये देना शुरू किया है। बावजूद इसके अभी भी क्षयरोगियों की देख-रेख के लिए एक मजबूत हांथो की जरूरत होती है, जिससे उसे गोद लेकर उसके दवा, इलाज और पौष्टिक आहार की अच्छी तरह से व्यवस्था हो सके। परंतु लोगों की मानसिकता को क्या कहा जाए, तमाम फिजूलखर्ची के लिए पैसे लुटा देते है, लेकिन परोपकार में दिलचस्पी बहुत कम दिखती है, ऐसे में सैल्यूट है सीएमओ कार्यालय के वरि.सहायक विजय राय को, जिन्होनें बीते वर्षों में दर्जन भर टीबी के मरीजों को गोद लिया और प्रतिमाह उनके लिए राशन, तेल, घी, फल, बिस्किट और पौष्टिक चीजों की किट पहुंचाते है साथ में कुछ नगद पैसे भी देकर हर महीने उससे मिलकर पूरी जानकारी लेने के साथ समय से दवाओं का कोर्स पूरा करवाना यह विजय राय की आदत में शुमार है। बीते शुक्रवार को उनके द्वारा पुनः एक और मरीज को गोद लेकर उसे आवश्यक व पौष्टिक सामाग्रियों की किट दिया और किसी भी चीज की आवश्यकता पड़ने पर संपर्क करने की बात कही। आहार किट देते समय जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ.आरके कन्नौजिया, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक सुरेश कुमार, टीबी लैब पर्यवेक्षक केके तिवारी, एलटी राजीव लोचन पांडेय आदि विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

## सूचना

दिनांक 23 नवंबर 2024 भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के अंतर्गत केवीके पीलीभीत पर संचालित फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना में मानदेय (12,000 रुपए प्रति माह) के आधार पर एक farmer change agent (अनुसूचित जाति) मार्च 2025 तक पूर्ण अस्थाई रूप से रखा जाना है। इस नियुक्ति के लिए निर्धारित योग्यता semi skilled iwth requisite qualication senior secondary intermediate $C^2$ experienc in farming की गई है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इच्छुक अभ्यर्थी अपना प्रार्थना पत्र सभी प्रमाण पत्रों के साथ दिनांक 28 नवंबर 2024 तक कार्यालय में जमा कर दें नियुक्ति की सूचना फोन के माध्यम से दी जाएगी

प्रभारी अधिकारी
केवीके पीलीभीत

# जहरीली प्राणवायु

राजधानी दिल्ली व एनसीआर में अनियंत्रित वायु प्रदूषण को लेकर देश की शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार व पुलिस को फिर फटकार लगायी है। कोर्ट ने नाराजगी जतायी कि वायु गुणवत्ता की बेहद गंभीर स्थिति होने पर सुधार हेतु ग्रैप-4 लागू करने में कोताही बरती जा रही है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार व पुलिस को आड़े हाथों लिया कि क्यों रोक के बावजूद दिल्ली में भारी वाहनों का प्रवेश जारी है। कोर्ट ने दिल्ली में भारी वाहनों के प्रवेश की निगरानी को तेरह वकीलों को नियुक्त किया, जो सोमवार को अपनी रिपोर्ट देंगे। कोर्ट ने दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली हरियाणा व उत्तर प्रदेश सरकारों को सख्ती से ग्रैप-4 की व्यवस्था लागू करने को कहा। अदालत का कहना था कि सभी राज्यों का दायित्व है कि नागरिकों को प्रदूषण मुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जाए। दरअसल, न्यायमूर्ति अभय एस.ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने ग्रैप-4 व्यवस्था लागू करने की खामियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस बात पर विश्वास नहीं किया जा सकता है कि दिल्ली में भारी वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया है। अदालत ने केंद्र सरकार से दिल्ली में प्रवेश के 113 स्थानों पर निगरानी के लिये पुलिस कर्मियों की तैनाती को कहा, इनमें प्रवेश के तेरह मार्ग ट्रकों के लिये हैं। दरअसल, अदालत ने दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आने वाले राज्य हरियाणा तथा उत्तर प्रदेश सरकारों को 18 नवंबर को निर्देश दिया था कि ग्रैप-4 के तहत प्रतिबंधों के क्रियान्वयन के लिये तुरंत टीम गठित की जाए। कोर्ट ने सख्ती से पाबंदियां लागू न किये जाने पर नाराजगी जतायी। उल्लेखनीय है कि इस सप्ताह की शुरुआत में वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई के गंभीर से अधिक के स्तर पर पहुंचने पर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान-4 लागू किया गया था। जिसके अंतर्गत ट्रकों व भारी वाहनों के दिल्ली में प्रवेश व सार्वजनिक निर्माण पर अस्थायी रोक लगा दी गई थी। प्रश्न है कि क्यों हमारी सरकार जन-स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में तब तक सोयी रहती है, जब तक कि पानी सिर के ऊपर से न गुजरने लगे। क्यों हर साल शीर्ष अदालत को सरकार, पुलिस व पर्यावरण संरक्षण हेतु बनी संस्थाओं को नींद से जगाना पड़ता है? क्यों अदालत पहले आदेश दे और फिर उसके क्रियान्वयन की निगरानी करे? क्यों सरकारें आग लगने पर कुंआ खोदने की फितरत से बाज नहीं आती। अदालत ने कहा कि हर नागरिक को स्वच्छ हवा देना सरकारों का दायित्व है तो क्या सरकारें जिम्मेदारी निभा रही हैं? सर्दी की दस्तक देते ही हर साल अक्तूबर-नवंबर में प्रदूषण संकट पैदा होता है, फिर भी सारे साल प्रदूषण को काबू करने के उपया क्यों नहीं किए जाते? क्यों प्रदूषण संकट गंभीर स्थिति में पहुंचने के बाद सरकारें हाथ-पैर मारना शुरू करती हैं? कल्पना कीजिए श्वसनतंत्र व दमा जैसे रोगों से ग्रस्त लोग इस भयावह प्रदूषण संकट से कैसे जूझ रहे होंगे? विडंबना ही कि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए कैसे परिवेश-पर्यावरण छोड़ेंगे। सवाल हवा का ही नहीं, पानी पर भी बड़ा संकट है। हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिकों की एक टीम ने नासा व जर्मनी के उपग्रहों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर चिंता बढ़ाने वाला खुलासा किया कि वर्ष 2014 के बाद से स्वच्छ जल के स्तर पर अप्रत्याशित गिरावट देखी गई है। निश्चित रूप से इस स्थिति के लिये हम सब सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। पानी के अंधाधुंध उपयोग, वन क्षेत्रफल का संकुचन और इंसान की अंतहीन लिप्साओं व वाहनों के दबाव ने धरती का जैसे तापमान बढ़ाया है, उसने पानी की वाष्पन की गति तेज कर दी है। साथ ही ग्लोबल वार्मिंग के चलते बारिश के पैटर्न में भी तीव्र बदलाव आया है। बहुत अधिक पानी बहुत कम समय में बरसता है और तुरंत बह जाता है। जिससे धरती की जल ग्रहण क्षमता कम होती जा रही है। पिछले एक दशक में तीस बड़े सूखे दर्ज हुए हैं। वहीं हमारी भौतिक लिप्साओं व औद्योगिक अपशिष्ट ने शुद्ध जल के स्त्रोतों मसलन नदियों व झीलों को भी प्रदूषित कर दिया है। यह इंसान के लिये जागने का वक्त है।

# राष्ट्रीय अस्मिता, सभ्यता, संस्कृति का संवर्द्धन आवश्यक

संविधान भारत का राजधर्म है। भारतीय संविधान सभा की आखिरी बैठक (26 नवंबर, 1949) में डॉक्टर आम्बेडकर के प्रस्ताव पर मतदान हुआ और संविधान पारित हो गया। संविधान ही राष्ट्र का धारक और राज्य व्यवस्था का धर्म बना। भारत में संविधान ही सर्वोत्तम सत्ता है। हम भारत के लोगों को वाक्स्वातंत्र्य और विधि के समक्ष समता सहित सभी मौलिक अधिकार संविधान से मिले। जन गण मन ने स्वाभाविक ही समता, समरसता और संपन्नता के रंगीन सपने देखे। जन गण मन का भाग्य विधाता संविधान है। नागरिक संविधान के प्रति श्रद्धालु हैं। संविधान 26 नवम्बर 1949 के दिन बनकर तैयार हुआ। कृतज्ञ राष्ट्र 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाता है। दो दिन बाद संविधान दिवस है। संविधान ही राष्ट्र जीवन का मुख्य धारक होता है। भूमि, जन और संप्रभु शासन से ही राष्ट्र नहीं बनते। इनसे नेशन बनते हैं और नेशन व राष्ट्र में बड़ा अंतर है। राष्ट्र का आधार संस्कृति है। संविधान निर्माता सांस्कृतिक क्षमता से परिचित थे। इसलिए संविधान की हस्तलिखित प्रति में सांस्कृतिक राष्ट्रभाव वाले 23 चित्र हैं। मुख पृष्ठ पर राम और कृष्ण हैं। भाग 1 में सिन्धु सभ्यता की स्मृति वाले मोहनजोदड़छ काल की मोहरों के चित्र और भाग 2 नागरिकता वाले अंश में वैदिक काल के गुरुकुल आश्रम का दिव्य चित्र। भाग तीन मौलिक अधिकार वाले पृष्ठ पर श्रीराम की लंका विजय व भाग चार में राज्य के नीति निदेशक तत्वों वाले पन्नों पर कृष्ण अर्जुन उपदेश वाले चित्र थे। भाग 5 में महात्मा बुद्ध, भाग 6 में स्वामी महावीर और भाग 7 में सम्राट अशोक। भाग 8 में गुप्त काल, भाग 9 में विक्रमादित्य, भाग 10 में नालंदा विश्वविद्यालय, भाग 11 में उड़ीसा का स्थापत्य, भाग 12 में नटराज, भाग 13 में भागीरथ द्वारा गंगा अवतरण, भाग 14 में मुगलकालीन स्थापत्य, भाग 15 में शिवाजी और गुरु गोविन्द सिंह, भाग 16 में महारानी लक्ष्मीबाई, भाग 17 व 18 में क्रमशः गांधी जी की दांडी यात्रा व नोआखली दंगों में शांति मार्च, भाग 19 में नेताजी सुभाष, भाग 20 में हिमालय, भाग 21 में रेगिस्तानी क्षेत्र व भाग 23 में लहराते हिन्द महासागर की चित्रावली आनंदित करती है। संविधान पारण के बाद अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा, अब सदस्यों को संविधान की प्रतियों पर हस्ताक्षर करने हैं। एक हस्तलिखित अंग्रेजी की प्रति है, इस पर कलाकारों ने चित्र अंकित किए हैं, दूसरी छपी हुई अंग्रेजी व तीसरी हस्तलिखित हिंदी की। (संविधान सभा कार्यवाही खण्ड 12, पृष्ठ 4261) चित्रमय प्रति दर्शनीय है। संस्कृति और इतिहास के छात्र संविधान की चित्रमय प्रति से प्रेरित होते हैं। राजेन्द्र प्रसाद ने संविधान सभा के आखिरी भाषण (26.11.1949) में कहा, संविधान किसी बात के लिए उपबंध करे या न करे, देश का कल्याण उन व्यक्तियों पर निर्भर करेगा, जो देश पर शासन करेंगे। आखिरी भाषण में डॉक्टर आम्बेडकर ने प्राचीन परंपरा की याद दिलाते हुए कहा, एक समय भारत गणराज्यों से सुसज्जित था। यह बात नहीं है कि भारत पहले संसदीय प्रक्रिया से अपरिचित था। डॉ0 आम्बेडकर ने राष्ट्र शब्द पर काफी जोर दिया। अमेरिकी कथा सुनाई, अमेरिकी प्रोटेस्टेंट गिरिजाघर ने पूरे देश के लिए प्रार्थना प्रस्तावित की कि 'हे ईश्वर हमारे राष्ट्र को आशीर्वाद दो'। अमेरिकी जनता ने आपत्तियां दर्ज की। अमेरिका राष्ट्र नहीं था। प्रार्थना संशोधित हुई, हे ईश्वर इन संयुक्त राज्यों को आशीर्वाद दो। यहाँ (भारत) जातियां हैं। राष्ट्र के रूप में होने के लिए हमें इन पर विजय प्राप्त करना है। उन्होंने कहा, मेरा मस्तिष्क भविष्य चिन्ता से परिपूर्ण है। क्या भारत अपनी स्वतंत्रता बनाए रखने में कामयाब होगा? जाति और मत मतान्तर राजनैतिक पक्ष बन रहे हैं। क्या भारतीय मत मतान्तरों को राष्ट्र से श्रेष्ठ मानेंगे या राष्ट्र को मत मतान्तरों से ऊपर? उन्होंने आर्य आक्रमण की कथा को झूठ बताया। दुनिया के अन्य विद्वानों की तरह उन्होंने भी ऋग्वेद को आधार बनाया। उपनिषद जांचे, ब्राह्मण ग्रन्थ पढ़े, महाभारत पढ़ा। कौटिल्य का 'अर्थशास्त्र' जांचा। आर्य-अनार्य और ब्राह्मण-शूद्र जैसे

संविधान ही राष्ट्र जीवन का मुख्य धारक होता है। भूमि, जन और संप्रभु शासन से ही राष्ट्र नहीं बनते। इनसे नेशन बनते हैं और नेशन व राष्ट्र में बड़ा अंतर है। राष्ट्र का आधार संस्कृति है। संविधान निर्माता सांस्कृतिक क्षमता से परिचित थे। इसलिए संविधान की हस्तलिखित प्रति में सांस्कृतिक राष्ट्रभाव वाले 23 चित्र हैं। मुख पृष्ठ पर राम और कृष्ण हैं। भाग 1 में सिन्धु सभ्यता की स्मृति वाले मोहनजोदड़छ काल की मोहरों के चित्र और भाग 2 नागरिकता वाले अंश में वैदिक काल के गुरुकुल आश्रम का दिव्य चित्र। भाग तीन मौलिक अधिकार वाले पृष्ठ पर श्रीराम की लंका विजय व भाग चार में राज्य के नीति निदेशक तत्वों वाले पन्नों पर कृष्ण अर्जुन उपदेश वाले चित्र थे। भाग 5 में महात्मा बुद्ध, भाग 6 में स्वामी महावीर और भाग 7 में सम्राट अशोक। भाग 8 में गुप्त काल, भाग 9 में विक्रमादित्य, भाग 10 में नालंदा विश्वविद्यालय, भाग 11 में उड़ीसा का स्थापत्य, भाग 12 में नटराज, भाग 13 में भागीरथ द्वारा गंगा अवतरण, भाग 14 में मुगलकालीन स्थापत्य, भाग 15 में शिवाजी और गुरु गोविन्द सिंह, भाग 16 में महारानी लक्ष्मीबाई, भाग 17 व 18 में क्रमशः गांधी जी की दांडी यात्रा व नोआखली दंगों में शांति मार्च, भाग 19 में नेताजी सुभाष, भाग 20 में हिमालय, भाग 21 में रेगिस्तानी क्षेत्र व भाग 23 में लहराते हिन्द महासागर की चित्रावली आनंदित करती है। संविधान पारण के बाद अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा, अब सदस्यों को संविधान की प्रतियों पर हस्ताक्षर करने हैं। एक हस्तलिखित अंग्रेजी की प्रति है, इस पर कलाकारों ने चित्र अंकित किए हैं, दूसरी छपी हुई अंग्रेजी व तीसरी हस्तलिखित हिंदी की। (संविधान सभा कार्यवाही खण्ड 12, पृष्ठ 4261) चित्रमय प्रति दर्शनीय है। संस्कृति और इतिहास के छात्र संविधान की चित्रमय प्रति से प्रेरित होते हैं। राजेन्द्र प्रसाद ने संविधान सभा के आखिरी भाषण (26.11.1949) में कहा, संविधान किसी बात के लिए उपबंध करे या न करे, देश का कल्याण उन व्यक्तियों पर निर्भर करेगा, जो देश पर शासन करेंगे। आखिरी भाषण में डॉक्टर आम्बेडकर ने प्राचीन परंपरा की याद दिलाते हुए कहा, एक समय भारत गणराज्यों से सुसज्जित था। यह बात नहीं है कि भारत पहले संसदीय प्रक्रिया से अपरिचित था। डॉ0 आम्बेडकर ने राष्ट्र शब्द पर काफी जोर दिया।

विभाजक शब्दों को जांचते हुए उन्होंने 'हू वर शूद्राज' (शूद्र कौन थे) लिखी। यूरोपीय विद्वान आर्यों को बाहर से आई नस्ल मानते थे। डॉ0 आम्बेडकर ने ऋग्वेद के हवाले बताया, ये शब्द नस्ल के अर्थ में प्रयुक्त नहीं हुए। (डॉ0 आम्बेडकर राइटिंग्स एन्ड स्पीचेज, खण्ड 7, पृष्ठ 70) फिर आर्यों के मूल स्थान के बारे में कहा, भारत से बाहर आर्यों के मूल स्थान का सिद्धांत वैदिक साहित्य से मेल नहीं खाता। वेदों में गंगा, यमुना, सरस्वती के प्रति आत्मीय भाव है। कोई विदेशी इस तरह नदियों के प्रति आत्मस्नेह संबोधन नहीं कर सकता। (वही) उन्होंने दासों और आर्यों को एक ही राष्ट्र परिवार का अंग बताते हुए ऋग्वेद के एक मंत्र का हवाला दिया, इन्द्र ने अपनी शक्ति से दासों को आर्य बनाया। यहां वैदिक काल से ही एक परिपूर्ण गणव्यवस्था थी। गणेश गणपति थे। ऋग्वेद में गणानां त्वां गणपतिं आया है। मार्क्सवादी चिन्तक डॉक्टर रामविलास शर्मा ने लिखा, गण पुराना शब्द है, यह पुरानी समाज व्यवस्था का द्योतक है। गण और जन ऋग्वेद में पारिभाषिक हो गए हैं। महाभारत युद्ध के बाद युधिष्ठिर ने भीष्म से आदर्श गणतंत्र पूछा। भीष्म ने (शांति पर्व 107.14) बताया कि भेदभाव से ही गण नष्ट होते हैं। उन्हें संघबद्ध रहना चाहिए। गण के लिए बाहरी की तुलना में आंतरिक संकट बड़ा होता है। आभ्यन्तरं रक्ष्यम्सा बाह्यातो भयम् वाह्य उतना बड़ा नहीं। भारतीय गणतंत्र अमर है लेकिन राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा है। न्यायपालिका संविधान की जिम्मेदार संरक्षक है। न्यायपीठ ने प्रशंसनीय फैसले किए हैं। अदालतों में लंबित लाखों मुकदमें न्याय में देरी से अन्याय के सिद्धांत की गिरफ्त में हैं। अनुच्छेद 19 अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य देता है। अनुच्छेद 20 अन्य बातों के अलावा, किसी अपराध के लिए किसी व्यक्ति को अपने ही विरुद्ध गवाही देने के लिए बाध्य करने से रोकता है। अनुच्छेद 21 जीवन का अधिकार है। सर्वोच्च न्यायालय ने एक वाद में न्यूनतम जीविका एवं आश्रय के साथ-साथ मानवीय सम्मान, आदर को भी इस अधिकार का हिस्सा बताया है। मौलिक अधिकारों पर भारत को गर्व है। संविधान दिवस स्मरणीय है। प्रेरक है। इसके बाद गणतंत्र दिवस 26 जनवरी का राष्ट्रीय महोत्सव। कृषि, विकास, गोवंश संवर्द्धन राज्य के नीति निदेशक संवैधानिक तत्व हैं। महाभारतकार ने गणतंत्र की सभा समिति (संसदीय व्यवस्था) के सदस्य की अनिवार्य योग्यता बताई, न नः स समितिं गच्छेत यश्च नो निर्वपेत्कृषिम जो खेती नहीं करता वह सभा में प्रवेश न करे। ऋग्वैदिक काल में ऋषि भी कृषि कार्य करते थे। धर्मांतरण के विरुद्ध सरकार सक्रिय है। कॉमन सिविल कोड नीति निदेशक तत्व है। इसे लागू कराना आवश्यक है। संविधान निर्माताओं ने जम्मू-कश्मीर विषयक अनुच्छेद 370 को अस्थाई बनाया था। इसकी समाप्ति का तरीका भी उन्होंने लिख दिया था। मतदान पवित्र अनुष्ठान है। यह भारतीय नागरिक का अधिकार है। हिन्दुत्व इस देश का प्राणतत्व है, लेकिन सांप्रदायिक है। अलगाववादी और द्विराष्ट्रवादी देशतोड़क हैं तो भी सेकुलर हैं। अल्पसंख्यकवाद राष्ट्र के लिए क्षतिकारक है। संविधान और कानून में अल्पसंख्यक शब्द की परिभाषा नहीं है। राष्ट्रीय अस्मिता, सभ्यता, संस्कृति का संवर्द्धन आवश्यक है। **–हृदयनारायण दीक्षित**

# बच्चों के सुरक्षित साथी हैं पेट्स

**रेणु लैसी फ्रांसिस**

पालतू जानवर की बात सुनकर बच्चे के चेहरे पर एक बड़ी-सी मुस्कान आ जाती है। पैट्स बच्चों के दोस्त होते हैं और उनके साथ रहने पर उन्हें मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य लाभ मिलता है। पालतू जानवर किसी को भी बिना किसी शर्त के प्यार करते हैं। उनके साथ वह सुरक्षित महसूस करते हैं। पालतू जानवरों का प्यार बच्चों की भी मानसिक सेहत पर सकारात्मक असर डालता है। घर पर एक पालतू जानवर होने से बच्चे को बेहतर मानसिक स्वास्थ्य मिलता है। आज के समय में अधिकतर पैरेंट्स को एक समस्या का सामना करना पड़ता है और वह है बच्चे का द्यथभ्भ होना। अधिकतर बच्चे घर में बैठे रहते हैं या फिर वीडियो गेम खेलते हैं या फिर फोन या टीवी पर लगे रहते हैं। लेकिन अगर आपके घर में पालतू जानवर है तो आपको बच्चे की फिजिकल एक्टिविटी की चिंता करने की जरूरत नहीं है। पेट्स आपके बच्चे के लिए एक चंचल और सुरक्षित साथी होते हैं। बच्चों के लिए पालतू जानवर रखने के कई लाभ होते है। जैसे- फिजिकल एक्टिव- घर में पेट्स रखने आपके बच्चे फिजिकल एक्टिव रहते हैं। छोटे बच्चों को पालतू जानवरों के साथ खेलना काफी पसंद होता है। अपने पेट्स के साथ घूमाने से लेकर उनके साथ खेलने और दौड़ने के कारण वह फिजिकल एक्टिव बनते हैं। बच्चे के लिए थेरेपी होते हैं पेट्स- पेट्स बच्चे के बेस्ट फ्रेंड हो सकते हैं। अगर बच्चा किसी भी बात से उदास है, तो थोड़ी देर अगर घर में पालतू जानवर के साथ खेल ले तो वह खुशी महसूस करेगा। पेट्स के साथ खेलने से बच्चे का स्ट्रेस लेवल भी कम होता हैं। नेगेटिव इमोशंस से रहते हैं दूर- अगर बच्चों के आसपास पेट्स रहते है तो इससे बच्चों के दिमाग से नेगेटिव विचार दूर रहते हैं और बच्चे के फोकस से डर जैसे नेगेटिव इमोशंस को दूर करने में आपको मदद मिल सकती है। पेट्स के साथ खेलने पर बच्चे को अच्छा महसूस होता है और उसका ध्यान नेगेटिव चीजों से हटता है। सबसे अच्छे दोस्त- बचपन में बच्चे ऐसे दोस्त की तलाश करते हैं, जो उनका सच्चा दोस्त हो। जरूरी नहीं है कि वह जिससे दोस्ती करें, वह इंसान अच्छा ही हो या फिर उनकी दोस्ती हमेशा ही बनी रहे । ऐसे में बच्चे गलत दिशा में जा सकते हैं। लेकिन अगर घर में पेट्स हों तो बच्चों को उनके रूप से एक अच्छा और सच्चा दोस्त मिल जाता है। जिससे वह अपनी सारी बातें आसानी से शेयर कर सकते हैं क्योंकि उन्हें मालूम होता है उनका पेट्स उनकी सीक्रेट बातें दूसरों को नहीं बताएगा। वहीं दूसरी ओर, आपका बच्चा कभी भी खुद को अकेला महसूस नहीं करेगा। जिम्मेदार बनाना - एक पालतू जानवर बच्चे को अधिक आत्मविश्वासी और जिम्मेदार बना सकता है। दरअसल, जब आप बच्चे को पेट्स की देखभाल की जिम्मेदारी देते है तो वह जिम्मेदार बनने के साथ-साथ आत्मविश्वासी भी बनते हैं। तीन वर्ष से कम उम्र के बच्चे पालतू जानवरों के पानी और भोजन के कटोरे भरने जैसे आसान कार्य कर सकते हैं। जैसे-जैसे आपका बच्चा बड़ा होता जाता है, वह पालतू जानवरों को घुमाने का काम कर सकता है। इस तरह आपके बच्चे में जिम्मेदारी का गुण आ जाता है। पेट्स द्वारा बच्चे का व्यायाम- बच्चों के विकास के लिए एक्सरसाइज बहुत जरूरी होती है। इससे बच्चे मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। जब बच्चे पेट्स के साथ खेलते हैं, तो इससे उनकी एक्सरसाइज भी हो जाती है और अपने आप ही स्ट्रेस कम होने लगता है। यूनिवर्सिटी ऑफ मिसॉरी में हुई एक स्टडी के मुताबिक वॉक पर जाने के लिए सबसे अच्छा साथी डॉग ही होता है। इस स्टडी में सामने आया कि सप्ताह में 300 मिनट डॉग के साथ वॉक करना फायदेमंद होता है।इस तरह के व्यायाम से बच्चा फिट रहता है। एलर्जी का खतरा होता है कम- कम उम्र में ही पेट्स के आसपास रहने से बच्चों में एलर्जी होने का खतरा कम होता है। पैट्स के बैक्टीरिया से बच्चों के इम्यून सिस्टम को मजबूत होने में मदद मिल सकती है और इससे आगे चलकर उन्हें एलर्जी होने का खतरा कम होता है। जो बच्चे एक से ज्यादा पालतू जानवर के पास रहते हैं, उनमें 77 पर्सेंट एलर्जी का खतरा कम होता है। पैट के साथ होने पर बच्चों को अकेलापन, एंग्जायटी और स्ट्रेस भी नहीं होता है। उनके लिए उनका पैट ही दोस्त सच्चा दोस्त होता है। बच्चे में सहानुभूति बढ़ती है- घर में पेट्स हो तो बच्चे उनसे प्यार करना सीखते हैं। इनमें जानवरों के प्रति सहानुभूति का गुण विकसित होता है।वह जानवरों के साथ-साथ सभी लोगों के लिए सहानुभूति का भाव रखता है और बड़े होकर अच्छा इंसान बनता है। इस तरह पेट्स आपके बच्चे को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रखते है।

## सेहत मंत्र

# रेड वाइन से होता है दिमाग दुरुस्त

अक्सर लोगों को जब खुशियां मनाने का मन करता है तो वह मदिरा का प्रयोग करते हैं। वहीं, अधिकतर महिलाएं रेड वाइन का इस्तेमाल करती हैं। ऐसे में अगर आपको लगता है कि रेड वाइन का सेवन करना सेहत के लिए नुकसानदायक है तो आपको इस रिपोर्ट को जरा ध्यान से पूरा पढ़ना चाहिए। एल्जाइमर और याददाश्त बढ़ाने के लिए अक्सर रेड वाइन का जिक्र होता है। बता दें कि, जब एक भारतीय वैज्ञानिक ने इस समस्या को लेकर शोध किया तो उसने पाया कि रेड वाइन में ऐसे तत्व मौजूद होते हैं जो एल्जाइमर की समस्या को धीरे-धीरे खत्म करने में मददगार साबित होते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक शोध में पाया गया था कि रेड वाइन में मौजूद प्रोटीन रिजर्वेराट्रॉल एपोई4 और स?रटी1 नामक तत्व होते हैं जो एल्जाइमर जैसी समस्याओं से लड़ने में एक कारगर हथियार की तरह काम करते है। दरअसल, एपोई4 नामक प्रोटीन की अधिकता की वजह से एल्जाइमर का खतरा ज्यादा होता है। ऐसे में रेड वाइन में मौजूद प्रोटीन रिजर्वेराट्रॉल एपोई4 इसे रोकने में मदद करता है। जिसकी वजह से इसका खतरा कम हो जाता है। रेड वाइन एपोई4 को रोकने में कारगर होता है ऐसे में एल्जाइमर और याददाश्त संबंधी बीमारी के इलाज में मदद मिल जाती है। लेकिन, बिना किसी डॉक्टर की सलाह के इसका इस्तेमाल कतई न करें। क्योंकि शास्त्रों में लिखा है कि अति सर्वत्र वर्जयेत। ऐसे में कोई भी कदम उठाने से पहले एक बार अपने डॉक्टर से विचार-विमर्श कर लें। वहीं, एक भारतीय मूल के अमेरिकी वैज्ञानिक ने दावा किया था कि रेड वाइन का इस्तेमाल करने वाले, बिना सेवन करने वालों की तुलना में अधिक दिन तक जीवित और स्वस्थ रहते हैं। जब इस विषय में वैज्ञानिकों ने गहराई से शोध किया तो पाया कि रेड वाइन में रेसवेराट्रोल पाया जाता है जो शरीर में सूजन को कम करने में मदद करता है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि रेड वाइन के इस्तेमाल से याददाश्त और एल्जाइमर की बीमारी में सुधार के मौके काफी मिल जाते हैं और इसके इलाज में तकलीफ नहीं होती है।

## धर्म मंत्र

# समस्या पैदा करने वाले नहीं न्यायप्रधान देवता हैं शनि

आमतौर पर धारणा है कि शनि समस्या प्रदान करने वाले देवता हैं जबकि वास्तविकता यह है कि शनि न्यायप्रधान देवता हैं। शनि सभी के साथ न्याय करते हैं। भारतीय समाज में शनि को लेकर बहुत-सी भ्रातियां हैं। शनि की साढ़े साती को लेकर विशेष उत्सुकता व भय का वातावरण रहता है। आजकल ज्योतिष की विभिन्न पत्रिकाओं की भरमार है। टीवी चैनलों पर भी ज्योतिष आधारित बहुत से कार्यक्रम आते रहते हैं। जिनमें से अधिकांश ज्योतिषी केवल और केवल शनि को लेकर भय का वातावरण ही पैदा करते हैं। वर्तमान में भारत में दो मंदिरों की विशेष बाढ़ आयी है। एक तो साईंबाबा की और दूसरा शनि मंदिरों की। हर शनिवार को शनि मंदिरों में भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ता है। अधिकांश मंदिरों में देखा गया है कि टीवी पर ज्योतिषियों द्वारा शनि के प्रभाव से होने वाले संकटों से बचाव के लिए जो उपाय बताये जाते हैं। भक्तगण वही उपाय मंदिरों में करने के लिए पहुंचते हैं। जिसमें कुछ को तो अपनी राशि आदि का ज्ञान होता भी है लेकिन कुछ लोग अपनी नाम राशि से ही उपाय करने के लिए या फिर भय के संदेह के कारण भी शनि मंदिरों में जाते हैं। वैसे शनि कल्याणकारी और परोपकारी देवता भी हैं। शनि वास्तविक दण्डाधिकारी भी हैं। ज्योतिष के अनुसार यदि आपकी कुण्डली में शनि अशुभ गोचर में आ गये हैं तो सर्वाधिक कष्ट उठाना पड़ता है। भारत में विद्वानों के बीच शनि की पूजा को लेकर विवाद भी छेड़े गये तथा उन पर विभिन्न माध्यमों में गर्मागर्म बहसें भी हुयी हैं।

## पर्यटन



# धर्मशाला में घूमने ही नहीं, शॉपिंग के लिए भी है बहुत कुछ

धर्मशाला हिमाचल प्रदेश की कांगड़ा घाटी का प्रमुख पर्यटन स्थल है। धर्मशाला के एक ओर जहां धौलाधार पर्वत श्रृंखला है वहीं दूसरी ओर उपजाऊ घाटी व शिवालिक पर्वतमाला है। यहां दलाई लामा का स्थायी निवास और तिब्बत की निर्वाचित सरकार का मुख्यालय स्थापित होने से यह स्थल विश्व पर्यटन मानचित्र पर उभर कर आ गया है। धर्मशाला शहर को दो भागों में बांटा जा सकता है। एक- निचला धर्मशाला, जहां कोतवाली बाजार स्थित है तथा दूसरा- ऊपरी धर्मशाला, जिसे मैक्लोडगंज के नाम से जाना जाता है। धर्मशाला देवदार के वृक्षों से आच्छादित क्षेत्र है। यहां की जलवायु, मनभावन वातावरण एवं नैसर्गिक सौंदर्य पर्यटकों के मन में अपनी गहरी छाप छोड़ देता है। बर्फ से सदा ढकी रहने वाली धौलादार की चोटियां एवं चंबा की खूबसूरत पर्वतमालाएं धर्मशाला से साफ दिखती हैं। धर्मशाला में धूप, हिमपात व इंद्रधनुष के एक साथ दर्शन किये जा सकते हैं। मैक्लोडगंज तिब्बती बस्तियों के कारण छोटा ल्हासा के नाम से भी जाना जाता है। यहां तिब्बती कलात्मक वस्तुएं बेची जाती हैं। इस बाजार में कई तिब्बती रेस्तरां भी हैं, जहां परम्परागत तिब्बती व्यंजन खाने को मिलते हैं। मैक्लोडगंज में एक वृहद प्रार्थना चक्र है। यहां तिब्बत के धर्म गुरु दलाई लामा का निवास तथा निर्वासित सरकार का मुख्यालय भी है। ट्रैकिंग में रुचि रखने वाले लोगों के लिए यहां गाइड भी उपलब्ध हैं। भगसूनाथ डल झील के समीप स्थित है। यहां भगसूनाथ का मंदिर है। धर्मशाला से यह स्थान लगभग 11 किलोमीटर दूर है। सेंट जान चर्च भी देखने योग्य जगह है। धर्मशाला-मैकलोडगंज मार्ग के बीच में स्थित यह चर्च पत्थरों से बनी हुई है तथा इसे लार्ड एल्यिन की याद में बनाया गया है। हरे?भरे वृक्षों से आच्छादित इस चर्च की रंगीन कांच की खिड़कियां पर्यटकों का मन मोह लेती हैं। त्रियूंड एक आकर्षक पिकनिक स्थल है। आप यहां से आकाश छूते धौलादार पर्वत का दीदार कर सकते हैं।

# वायनाड में प्रियंका वाड्रा की जीत पर खुशी से झूमे कांग्रेसी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा की वायनाड लोकसभा के उपचुनाव में हुयी प्रचण्ड जीत तथा झारखण्ड में इण्डिया गठबन्धन की ऐतिहासिक सफलता पर पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया के ओबरी आवास पर कांग्रेसजनो ने कांग्रेस अध्यक्ष मो0 मोहसिन एवं पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया की अगुवाई में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया और वायनाड एवं झारखण्ड की जनता को बधाई दी। उक्त अवसर पर पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया ने कहा कि श्रीमती प्रियंका गांधी की वायनाड में ऐतिहासिक जीत और झारखण्ड में इण्डिया गठबन्धन की सफलता ये दर्शाती है कि जनता बदलाव चाहती है ऐसे समय में कांग्रेस पार्टी और सहयोगी दलो का दयित्व है कि वह जनता के विश्वास को कायम रखते हुये उनके हितो के लिये पूरी लगन एवं निष्ठा से काम करे। हमारी राष्ट्रीय महासचिव की यह ऐतिहासिक जीत ऐसे समय में आयी है जब देश में लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यो को चुनौती दी जा रही है। ऐसे समय में वायनाड की जनता ने देश की आवाम को श्रीमती प्रियंका गांधी को ऐतिहासिक जीत दिलाकर यह संदेश दिया है कि वह कांग्रेस की विचारधारा एवं नीतियो के साथ खडी है साथ ही झारखण्ड में इण्डिया गठबन्धन को ऐतिहासिक बहुमत दिलाकर वहां की जनता ने स्पष्ट कर दिया है कि वह विकास, सामाजिक न्याय एवं समावेशी नीतियो का समर्थन करती है। कांग्रेस अध्यक्ष मो0 मोहसिन एवं पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया ने संयुक्त रूप से कहा कि वायनाड लोकसभा उप चुनाव में श्रीमती प्रियंका गांधी को रिकार्ड तोड चार लाख से अधिक मतो से जिता कर तथा झारखण्ड के मतदाताओ ने झारखण्ड में ऐतिहासिक जीत दिलाकर देश की आवाम को एक मजबूत संदेश दिया है कि वहां की जनता विभाजनकारी राजनीति को नकारती है और इण्डिया गठबन्धन की एकता और जनता के प्रति प्रतिबद्धता को प्राथमिकता देती है। वहां के मतदाताओ और इण्डिया गठबन्धन के नेताओ को इस ऐतिहासिक जीत पर शुभकामनाएं।

**जनता के दिल में जगह और विश्वास जमाने की जरूरत : पी एल पुनिया**

नेताद्वेय ने कहा कि यह जीत लोकतंत्र, विकास और देश की एकता की जीत है और यह जीत विपक्षी एकता के लिये मील का पत्थर साबित होगी।

वायनाड लोकसभा के उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी की ऐतिहासिक जीत तथा झारखण्ड में इण्डिया गठबन्धन की प्रचण्ड बहुमत से बनी सरकार पर एक दूसरे को मिठाई खिलाने वालो में मुख्यरूप से डा0 पी0एल0 पुनिया, मो0 मोहसिन, राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, सरजू शर्मा, आनन्द रावत, के0सी0 श्रीवास्तव, सुरेश यादव, अजय रावत, रीतेश रावत, अजीत रावत, प्रशान्त सिंह, गोपी कन्नौजिया, डा0 रंजीत मिश्रा, विनोद सिंह, सुधीर पाण्डेय, शशांक तिवारी, प्रवेश यादव सहित दर्जनो की संख्या में उत्साही इण्डिया गठबन्धन के कार्यकर्ता थे।

# नौ लाख वसूला बकाया बिल, पांच सैकड़ा कटे कनेक्शन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निन्दूरा बाराबंकी। विकास खंड क्षेत्र में कुर्सी उपकेंद्र के अधिकारियों द्वारा कस्बा ख़ेवली में रविवार को बकाया बिल को लेकर चेकिंग अभियान चलाने के साथ ही बकाया बिल वसूलने के लिए शिविर भी लगाया गया। शिविर के माध्यम से क्षेत्र के करीब आधा दर्जन गांवों के उपभोक्ताओं का बकाया विद्युत बिल जमा कराया गया। मौके पर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने कहा कि कस्बे में जितने भी उपभोक्ता हैं अपना बकाया बिजली बिल जमा कर दें। यह शिविर कुर्सी उपकेंद्र स्तरीय लगाया गया है। लगभग नौ लाख पैतालीस हजार विद्युत बिल जमा किया गया।510 लोगो के विद्युत कनेक्शन चेक किए गए।बकाया बिल के 118 कनेक्शन काटे गए। शिविर लगने से बिजली बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं की भीड़ लगी रही।

# महादेवा महोत्सव तैयारी प्रशासन ने कसी कमर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**परिसर में स्वच्छता, पानी की किल्लत**

बाराबंकी। महादेवा महोत्सव के मद्देनजर प्रशासन ने कमर कस ली है। जिसमें यहां सर्वप्रथम अभरन क्षेत्र के आस-पास व मेला ग्राउंड के विद्युत पोल पर लाइट लगाई जा रही है। इसी तरह सांस्कृतिक पंडाल को लगाने की कवायद शुरू कर दी गई है। जोकि सोमवार देर शाम तक लग जाएगा। वहीं खेल प्रतियोगिता के लिए मैदान को लेकर विचार विमर्श किया जा रहा है। साफ सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। महोत्सव में भीड़ जुटाने के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों को आमंत्रण पत्र भेजा जा रहा है। इसके अलावा मेला प्रशासन के द्वारा दुकान दारों व क्षेत्रीय नागरिकों से मेले में प्रतिभाग करने की अपील की जा रही है। हालांकि मेला महोत्सव में होने वाले कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार ठीक ढंग से नहीं हो पाया है। मंदिर सहित सम्पूर्ण मेला स्थल में स्वच्छ पानी की किल्लत बनी हुई है। जिम्मेदार लोगों की नजर अभी इस ओर नहीं गई है। मेला क्षेत्र में लगे करीब आधा दर्जन से अधिक नल खराब है। इसके अतरिक्त मेला क्षेत्र में लगने वाले अस्थाई हैंड पंप भी अभी तक नहीं लग सके है। मंदिर व्यवस्थापक के द्वारा मंदिर परिसर में साफ सफाई व रंग रोगन का कार्य कराया जा रहा है। यहां साफ-सफाई व्यवस्था के लिए 50 कर्मचारीयों की टीम रामनगर व सूरतगंज ब्लाक से लगी हुई है। मेला मैदान में छोटे-बड़े झूले पहुंच गए हैं। बता दें कि 29 नवंबर को मेला महोत्सव का शुभारंभ परम्परा अनुसार जिला अधिकारी सत्येंद्र कुमार विश्व कल्याण द्वारा पर फीता काटकर करेंगे।

# पीएम आवास योजना में लाखों गबन करने के आरोपी इंजीनियर पर मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में साढ़े 27 लाख रुपये के गबन का खुलासा हुआ है। जिला नगरीय विकास अभिकरण यानी डूडा में तत्कालीन सीएलटीसी इंजीनियर ने विभाग में ही तैनात आउटसोर्स कर्मियों और उनके परिवार के लोगों के नाम पर कूट रचित दस्तावेजों के जरिये गलत जिओ टैग कर शासकीय धनराशि निकाल ली। मामले की शिकायत पर डीएम सत्येंद्र कुमार द्वारा कराई गई जांच में यह बड़ा खुलासा हुआ है।राज्य नगरीय विकास अभिकरण निदेशक की अनुमति के बाद डूडा लिपिक की तहरीर पर नगर कोतवाली में आरोपी सीएलटीसी इंजीनियर आशीष कुमार चौरसिया के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। हालांकि शुक्रवार को शहर के जगजीवन दास सतनाम सेवा ट्रस्ट ने मुख्य सचिव को शिकायत पत्र देकर नगरीय विकास अभिकरण डूडा में परियोजना अधिकारी रहे सौरभ त्रिपाठी के क्रियाकलापों की जांच के साथ राज्य के जिलों में भी विषय गत आवास योजना की भी जांच कराए जाने की मांग की है। शिकायत पत्र में कहा गया है कि सौरभ




त्रिपाठी जुलाई 2024 से पहले साढ़े चार वर्ष तक पीओ डूडा के पद पर बाराबंकी में तैनात रहे हैं। इससे 10 साल पहले वह स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी के पद पर बाराबंकी में तैनात थे। तब जननी सुरक्षा योजना के तहत हजारों गर्भवती महिलाओं के नाम से धनराशि का गबन किया और उसी के चलते निलंबित भी किए गए थे। इसके बाद प्रतिनियुक्ति पर सूडा में चले गए। जहां से पीओ डूडा के रूप में जिले में फिर तैनाती पाने के पश्चात प्रधानमंत्री शहरी योजना व नाली, सड़क सहित अन्य विकास कार्यों में जमकर धांधली की गई है। जिसके परिणाम में डीएम द्वारा कराई गई जांच में साढे 27 लाख रुपए के घोटाले की पुष्टि हो गई है।यह जांच जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने जॉइंट मजिस्ट्रेट आर. जगत साई से जांच कराई तो बड़ा खुलासा हुआ। प्रधानमंत्री शहरी 11 आवासों की जांच में पाया गया कि डूडा में तैनात सिटी लेवल टेक्निकल सेल के तत्कालीन इंजीनियर आशीष कुमार चौरसिया द्वारा कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर गलत जिओ टैग कराकर डूडा के आउट सोर्स कर्मी के परिवार एवं संस्था के सर्वेयरों तथा उनके परिवार के नाम पर शासकीय धनराशि आहरित कराकर शासकीय धनराशि का गबन किया गया है। जांच आख्या के अनुसार इंजीनियर आशीष कुमार चौरसिया द्वारा सामुदायिक आयोजक अतुल तिवारी,उनकी पत्नी पूजा तिवारी,उनकी माता रमा,उप जिला समन्वयक राजेश्वर वर्मा,उनकी माता मिथिलेश,अंतिमा सिंह,शमशेर यादव,अभिजीत वर्मा,सौरभ कुमार,विकास वर्मा,विवेक कुमार यादव और रवि प्रकाश के नाम से कूटरचित जियोटैग कराकर ढाई लाख रुपये प्रति आवास की दर से कुल साढ़े 27 लाख रुपये सरकारी धन गबन कर लिया गया? जांच में यह भी साबित हुआ कि आशीष कुमार चौरसिया द्वारा अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन ठीक प्रकार से नही किया गया।उंन्होने अपने पद का दुरुपयोग कर गलत जिओ टैग कराया गया।यही नही आशीष कुमार चौरसिया पर यह भी आरोप है कि इन्हें बाराबंकी से डूडा हरदोई भेज दिया गया था और 26 अक्टूबर 2024 को

**सतनाम सेवा ट्रस्ट ने मुख्य सचिव से पत्राचार कर, उठाई मामले की जांच कराने की मांग**

कार्यभार ग्रहण करना था लेकिन आशीष द्वारा कार्यभार नही ग्रहण किया गया।यही नही इन्होंने नए सीएलटीसी को योजना के दस्तावेज,पत्रावलियां और दूसरे डेटा भी उपलब्ध नही कराए गए।इन अनियमित्ताओं को देखते हुए सूडा निदेशक ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना मिशन निदेशालय के कार्यक्रम अधिकारी अतुल सिंह चौहान को 19 नवम्बर 2024 को एफआईआर कराने की अनुमति दी। कार्यक्रम अधिकारी ने वर्तमान में पीओ डूडा को पत्र लिखकर एफआईआर कराने के निर्देश दिए।ईओ नगरपालिका संजय शुक्ला को वर्तमान में पीओ डूडा का भी चार्ज दिया गया है। लिहाजा पीओ डूडा के निर्देश पर लिपिक जयप्रकाश मिश्रा की तहरीर पर आरोपी सीएलटीसी आशीष कुमार चौरसिया के विरुद्ध नगर कोतवाली में गुरुवार रात मुकदमा दर्ज कराया गया है। नगर कोतवाल आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है।

# आपरेशन मजनू के तहत अब फिर चलेगा शोहदों पर पुलिस का हंटर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**मिशन शक्ति फ़ेज– 05 के दृष्टिगत आपरेशन मजनू के तहत समस्त थानों द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक**

बाराबंकी । प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे ल्मिशन शक्ति फ़ेज- 05ङ्क के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारी द्वारा अपने- अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा आपरेशन मजनू के तहत महिला स्कूल कालेजों के आस-पास तथा वल्नरेबल स्पॉट्स अवांछनीय तत्वों के सम्बन्ध में विशेष अभियान चलाकर बालिकाओं महिलाओं को जागरूक किया गया।

**आपरेशन**

आपरेशन मजनू के तहत पुलिस लगातार बाजारों , स्कूलों भीड़ भाड़ वाले इलाकों में शोहदों पर नजर रखती है महिला पुलिस कर्मियों की टीम विशेष कर लगाई गई है बेटियों को डरने की जरूरत नहीं है हम हर वक्त सेवा के लिए तत्पर है ।

सुमित त्रिपाठी
पुलिस उपाधीक्षक नगर

# एलयूसीसी कम्पनी फरार निवेशकों के लाखों में धन फंसा, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र में संचालित एलयूसीसी कंपनी का कार्यालय बंद व कंपनी के फरार होने की भनक से निवेशकों के होश उड़ गए हैं। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है । कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम बरोलिया निवासी किरन वर्मा का आरोप है कि उनके गांव के रहने वाले रामनरेश वर्मा ने फर्जी कंपनी द लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिप्ट कोऑपरेटिव सोसाइटी कंपनी एलयूसीसी चलाते हैं। 23 दिसंबर 2021 को उनको लालच दिया गया की 1.25 लाख रुपए जमा करने पर 84 माह के बाद में 2.70 लाख रुपए मिलेंगे। झांसे में आकर महिला ने 1.25 लाख रुपए दिए कुछ दिन बाद उन्हें एक लाख का बांड दिया गया ।25 हजार कम की बात कही तो आरोपित ने कहा कि भुगतान होने पर मिलेगा। 2 अगस्त 24 को रामनरेश पीडिता के घर जाकर बांड अपडेट करने का झांसा देखकर बांड व आधार कार्ड ले गया। कुछ दिन बाद बांड वापस कर दिया। तमाम अफवाहें सुनकर 13 नवंबर 24 की शाम को पीड़िता ने आरोपित ने व्यक्ति से रुपए मांगने गई तो उसके पुत्र अमन व गुलशन भड़क गए और भगा दिया। 20 नवंबर को रामनरेश व उसकी पत्नी अनारकली पुत्र गुलशन व अमन पुत्री लक्ष्मी वर्मा और दामाद देवेंद्र वर्मा आदि ने पुत्री वैष्णवी को गाली देते हुए मारा और हत्या की धमकी थी। पीडित महिला ने वहां से लौटकर कोतवाली पहुंची केस दर्ज करा दिया है ।

## जयंती पर वीरांगना को अर्पित की गई भावभीनी पुष्पांजलि

सिद्धौर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड सिद्धौर ब्लाक क्षेत्र के भिटौरा लखन चौराहा पर भारतीय सर्व कोरी समाज बाराबंकी द्वारा आयोजित वीरांगना झलकारी बाई की जयंती उल्लास पूर्वक मनाई गयी।वीरांगना झलकारी बाई कोरी जयंती समारोह अवसर पर पधारे अतिथियों का सामाजिक कार्यकर्ता/शिक्षक कौशल किशोर धीमान, राजकुमार धीमान,रामरुप धीमान, आर.के. धीमान , अभिषेक धीमान,सुशीम धीमान ,समेत समाज के तमाम लोगों द्वारा पुष कि माला पहना अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वीरांगना झलकारी बाई , डा.अम्बेडकर, और संत कबीर साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि दीप प्रज्वलित कर किया गया। वीरांगना झलकारी बाई जयंती समारोह अवसर पर मुख्य अतिथि डा.सीपी सिंह ने वीरांगना झलकारी बाई के बारे में विस्तार से उनकी गाथाओं को बताते हुए समाज को एकजुट होने के प्रति जोर दिया।कहा जब तक हम बिखरे रहेगे , कोई वजूद नहीं रहेगा। इसलिए सभी को एक जुट रहने कि जरुरत है। इसलिए सभी संगठित हो। कार्यक्रम का कुशल संचालन समाजसेवी कौशल किशोर धीमान ने किया।इस मौके पर अतिथियों को अंग वस्त्र साल ,व कबीर साहेब, वीरांगना झलकारी बाई के फोटो देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर उपस्थित रसूलपुर के रामशरन कि पत्नी मंशादेवी ने नरेंद्र कुमार धीमान,डा.कमल, सुरेन्द्र कुमार धीमान,विमलेश धीमान , मंहगू धीमान, आदि कि मौजूदगी में भारतीय सर्व कोरी समाज के संस्थापक एडवोकेट राजू देश प्रेमी को कबीर चालीसा भेंट किया।इस मौके पर महिला विमला देवी धीमान, संगीता धीमान, प्रेरणा देवी धीमान आदि महिलाएं मौजूद रही।

## विज्ञान नगरी का भ्रमण किया ज्ञानार्जन

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक संसाधन केंद्र से परिषदीय विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीय अविष्कार विज्ञान एक्सपोजर भ्रमण के तहत आंचलिक विज्ञान नगरी में पहुंचकर बच्चों ने तमाम जानकारी अर्जित की। सिरौलीगौसपुर ब्लॉक क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के 100 छात्र–छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में गठित टीम में आशुतोष आनन्द,अभिषेक सिंह,बृजेश शुक्ला ,विकास जायसवाल,शोएब अहमद,धर्मराज ,फरीदा खातून,शाइस्ता आफरीन ,रीना कुमारी,सारिका कनौजिया,प्रह्लाद कुमार कनौजिया,आशुतोष कुमार,संजय ,दौलत राम आदि ने बच्चों को जानकारी दी।

## ट्रैक्टर ई रिक्शा में भिड़ंत, दादी पोती जख्मी,मासूम की मौत

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना स्थानीय के ग्राम रजनापुर के पास महादेवा की ओर से आ रही ट्रैक्टर ट्राली व ई–रिक्शा में आमने–सामने भिड़ंत हो गई।टक्कर में ई रिक्शा के परखच्चे उड़ गए।हादसे में बड़नपुर गांव की रहने वाली 70 वर्षीय सुंदरा देवी, उनकी पोती 12 वर्षीय गुनगुन, 10 वर्षीय लक्ष्मी और कंधईपुर गांव निवासी नातिन रूबी घायल हो गई।गुनगुन को बचाया नहीं जा सका।महंत बाबा रामनाथ की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया।

## किसान के घर बदमाशों का धावा, नगदी जेवरात ले उड़े

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शनिवार रात करीब एक बजे तीन बदमाशों ने घुघटेर थाना के भदेसिया गांव मे धावा बोला। अनिल को जगाया और कहा कि चैनल खुलवाओ तो अनिल ने मना किया उसकी कनपटी पर असलहा लगा दिया और चैनल खुलवाकर अन्दर दाखिल हुए और उसके भाई पर असलहा लगा दिया। उसकी पत्नी ने अलमारी में रखे 30 हजार नगदी, एक जोड़ी झुमकी, चांदी की चेन देदी।जिसे लेकर चोर फरार हो गए।थाना प्रभारी निरीक्षक घुंघटेर ने बताया कि चोरी की कोई जानकारी नहीं है।

## बढ़कर मिलेगी बोर्ड परीक्षा की पारिश्रमिक

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियां जांचने व ड्यूटी करने वाले शिक्षकों को अब अधिक पारिश्रमिक मिलेगा। हाईस्कूल में पहले 11 रुपये मिलते थे। जिसकी जगह अब 14 रुपये और इंटरमीडिएट में 13 की जगह 15 रुपये मिलेंगे। शासन की ओर से पांच साल बाद इस धनराशि को बढ़ाया गया है। केंद्र व्यवस्थापकों को अब प्रति पाली 100 रुपये और प्रतिदिन 200 रुपये पारिश्रमिक मिलेगा। अभी तक यह प्रति पाली 80 रुपये और प्रतिदिन 160 रुपये हुआ करता था। इसी तरह अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापकों को प्रति पाली 60 रुपये और प्रतिदिन पारिश्रमिक 120 रुपये कर दिया गया है। अभी तक यह प्रति पाली 53 रुपये और प्रतिदिन 106 रुपये था। वहीं शासन की ओर से कक्ष निरीक्षकों को प्रतिदिन का पारिश्रमिक 96 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये कर दिया गया है। इस बार से लिपिकों को प्रति पाली 33 रुपये की जगह 40 रुपये दिए जाएंगे। बंडल वाहक को 16 की जगह 20 रुपये, चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को प्रति पाली 26.50 रुपये की जगह 30 रुपये मिलेंगे।

# बढ़ता प्रदूषण, अभी नहीं चेते तो बाराबंकी के भी होंगे दिल्ली जैसे हालात!

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**दिन प्रतिदिन जहरीली होती वायु , हमारी अनदेखी एक दिन भयावह करेगी समस्या**

बाराबंकी । भारत का दिल दिल्ली कहीं वीरान ना हो जाए हम सबको पता है दिल खराब होने के बाद स्वस्थ शरीर की कल्पना बेमानी होती है पिछले कुछ वर्षों पर नजर डालें तो सोच के रोंगटे खड़े हो जाते हैं कि 50 साल बाद क्या होगा द्य गर्मी की तीव्रता गर्मी मे और सर्दियों में वायु प्रदूषण का स्तर चरम पर होता है द्य

दिल्ली धुंध के कारण नाजुक समय से गुजर रही है सरकार को स्कूल कॉलेज बंद करने एवं लॉकडाउन लगाने की नौबत आ गई आम आदमी पार्टी एवं केंद्र में भाजपा सरकार एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप करके मामले को रफराफा करना चाहते हैं जबकि मामला बहुत गंभीर है दिल्ली के गरीब कराह रहे हैं पर गरीबों की फिक्र किसको क्योंकि गरीब वोट बैंक नहीं होता । यूपी में भी हालात अब खराब होने लगे है लोग बढ़ते प्रदूषण को लेकर गंभीर नहीं है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार किसी स्थान की वायु के गुणवत्ता सूचकांक में जिसे इडक्रकहते हैं उस स्थान पर पीएम10, पीएम 2.5, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड(ग2), सल्फाइड डाइऑक्साइड (ट्ग2),कार्बन मोनोऑक्साइड (एग), अमोनिया गैस ($NH_3$) और लेड(Pb),यह आठ प्रदूषण शामिल होते हैं जिसमें घ्ढ्ढ2.5 सबसे महत्वपूर्ण और सबसे खतरनाक प्रदूषकों में से इसका आकार बहुत छोटा होने के कारण यह फ़ेफड़ों की गहराई में घुस जाता है और मौत का कारण बनता है इडक्र( 0 से 50 )अच्छा, (50 से 100 ) संतोषजनक से माध्यम और 200 से अधिक खराब से गंभीर श्रेणी मे माना जाता है द्य वर्तमान में दिल्ली में इडक्रगंभीर श्रेणी में है दिल्ली सरकार बोल रही है कि पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने के कारण दिल्ली में स्थित खराब है हालांकि एक अध्ययन के अनुसार जब पराली जलाने की घटनाएं चरम पर होती हैं उस समय अन्य दिनों के मुकाबले 15 से 30% इडइंडेक्स में बढ़ोतरी होती है हालांकि अन्य समय मे भी दिल्ली का इडक्र 300 से नीचे नहीं जाता द्य पराली से भी घ्ढ्ढ2.5 में बहुत अधिक वृद्धि नहीं हो रही तो असल कारण क्या है अध्ययन में पाया गया कि अकेले वाहनों से 58% प्रदूषण हो रहा है जो पराली के मुकाबले कई गुना अधिक थे पराली जलाने की घटनाओं पर नियंत्रण लगाया जाना जरूरी है किंतु स्थिति जिस कारण से मूल रूप से खराब हो रही है उस पर भी गंभीरता से सोचना होगा सवाल यह भी मन में आ रहा है कि अचानक सर्दियों में ही क्यों वायु गुणवत्ता सूचकांक बढ़ जाता है इसके पीछे वैज्ञानिक कारण है सर्दियों में हवा भारी होती है और प्रदूषकों को जमीन के पास रखती है और गर्मियों मे हल्की हो जाती है और जमीन से ऊपर अपने साथ



प्रदूषकों को लेकर चली जाती है इसके कारण गुणवत्ता सूचकांक काम हो जाता है

भारत में होने वाली मौत में से 10 में एक घ्ढ्ढ कण के कारण होती है वही एक लाख लोगों में से वायु प्रदूषण के कारण होने वाली मौत का औसत 70 है जबकि दिल्ली का 85 है यह भी ध्यान देने की बात है कि यह स्वास्थ्य प्रभाव सभी पर समान नहीं है गरीब व हासिये पर पड़े लोगों को सर्वाधिक झेलना पड़ता है

जब गर्मी होती है तो दिल्ली आज का गोला तथा सर्दी होती है तो गैस का चैंबर बन जाती है हमें सोचना होगा कि हम आने वाली पीढियां को कैसा शहर छोड़ कर जाएंगे हाल ही में अभी बाकू में कॉप 29 के सम्मेलन में भी वैश्विक स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने गंभीर वायु प्रदूषण संकट पर चर्चा की जिसमें वैश्विक समुदाय के विशेषज्ञों ने भारत से ऐसा भविष्य बनाने का आग्रह किया जो जीवाश्म ईंधन पर निर्भर ना हो जिसमें विभिन्न सुधारो का आवाहन भी किया गया इसके लिए नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा,शहरों में सार्वजनिक परिवहन अवसंरचना को मजबूत करना, निजी वाहनों की संख्या व प्रयोग पर अंकुश लगाए जाने, स्कूली शिक्षा में पर्यावरणीय शिक्षा को और अधिक बढ़ावा देने के पर ध्यान केंद्रित करना होगा हमें ध्यान रखना चाहिए कि यह समस्या मात्रा दिल्ली की समस्या नहीं है, आने वाले समय में भारत के अन्य बड़े शहरों में भी यही समस्या दिखाई पड़ सकती है दिल्ली समेत विभिन्न राज्य की सरकारों एवं भारत की सरकार को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर अति सचेत व गंभीर होने की असस्य्क्तता है अन्यथा जो भारत माता का दिल है दिल्ली, की समस्या लाइलाज ना हो जाए और मात्र दिल ही नहीं विभिन्न राज्यों के रूप में भारत माता के अंगों को भी स्वस्थ रखने की हम सब की जिम्मेदारी है अन्यथा आने वाली पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगी।



पर्यावरण संरक्षण के लिए किसान सहयोग करे , पराली किसी भी स्थित में न जलाए पराली का जलना पर्यावरण के लिए जहर के सामन है इससे हमारे जीवन में असर पड़ रहा है किसान भाइयों को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए कार्रवाई होगी इस लिए नहीं बल्कि पर्यावरण को ठीक रखेंगे ये हमारी भी जिम्मेदारी है इसे समझने की जरूरत है । इसके अलावा अधिक से अधिक सोलर एनर्जी को उपयोग में लाए डीजल पेट्रोल गाड़ियों का इस्तेमाल कम करे कम दूरी का सफर तय करने के लिए पैदल अथवा साइकिल उपयोग में लाए क्योंकि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो जीवन सुरक्षित रहेगा ।

**श्रीमती सीमा भारती**
**तहसीलदार हैदरगढ़ बाराबंकी**



बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण का मुख्य कारण हम मनुष्यों के द्वारा कोयला और डीजल से चलने वाले उद्योग, सड़कों पर चल रही गाड़ियों की भीड़, बेतरतीब निर्माण और खेतों में जलाई जा रही पराली से उठता धुंआ है। इन सब में कमी लाने के लिए तत्कालीन और अल्पकालिक उपाय तो किये जा रहे हैं इसके लिए प्रत्येक स्तर पर अनिवार्य और प्रभावकारी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है नहीं तो सांसों में घुलता जा रहा है यह जहर हम सबको इतना अधिक बीमार कर देगा की कोई भी दवा कारगर नहीं रहेगी। यह काम हम में से सभी को अपनी आवश्यकताओं को कम से कम करते हुए जीवन यापन की आदत डालनी होगी। इससे कम से कम फैक्ट्रियां चलानी पड़ेगी और कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण किया जा सकेगा.गाड़ियों के अंधाधुंध प्रयोग की जगह पैदल और साइकिल अथवा सार्वजनिक वाहनों का प्रयोग करना होगा। कूड़ा और पराली जैसी सामग्री को आग लगाने से बचना होगा और ये उपाय हमें वर्ष भर अपनाने होंगे. तभी हमको साफ हवा मिल सकती है और हम स्वस्थ रह सकते हैं ।

**अजीत सिंह**
**पर्यावरण प्रेमी बाराबंकी**





# जयसवाल, कोहली के शतक के बाद बुमराह ने फिर बरपाया कहर

एजेंसी

पर्थ। यशस्वी जयसवाल (161) और विराट कोहली (नाबाद 100) के एल राहुल (77) की शानदार पारियों के दम पर भारत ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को दूसरी पारी में छह विकेट पर 487 के स्कोर पर पारी घोषित कर ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 534 रनों का विशाल लक्ष्य दिया। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को दूसरी पारी में भी जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के कहर का सामना करना पड़ा। दिन का खेल समाप्त होने के समय ऑस्ट्रेलिया ने 12 रन पर अपने तीन विकेट गवांकर संकट में फंस गयी है। उस्मान ख्वाजा (नाबाद तीन) क्रीज पर मौजूद है। आज यहां चायकाल के बाद भारत ने पांच विकेट पर 359 रनों से आगे खेलना शुरु किया। विराट कोहली और नीतीश कुमार रेड्डी ने इस दौरान तेजी के साथ रन बटोरे। विराट कोहली ने 143 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 100) की शतकीय पारी खेली। नीतीश कुमार रेड्डी ने आतिशी अंदाज में 27 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 38) रन बनाये। भारत ने विराट कोहली का शतक बनने के साथ 134.3 ओवर में छह विकेट पर 487 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को बुमराह के कहर का फिर सामना करना पड़ा। बुमराह ने पहले ही ओवर में नेथन मैकस्वीनी (शून्य) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका दिया। इसके बाद चौथे ओवर में कप्तान पैट कमिंस (दो) को मोहम्मद सिराज ने विराट कोहली के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। अगले ही ओवर में बुमराह ने मार्नस लाबुशेन (तीन) को पगबाधा कर ऑस्ट्रेलिया को तीसरा झटका दिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय ऑस्ट्रेलिया ने 12 रन पर अपने तीन विकेट गवांकर दिये है। उस्मान ख्वाजा (नाबाद तीन) क्रीज पर मौजूद है। इससे पहले भोजनकाल के बाद देवदत्त पडिक्कल (25) दूसरे विकेट के रूप में आउट हुए। उन्होंने यशस्वी के साथ 74 रन की साझेदारी की। 94वें ओवर में मिचेल मार्श ने यशस्वी को आउट किया। यशस्वी ने 297 गेंदों में 15 चौके और तीन छक्के लगाते हुए (161) रनों की पारी खेली। भारत ने 313 के स्कोर पर दो विकेट गंवाए थे। लेकिन इसके बाद 321 स्कोर तक भारत ने पांच विकेट गंवा दिए थे। ऋषभ पंत और ध्रुव जुरेल एक-एक रन बनाकर आउट हुए। भारत ने चायकाल तक पांच विकेट पर 359 रन बना लिये है। भारत ने आज सुबह कल के 172 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। अभी स्कोर में 29 रन जुडे थे कि मिचेल स्टार्क ने केएल राहुल (77) को विकेटकीपर कैरी के हाथों कैच आउट करा इस 201 रनों की साझेदारी को तोड़ा। इस दौरान यशस्वी जयसवाल ने अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपने शतक को पूरा करने के लिए 205 गेंदों का सहारा लिया। इसी के साथ वह ऑस्ट्रेलिया में पहली बार टेस्ट शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये देवदत्त पड़िक्कल ने जयसवाल के साथ संभल कर खेलते हुए स्कोर को आगे बढ़ाया। भोजनकाल तक भारत ने एक विकेट पर 275 रन बना लिये और उसकी बढ़त 321 रनों की हो गई है।




# यशस्वी ने ऑस्ट्रेलिया में शतक जड़ बनाये कई रिकार्ड

एजेंसी



पर्थ। भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक जड़कर रिकार्डो के साथ देश के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों के साथ अपना नाम दर्ज करा लिया है। यशस्वी जायसवाल का ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर यह पहला और टेस्ट क्रिकेट में चौथा शतक है। उन्होंने अपना यह शतक 205 गेंदों में छक्के के साथ पूरा किया। उन्होंने अपनी इस शतकीय पारी में तीन छक्के और आठ चौके लगाये। इसके साथ ही वह ऑस्ट्रेलिया में शतक बनाने वाले सुनील गावस्कर (1977), सचिन तेंदुलकर (1992) और विराट कोहली (2018), केएल राहुल (2014-15) के बाद अगली पीढ़ी बल्लेबाज बन गये है। आखिरी बार केएल राहुल ने 2014-15 श्रृंखला के दौरान सिडनी क्रिकेट मैदान में 110 रन बनाए थे। यशस्वी जयसवाल पहले 15 टेस्ट में 1500 रन बनाने वाले पहले एशियाई बल्लेबाज बन गए हैं। वह चेतेश्वर पुजारा के बाद 1500 टेस्ट रन बनाने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने 28 पारियों में यह उपलब्धित हासिल की। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने 201 की साझेदारी कर एक नई उपलब्धि हासिल की है दोनों बल्लेबाजों के बीच हुई। (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया) देशों में भारत के लिए तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी है। एक क्रिकेट विश्लेषक के अनुसार, पर्थ में शतक बनाना कोई साधारण उपलब्धि नहीं है। यह एक ऐसा मंच है जिसने ऐतिहासिक रूप से पीढ़ी के महान खिलाड़ियों के आगमन को चिह्नित किया है। 2024 में जायसवाल का प्रदर्शन उनकी परिपक्वता और रनों की भूख को दर्शाता है, जो उन्हें भारत के बल्लेबाजी क्रम में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनाता है। जैसे-जैसे वह क्रिकेट की दुनिया में अपनी छाप छोड़ते जा रहे हैं, कई लोगों का मानना ??है कि यह एक शानदार करियर की शुरुआत है।

# फिक्की करेगा खो खो फ़ेडरेशन को 'इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड' से सम्मानित

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) खो खो फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया को खेलों में उनके सराहनीय योगदान के लिए 'इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड 2024' से सम्मानित करेगा। फिक्की ने खो खो फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया को 'बेस्ट नेशनल स्पोर्ट्स फ़ेडरेशन 2024' चुना है। यह पुरस्कार 14वें 'ग्लोबल स्पोर्ट्स सम्मिट' के दौरान 30 नवम्बर को खो खो फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल को फिक्की फ़ेडरेशन हाउस में प्रदान किया जायेगा। फिक्की द्वारा खो खो फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया को भेजे गए पत्र में कहा, ़खेलों में आपके उत्कृष्ट योगदान और बेमिसाल समर्पण ने न केवल उत्कृष्ठता में बेंच मार्क स्थापित किया है बल्कि असंख्य खिलाडियों को जीवन में ऊंचाइयां छूने के लिए प्रेरित किया है यह पुरस्कार खो खो फ़ेडरेशन के अथक परिश्रम ,जूनून, उत्साह तथा देश के खेल मानचित्र में गहरी छाप छोड़ने के लिए प्रदान किया जायेगा। खो खो फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने फिक्की को इस पुरस्कार के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि यह पुरस्कार प्राचीन भारतीय खेल के विकास और प्रोत्साहन के लिए खो खो फ़ेडरेशन द्वारा किये गए सराहनीय कार्यों को पहचान है। उन्होंने कहा यह पुरस्कार से खो खो फ़ेडरेशन को आगामी विश्वकप को बेहतरीन तरीके से आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इससे भविष्य में ऐसे आयोजनों के लिए बेंच मार्क तय होंगे और खो खो के ओलिंपिक और एशियाई खेलों में शामिल होने का मार्ग प्रसस्त होगा। सुधांशु मित्तल ने इस पुरस्कार को ग्रामीण स्तर तक खो खो खेलने वाले उन करोड़ों खिलाडियों को समर्पित किया जोकि युगों युगों से बिना किसी आर्थिक लाभ या सरकारी प्रोत्साहन के इस खेल को अभी तक लोगों के दिलों में जिन्दा रख सके हैं।

# विश्व चैंपियनशिप बनने की जंग शुरू करेंगे गुकेश और लिरेन

एजेंसी

सिंगापुर। ग्रैंडमास्टर डी गुकेश पर उम्मीदों का बोझ कम है और वह सोमवार से यहां शुरू हो रही विश्व चैंपियनशिप में चीन के डिंग लिरेन से भिड़ेंगे तो उनका लक्ष्य विश्वनाथन आनंद के बाद यह प्रतिष्ठित खिताब जीतने वाला पहला भारतीय बनना होगा। अधिकांश शतरंज जगत गुकेश का समर्थन कर रहा है क्योंकि यह 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी चैंपियन बनने वाला धैर्य दिखा चुका है। अब यह देखना होगा कि वह एक पखवाड़े तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के दौरान बड़े अवसर के दबाव से कैसे निपटते हैं। शनिवार दोपहर हुई पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस को अगर संकेत माना जाए तो दोनों खिलाड़ी एक-दूसरे का बहुत सम्मान करते हैं लेकिन साथ ही दोनों अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लिरेन ने 2023 में रूस के इयान नेपोमनियाची के खिलाफ उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में जीत के साथ विश्व चैंपियन का ताज पहना था लेकिन तब से चीन का खिलाड़ी मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से भी ग्रस्त रह चुका है और पिछले एक साल में गुकेश की तुलना में बहुत कम प्रतिस्पर्धा की है। गुकेश ने शनिवार को कहा, ''मेरा काम बिल्कुल स्पष्ट है ऽ हर बाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना और अपनी स्थिति के अनुसार सर्वश्रेष्ठ चाल चलना। अगर मैं ऐसा करता हूं, अगर मैं अच्छा शतरंज खेलता रहता हूं और सही मूड में रहता हूं तो फिर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि उनका हालिया फॉर्म खराब है या फिर वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं। उन्होंने कहा, ''अगर मैं सही चीजें करता हूं तो मुझे विश्वास है कि मेरे पास पूरा मौका होगा। इस साल के टूर्नामेंट में 138 वर्षों में पहली बार दो एशियाई खिलाड़ी खिताब के लिए एक-दूसरे से भिड़ेंगे। इस मुकाबले की इनामी राशि 25 लाख डॉलर है। ठीक एक साल पहले कोई भी गुकेश और लिरेन के बीच संभावित मुकाबले की भविष्यवाणी नहीं कर सकता था क्योंकि चीन का खिलाड़ी पहले से ही गत विजेता था और भारतीय खिलाड़ी को बड़ी बाधाओं को पार करना था। गुकेश ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से पहले स्वीकार किया, ''मैं यह नहीं कहूंगा कि मैं बहुत शांत चित्त हूं। मुझे पता है कि यह एक बड़ा टूर्नामेंट है और मैं बहुत उत्साहित हूं। लेकिन मुझे यह भी पता है कि मैं किसी भी तरह की घबराहट को संभाल सकता हूं। जब तक मुझे अपने कौशल पर भरोसा है तब तक मुझे चिंता करने की कोई बात नहीं है। गुकेश को प्रबल दावेदार मानने वाले लिरेन कहा कि वह एक दिलचस्प मुकाबले की उम्मीद करते हैं। इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, ''वह युवा है लेकिन उसने कई पहलुओं में अपनी योग्यता दिखाई है। यदि हम दोनों अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें तो यह एक शानदार मैच होगा। गुकेश भारत के लिए 2013 से चल रहे खिताब के सूखे को खत्म करना चाहेंगे। तब पांच बार के चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने नॉर्वे के सुपरस्टार मैग्नस कार्लसन को खिताब गंवा दिया था। आनंद इस प्रतियोगिता को जीतने वाले एकमात्र भारतीय हैं और वह चेन्नई में अपनी शतरंज अकादमी में उन्हें निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बाद गुकेश द्वारा उनकी बराबरी करने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आनंद की भूमिका की सराहना करते हुए गुकेश कई मौके पर कह चुके हैं, ''अगर विशी सर नहीं होते तो मैं आज जो हूं उसके करीब भी नहीं पहुंच पाता। गुकेश की विश्व चैंपियनशिप मैच की यात्रा पिछले साल दिसंबर में शुरू हुई जब उन्होंने चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट जीतकर कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाई। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में फाबियानो कारूआना और हिकारू नाकामुरा की अमेरिकी जोड़ी को प्रबल दावेदार माना जा रहा था जबकि नेपोमनियाची का दावा भी काफी मजबूत था। गुकेश ने सभी को पछाड़ते हुए कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर शतरंज की दुनिया में तूफान मचा दिया और इनमें आर प्रज्ञानानंदा भी शामिल थे जिन्हें कई लोग युवा भारतीय खिलाड़ियों की मौजूदा पीढ़ी में सबसे प्रतिभाशाली मानते हैं। गुकेश ने इसके बाद भारत को शतरंज ओलंपियाड में पहली बार स्वर्ण पदक दिलाने में मदद की।

# विदेशी मुद्रा भंडार 17.8 अरब डॉलर लुढ़क कर 657.9 अरब डॉलर पर

एजेंसी



मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी कमी होने से 15 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17.8 अरब डॉलर लुढ़ककर 657.9 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.5 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट के साथ 675.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 15 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 15.55 अरब डॉलर की भारी गिरावट के साथ 569.8 अरब डॉलर पर आ गई। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.1 अरब डॉलर गिरकर 65.7 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 9.4 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 18.1 अरब डॉलर पर आ गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि में 5.1 करोड़ डॉलर की गिरावट रही और यह गिरकर 4.2 अरब डॉलर रह गई।

# सर्राफा बाजार में लगातार 5वें दिन तेजी, सोना और चांदी की बढ़ी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोना आज लगातार पांचवें दिन महंगा हुआ है। शुरुआती कारोबार में इस चमकीली धातु की कीमत में आज 750 रुपये से लेकर 820 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 79,790 रुपये से लेकर 79,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 73,150 रुपये से लेकर 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। सोने की तरह आज चांदी के भाव में भी तेजी आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 93,300 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 79,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,690 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 79,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 79,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 79,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 79,690 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 73,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 79,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी तेजी आने के कारण आज सोना महंगा हुआ है।

# वाणिज्य सचिव ने टीईपीए के क्रियान्वयन के लिए किया नॉर्वे का दौरा

एजेंसी


नयी दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य विभाग के सचिव सुनील बर्थवाल ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने, ईएफटीए देशों में भारतीय वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात के लिए बड़े बाज़ार को खोलने तथा 100 अरब डॉलर के निवेश के शीघ्र क्रियान्वयन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नॉर्वे का दौरा किया। श्री बर्थवाल ने व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने, भारतीय पेशेवरों के लिए गतिशीलता, वर्तमान संस्थागत तंत्र को फिर से सक्रिय करने और टीईपीए अनुसमर्थन के लिए अगले कदमों पर चर्चा के लिए नॉर्वे के व्यापार, उद्योग और मत्स्य मंत्रालय के राज्य सचिव टॉमस नॉरवोल से मुलाकात की। साथ ही उन्होंने व्यापार और उद्योग मंत्री सेसिली मायर्सेथ और स्वास्थ्य तथा देखभाल सेवा मंत्री जॉन क्रिश्चियन वेस्ट्रे से भी मुलाकात की। इसके अलावा उन्होंने स्टॉर्टिंग-नॉर्वेजियन संसद का दौरा किया और ईएफटीए और ईईए संसदीय समितियों के प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्ष ट्राइन लिसे सुंडनेस और सांसद निकोलई एस्ट्रुप से मुलाकात की और टीईपीए के शीघ्र अनुसमर्थन की आवश्यकता पर बल दिया। टीईपीए पर मार्च 2024 में हस्ताक्षर किए गए थे। इस यात्रा में नॉर्वेजियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (एनएचओ), इनोवेशन नॉर्वे, शिपबिल्डर्स एसोसिएशन, रेडर बिंग लॉ फर्म और विविध क्षेत्रों, विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा, शिपिंग उद्योग, उपभोक्ता सामान, ग्रीन हाइड्रोजन, कपड़ा, समुद्री भोजन, खनन, सूचना प्रौद्योगिकी और आपसी हित के अन्य क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली कई बड़ी नॉर्वे की कंपनियों के प्रमुखों और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सहित व्यावसायिक हितधारकों के साथ चर्चा भी शामिल थी। वाणिज्य सचिव श्री बर्थवाल ने नॉर्वे के उद्योग के लिए अभूतपूर्व अवसरों के बारे में बताया क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था अगले तीन से चार वर्षों में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रही है।

# बाजार की उथलपुथल होगी कम, आर्थिक संकेतकों पर रहेगी नजर

**शेयर समीक्षा**

एजेंसी

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर नीचे भाव पर हुई भारी लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह लगभग दो प्रतिशत तक उछले घरेलू शेयर बाजार में कई राज्यों के विधानसभा चुनाव समाप्त होने से उथलपुथल कम होने की उम्मीद हैलेकिन निवेशकों की नजर आगामी आर्थिक संकेतकों पर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1567.11 अंक अर्थात 2.02 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 79117.11 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 374.55 अंक यानी 1.6 प्रतिशत मजबूत होकर 23907.25 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी लिवाली का जोर रहा। इससे मिडकैप 739.62 अंक अर्थात 1.7 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर 45029.22 अंक और स्मॉलकैप 230.95 अंक यानी 0.44 प्रतिशत चढ़कर 52612.93 अंक हो गया। विश्लेषकों के अनुसार, पिटे हुए शेयरों की मजबूत खरीददारी की बदौलत बाजार ने शुक्रवार को जबरदस्त उछाल के साथ बीते सप्ताह के नुकसान की भरपाई कर ली। हालांकि निवेशकों को इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए बाजार की प्रवृत्ति में बदलाव के बारे में अधिक स्पष्टता की जरूरत है कि वर्तमान उछाल सांता क्लॉज रैली में बदल जाएगा। निवेशकों ने अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी के खिलाफ अमेरिका में समन जारी होने से उत्पन्न खौफ को नजरअंदाज कर दिया है और उम्मीद जताई है कि राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे बाजार में और अधिक स्थिरता लाएंगे। कई ब्लू चिप कंपनियां औसत से कम मूल्यांकन पर उपलब्ध हैं जबकि मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में सार्थक सुधार व्यापक आधार वाली गति के लिए अवसर प्रदान कर रहे हैं। रियल्टी, एफएमसीजी, ऑटो, खपत, बैंक और आईटी समूह के शेयरों में दो प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। अमेरिका में रोजगार के मजबूत आंकड़े और डॉलर में मजबूती से घरेलू बाजार में आईटी शेयरों को समर्थन मिला है। अधिकांश राज्यों में विधानसभा चुनाव अब समाप्त हो चुके हैं और बाजार में स्थिरता आ सकती है क्योंकि आने वाले महीनों में वित्त वर्ष 2024-25 के पूंजीगत व्यय लक्ष्य को पूरा करने के लिए सरकारी खर्च में सुधार होगा। अच्छे मानसून, त्यौहार और शादी के सीजन से उपभोग मांग पर असर पड़ सकता है। निवेशकों की नजर आगामी आर्थिक संकेतकों जैसे पीएमआई, औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) और महंगाई के आंकड़े पर रहेंगी ताकि वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही में कॉर्पोरेट आय में 10 से 12 प्रतिशत की वृद्धि देखी जा सके। बीते सप्ताह बुधवार को महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के मतदान के कारण अवकाश रहने से बाजार में चार दिन ही कारोबार हुए, जिनमें से दो दिन तेजी और दो दिन गिरावट रही। वैश्विक स्तर से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू स्तर पर आईटी, टेक, ऊर्जा, तेल एवं गैस और पावर जैसे समूहों में हुयी बिकवाली से सोमवार को सेंसेक्स 241.30 अंक टूटकर 77339.01 अंक और निफ्टी 78.90 अंक फिसलकर 23453.80 अंक पर रहा। विश्व बाजार के मिलेजुले रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर अधिकांश समूहों में हुयी लिवाली की बदौलत मंगलवार को शेयर बाजार में पिछले चार दिनों से जारी बिकवाली पर ब्रेक लग गया सेंसेक्स 239.37 अंक की बढ़त के साथ 77578.38 अंक और निफ्टी 64.70 अंक की तेजी के साथ 23518.50 अंक पर रहा।



# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.55 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह कुल मिलाकर 1,55,603.45 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। एचडीएफसी बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को सबसे ज्यादा लाभ हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,536.8 अंक या 1.98 प्रतिशत के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 374.55 अंक या 1.59 प्रतिशत चढ़ गया। शुक्रवार को सेंसेक्स 1,961.32 अंक या 2.54 प्रतिशत उछलकर 79,117.11 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी 557.35 अंक या 2.39 प्रतिशत बढ़कर 23,907.25 अंक पर पहुंच गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार मूल्यांकन में भी गिरावट आई। अन्य कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में इजाफा हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 40,392.91 करोड़ रुपये बढ़कर 13,34,418.14 करोड़ रुपये हो गया। सबसे अधिक लाभ एचडीएफसी बैंक को ही हुआ। टीसीएस की बाजार हैसियत 36,036.15 करोड़ रुपये बढ़कर 15,36,149.51 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 16,266.54 करोड़ रुपये बढ़कर 9,01,866.22 करोड़ रुपये पर और इन्फोसिस का 16,189.33 करोड़ रुपये बढ़कर 7,90,151.83 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

# खट्टर ने आईआईटीएफ में विद्युत मंत्रालय, एनटीपीसी पवेलियन का किया दौरा

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने रविवार को इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फ़ेयर (आईआईटीएफ) 2024 में विद्युत मंत्रालय और राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) के पवेलियन का दौरा किया और वहां देश के सतत एवं विकसित भविष्य की दिशा में प्रगति को रेखांकित करने वाले स्टालों आदि का अवलोकन किया।

आईआईटीएफ 2024 में विद्युत मंत्रालय विकसित-भारतएट2047 के अपने दृष्टिकोण को प्रस्तुत कर रहा है। विद्युत मंत्रालय का पवेलियन देश की ऊर्ज़ा संक्रमण और ऊर्ज़ा सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसे प्रमुख विषयों पर केंद्रित है। यह पवेलियन देश के एक सतत और विकसित भविष्य की दिशा में प्रगति को रेखांकित करता है। पवेलियन को नवीनतम परस्पर संवादात्मक प्रौद्योगिकियों से सुसज्जित किया गया है, जिसमें वर्चुअल रियलिटी गेम्स, एक इंटरएक्टिव एलईडी ग्लोब, क्विज पैनल और टच-स्क्रीन ओएलईडी डिस्प्ले शामिल हैं। यह आगंतुकों के अनुभव को समृद्ध बनाने के लिये डिज़ाइन किये गये हैं। विद्युत मंत्रालय के अधीन भाग लेने वाले सीपीएसई हरित ऊर्ज़ा, नेट-जीरो उत्सर्जन लक्ष्य और जीवन सुगमता को बढ़ाने के लिये अपनी पहलों को उजागर कर रहे हैं। श्री खट्टर ने एनटीपीसी के पवेलियन का भी दौरा किया, जिसमें एनटीपीसी के अभिनव पर्यावरण-अनुकूल और किफायती आवास समाधान, 'सुख इको-हाउस' को प्रस्तुत किया गया। यह इको-हाउस थर्मल पावर प्लांट्स से प्राप्त लगभग 80 प्रतिशत राख और राख-आधारित उत्पादों का उपयोग करके बनाया गया है। यह ग्रामीण आवास के लिये एक क्रांतिकारी दृष्टिकोण है और स्थिरता और शून्य-कार्बन उत्सर्जन के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आईआईटीएफ में विद्युत मंत्रालय और एनटीपीसी के पवेलियन ने भारत की ऊर्ज़ा और बुनियादी ढांचा परिदृश्य को बदलने के लिये सरकार के चल रहे प्रयासों को उजागर किया।

# साफ-सफाई को लेकर देशवासियों में आयी स्वदायित्व की भावना : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता अभियान को निरंतर चलने वाला अभियान बताते हुए आज कहा कि इसके कारण देशवासियों खासकर सरकारी दफ्तरों में लोगों की मानसिकता में बदलाव आया है और अब वे स्वदायित्व की भावना से ना सिर्फ साफ-सफाई कर रहे हैं बल्कि रिसाइकिलिंग से धन भी अर्जित कर रहे हैं।

श्री मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में सरकारी कार्यालयों में आये बदलाव पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, ल्लआपने देखा होगा, जैसे ही कोई कहता है 'सरकारी दफ्तर' तो आपके मन में फाइलों के ढ़ेर की तस्वीर बन जाती है । आपने फिल्मों में भी ऐसा ही कुछ देखा होगा। सरकारी दफ्तरों में इन फाइलों के ढ़ेर पर कितने ही मजाक बनते रहते हैं, कितनी ही कहानियां लिखी जा चुकी हैं। बरसों-बरस तक ये फाइलें ऑफिस में पड़े-पड़े धूल से भर जाती थीं, वहां, गंदगी होने लगती थी - ऐसी दशकों पुरानी फाइलों और कबाड़ को हटाने के लिए एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। आपको ये जानकर खुशी होगी कि सरकारी विभागों में इस अभियान के अद्भुत परिणाम सामने आए हैं। साफ-सफाई से दफ्तरों में काफी जगह खाली हो गई है। इससे दफ्तर में काम करने वालों में एक स्वदायित्व का भाव भी आया है। अपने काम करने की जगह को स्वच्छ रखने की गंभीरता भी उनमें आई है।

प्रधानमंत्री ने कहा, आपने अक्सर बड़े-बुजुर्गों को ये कहते सुना होगा, कि जहां स्वच्छता होती है, वहां, लक्ष्मी जी का वास होता है । हमारे यहाँ 'कचरे से कंचन' का विचार बहुत पुराना है। देश के कई हिस्सों



में 'युवा' बेकार समझी जाने वाली चीजों को लेकर, कचरे से कंचन बना रहे हैं । तरह-तरह के नवान्वेषण कर रहे हैं। इससे वो पैसे कमा रहे हैं, रोजगार के साधन विकसित कर रहे हैं। ये युवा अपने प्रयासों से टिकाऊ जीवनशैली को भी बढ़ावा दे रहे हैं । मुंबई की दो बेटियों का ये प्रयास, वाकई बहुत प्रेरक है । अक्षरा और प्रकृति नाम की ये दो बेटियाँ, कतरन से फैशन के सामान बना रही हैं । आप भी जानते हैं कपड़ों की कटाई-सिलाई के दौरान जो कतरन निकलती है, इसे बेकार समझकर फेंक दिया जाता है । अक्षरा और प्रकृति की टीम उन्हीं कपड़ों के कचरे को फैशन उत्पाद में बदलती है। कतरन से बनी टोपियां, बैग हाथों-हाथ बिक भी रही है। उन्होंने साफ-सफाई को लेकर उत्तर प्रदेश के कानपुर में जारी एक अच्छी पहल की जानकारी साझा करते हुए कहा कि कानपुर कुछ लोग रोज सुबह की सैर पर निकलते हैं और गंगा के घाटों पर फैले प्लास्टिक और अन्य कचरे को उठा लेते हैं। इस समूह को 'कानपुर प्लॉगर्स ग्रुप' नाम दिया गया है। इस मुहिम की शुरुआत कुछ दोस्तों ने मिलकर की थी। धीरे-धीरे ये जन भागीदारी का बड़ा अभियान बन गया। शहर के कई लोग इसके साथ जुड़ गए हैं। इसके सदस्य, अब, दुकानों और घरों से भी कचरा उठाने लगे हैं। इस कचरे से रिसाइकिल संयंत्र में ट्री गार्ड तैयार किए जाते हैं, यानि, इस ग्रुप के लोग कचरे से बने ट्री गार्ड से पौधों की सुरक्षा भी करते हैं। उन्होंने एक और उदारण देते हुए कहा, छोटे-छोटे प्रयासों से कैसी बड़ी सफलता मिलती है, इसका एक उदाहरण असम की इतिशा भी है। इतिशा की पढ़ाई-लिखाई दिल्ली और पुणे में हुई है। इतिशा कारपोरेट दुनिया की चमक-दमक छोड़कर अरुणाचल की सांगती घाटी को साफ बनाने में जुटी हैं। पर्यटकों की वजह से वहां काफी प्लास्टिक कचरा जमा होने लगा था। वहां की नदी जो कभी साफ थी वो प्लास्टिक कचरे की वजह से प्रदूषित हो गई थी। इसे साफ करने के लिए इतिशा स्थानीय लोगों के साथ मिलकर काम कर रही है। उनके ग्रुप के लोग वहां आने वाले सैलानियों को जागरूक करते हैं और प्लास्टिक कचरे को जमा करने के लिए पूरी

# जनरल द्विवेदी की नेपाल यात्रा से सैन्य सहयोग का नया युग आरंभ होने की संभावना

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी नेपाल की पांच दिन की सफल आधिकारिक यात्रा पूरी कर रविवार को स्वदेश लौट आए। इस यात्रा से दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और क्षेत्रीय सुरक्षा पर अधिक ध्यान केन्द्रित होने के साथ सैन्य सहयोग का नया युग आरंभ होने की संभावना है।

रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि जनरल द्विवेदी की यात्रा से दोनों देशों के बीच मजबूत रक्षा सहयोग, सांस्कृतिक संबंध तथा परस्पर सम्मान और सुदृढ़ हुआ। यह क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और साझेदारी बढ़ाने के भारत और नेपाल की सेना की साझा प्रतिबद्धता दर्शाता है।

जनरल द्विवेदी ने नेपाल के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के साथ व्यापक चर्चा की। उन्होंने राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल, प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली और रक्षा मंत्री मनबीर राय के साथ उच्च स्तरीय बैठकें कीं। नेपाली सेनाध्यक्ष जनरल अशोक राज सिगडेल और अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ भी उनकी सार्थक चर्चा हुई। बातचीत में खुलेपन और परस्पर सम्मान का भाव रहा, जो द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

भारतीय सेना प्रमुख ने एक भव्य समारोह में टुंडीखेल स्थित बीर स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर नेपाल के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। बाद में नेपाली सेना मुख्यालय में उन्होंने गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत-नेपाल संबंधों को सुदृढ़ करना था। जनरल द्विवेदी ने नेपाल के सेनाध्यक्ष जनरल सिगडेल से मुलाकात की और परस्पर हित के विभिन्न पहलुओं तथा द्विपक्षीय रक्षा सहयोग सुदृढ़ करने के उपायों पर चर्चा की। नेपाली सेना के सैन्य संचालन महानिदेशक ने उन्हें सैन्य गतिविधियों से अवगत कराया। जनरल द्विवेदी की नेपाल के अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ भी उच्च स्तरीय चर्चा हुई। वार्ता में सैन्य संबंधों को बढ़ाने, संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण सहयोग तथा क्षमता उन्नयन पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिससे वैश्विक शांति और सुरक्षा की साझा प्रतिबद्धता को बल मिला। दोनों सेनाओं के बीच मैत्री प्रतीक के रूप में भारतीय सेना ने नेपाल की सेना को सुसज्जित अश्व तथा प्रहरी श्वान भेंट किए। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को नेपाल के राष्ट्रपति पौडेल ने काठमांडू के शीतल निवास में नेपाली सेना के जनरल की मानद उपाधि से विभूषित किया। यह विशिष्ट परंपरा भारतीय और नेपाली सेनाओं के बीच गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाती है। जनरल द्विवेदी ने दोनों देशों और सेनाओं के बीच विशिष्ट सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों को अनुभव किया। परस्पर संबंधों को सुदृढ़ करने के इनके महत्व को देखते हुए दोनों देशों की सेनाओं के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान की भी चर्चा की गई। शिवपुरी में नेपाल आर्मी कमांड एंड स्टाफ कॉलेज में भावी सैन्य कर्मियों को संबोधित करते हुए जनरल द्विवेदी ने ल्लयुद्ध के बदलते स्वरूपङ्क पर व्याख्यान दिया। उन्होंने दोनों देशों की सेनाओं के सामर्थ्य बढ़ाने और क्षमतावर्धन के लिए आपसी जुड़ाव मजबूत और गहरा करने पर जोर दिया। जनरल द्विवेदी ने पोखरा के पेंशन भुगतान कार्यालय में पूर्व सैनिकों की एक रैली को संबोधित किया।

# संभल की घटना आरएसएस-भाजपा की साजिश : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंग्रेस ने उत्तर प्रदेश के संभल में हुई घटना को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की साजिश का नतीजा बताया और कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासन में कोई 'सेफ' नहीं है। कंग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने रविवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि संभल की घटना से साफ हो गया है की 'बटेंगे तो कटेंगे' का निंदनीय नारा देने वाले योगी आदित्यनाथ के राज में कोई नागरिक 'सेफ' नहीं है। संभल में जिस तरह से प्रदर्शनकारियों पर सीधे फायरिंग के वीडियो सामने आये हैं वे सब मुख्यमंत्री और भाजपा- आरएसएस की सोची समझी साज़िश का दुष्परिणाम है। जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश सद्भाव और सौहार्द का प्रतीक रहा है वहाँ षड्यंत्र के तहत तीन लोगों की जान ली गई और कई लोग घायल हुए हैं। उन्होंने कहा, हम पूरी ज़िम्मेदारी से कहते हैं कि मृतकों की जान आदित्यनाथ प्रशासन ने ही ली हैं और संभल में भाईचारे को आग लगाने के लिए केवल भाजपा-आरएसएस क़सूरवार है। अल्पसंख्यक समाज को दूसरे दर्जे के नागरिकों की तरह देखने वाली मोदी-योगी की सरकार ने आनन-फानन में कोर्ट ने याचिका दाखिल कराई। ये सार्वजनिक है कि प्रशासन की पूरी तैयारी थी कि किसी तरह संभल के जरिए प्रदेश का माहौल ख़राब किया जा सके। इससे पहले बहराइच में सांप्रदायिक हिंसा के दौरान शहर को दंगाई तत्वों के हवाले कर दिया गया था। इस पूरे मामले में भाजपा न तो सर्वे करवाना चाहती थी न ही रोकना, उसका उद्देश्य केवल भाईचारा ख़त्म करना था। सर्वे टीम के साथ जाने वाले उपद्रवी तत्वों पर कोई कार्रवाई नहीं करना स्पष्ट करता है कि प्रदेश में उपचुनावों के बाद योगी सरकार ने हिंसा और घृणा की राजनीति को और तेज़ कर दिया है। पुलिस और प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं क्योंकि इस हिंसा में कई निर्दोष लोगों की जान गई है और कई लोग घायल हुए हैं। भाई-भाई में द्वेष फैलाना और सांप्रदायिक आग लगाना भाजपा-आरएसएस का डीएनए है और उनके रग-रग में बसा है। एक ओर 'एक हैं तो सेफ हैं' का ख़ोखला नारा - दूसरी ओर एक समुदाय को दूसरे समुदाय के बीच धर्म को ढ़ाल बनाकर दीवार खड़ा करना और लोगों की जान लेना कौन सी एकता का सन्देश है। एक ओर 'सबका साथ- सबका विश्वास' का एक दशक से चला आ रहा झूठ, दूसरी ओर उत्तर प्रदेश में लगातार धार्मिक आधार पर समाज को निशाना बनाया जाना।

## पेज एक का शेष

### संभल में आगजनी...

बाहर आए और उन्होंने पुलिस दल पर पथराव शुरू कर दिया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए हल्का बल प्रयोग किया और आंसू गैस के गोले दागे। पथराव करनेवालों और उन्हें उकसाने वालों की पहचान की जाएगी और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है कि इसी दौरान छतों से फायरिंग की गई। इसी फायरिंग की गोलियां तीनों युवकों को लगी हैं। जिला मजिस्ट्रेट राजेंद्र पेसिया ने कहा कि कुछ उपद्रवियों नेपथराव किया लेकिन स्थिति अब शांतिपूर्ण है और सर्वेक्षण कार्य जारी है। संभल में सर्वेक्षण स्थल के पास कथित तौर पर पुलिस पर पथराव करते युवाओं के वीडियो सार्वजनिक हुए हैं। उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता एवं मामले में याचिका कर्ता विष्णु शंकर जैन नेबताया था कि दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) की अदालत ने जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के लिये 'एडवोकेट कमीशन' गठित करनेके निर्देश दिये। उन्होंने बताया था कि अदालत ने कहा है कि वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी सर्वेक्षण कराकर कमीशन के माध्यम से अदालत में रिपोर्ट दाखिल की जाए। जैन ने पिछले मंगलवार को कहा था कि मस्जिद से संबंधित याचिका में केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार, मस्जिद समिति और संभल के जिला मजिस्ट्रेट को पक्षकार बनाया गया है। विष्णुशंकर जैन और उनके पिता हरि शंकर जैन ने ज्ञानवापी मस्जिद-काशी विश्वनाथ मंदिर विवाद सहित पूजा स्थलों से संबंधित कई मामलों में हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व किया है।

### पथराव करने वालों...

उपद्रवियों के होने पर पुलिस को बल प्रयोग और आंसू गैस छोड़ने पड़े थे। संभल में भारतीय न्याय संहिता की धारा-163 (पहले धारा 144) लागू कर दी गई है। अफवाहेन फैले, इसके लिए इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई थी। डीजीपी प्रशांत कुमार ने मुरादाबाद मंडल के हर जिले से काफी फोर्स मौके पर भिजवा दी थी। इसके अलावा प्रशांत कुमार लगातार वहां के एसपी व डीआईजी से जानकारी लेते रहे। डीजीपी ने बताया कि सीसी फुटेज से पथराव करने वाले उपद्रवियों को चिन्हि त किया जा रहा है। कई उपद्रवी चिन्हि त भी कर लिए गए हैं। इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में संभल पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। बवाल में मारे गए तीनों लोगों के घरों पर भी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। इस बवाल में तीन लोगों की मौत की पुष्टि अब तक की गई है।

### संसद सत्र...

पर संसद में सबसे पहले चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी चाहती है कि श्री अडानी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप से जुड़े मुद्दे पर पहले चर्चा कराई जाए। उन्होंने कहा कि उद्योगपति पर आरोप है कि उनकी कंपनी ने सौर ऊर्ज़ा परियोजनाओं के लिए अनुकूल सौदा पाने के वास्ते राजनेताओं और नौकरशाहों को कथित तौर पर 2,300 करोड़ रुपये से अधिक की रिश्वत दी है। उनका यह भी कहना था कि यह देश के आर्थिक और सुरक्षा हितों से जुड़ा गंभीर मुद्दा है और इसको लेकर देश की संसद में गहन चर्चा होनी चाहिए। संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलेगा जिसमें 16 विधेयकों पर चर्चा किये जाने की संभावना है। इन विधेयकों में वक्फ संशोधन विधेयक भी है जिसको लेकर विपक्ष के नेता आरोप लगा रहे हैं कि विधेयक की जांच पड़ताल के लिए बनी जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल इससे जुड़ी बैठकों में व्यवधान पैदा कर रहे हैं,इसलिए इस विधेयक पर विचार के लिए जेपीसी को और समय दिया जाना चाहिए। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यसभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा , संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, एल मुरूगन और विभिन्न दलों के नेता सदन ने हिस्सा लिया।

### अब ईवीएम से ...

भी अपनी सरकार बना सकती है, इसलिए उन्होंने कई स्वार्थी राजनीति करने वाली जातिवादी पार्टियों को खड़ा कर दिया और अब दलितों के रहनुमा का ढोंग करने वाले उनके नेता कई-कई गाड़ियों के काफिले में चुनाव प्रचार पर जाते दिखाई देते हैं मगर सर्व समाज को समझना होगा कि बसपा ही उसकी अकेली शुभचिंतक है इसलिए ऐसी पार्टियों को दरकिनार कर बसपा के पक्ष में ही मतदान करना होगा ताकि जातिवादी पार्टियों को करारा जवाब मिल सके। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की नौ सीटों पर हुए उपचुनाव में सात सीटों पर बसपा उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। डेढ़ लाख पोलिंग वाली मुरादाबाद की कुंदरकी सीट पर बसपा प्रत्याशी को सिर्फ 1051 वोट मिले। उत्तर प्रदेश में बसपा लगभग हाशिये पर पहुंच चुकी है। विधानसभा में सिर्फ एक विधायक बचा है। लोकसभा और विधान परिषद में शून्य है। राज्यसभा में सिर्फ एक सीट रह गई है।

### अडानी पर सुप्रीम...

तिवारी ने दलील दी है कि अडानी के खिलाफ आरोप ''गंभीर प्रकृति'' के हैं और भारतीय अधिकारियों द्वारा उनकी जांच की जानी चाहिए।

### गौरेया बचाएं...

10 हज़ार घोंसले तैयार किए हैं। उन्होंने कहा, कूडुगल ट्रस्ट की इस पहल से आसपास के इलाकों में गौरेया की आबादी बढ़नी शुरू हो गई है। आप भी अपने आसपास ऐसे प्रयास करेंगे, तो निश्चित तौर पर गौरेया फिर से हमारे जीवन का हिस्सा बन जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्नाटका के मैसुरु की एक संस्था ने बच्चों के लिए 'अर्ली बर्ड ' नाम का अभियान शुरू किया है। यह संस्था बच्चों को पक्षियों के बारे में बताने के लिए खास तरह की पुस्तकालय चलाती है। इतना ही नहीं, बच्चों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव पैदा करने के लिए 'प्रकृति शिक्षा किट' तैयार किया है। श्री मोदी ने कहा कि इस किट में बच्चों के लिए कहानी की किताब, खेल और जिग-सॉ पहेलियाँ हैं। यह संस्था शहर के बच्चों को गांवों में लेकर जाती है और उन्हें पक्षियों के बारे में बताती है। उन्होंने कहा, ल्लइस संस्था के प्रयासों की वजह से बच्चे पक्षियों की अनेक प्रजातियों को पहचानने लगे हैं। 'मन की बात' के श्रोता भी इस तरह के प्रयास से बच्चों में अपने आसपास को देखने, समझने का अलग नज़रिया विकसित कर सकते हैं।

### बच्चे पुस्तकालयों...

और सीखने का हब बन चुका है। इसे प्रकृत अरिवगम् के नाम से जाना जाता है। इस पुस्तकालय का विचार, प्रौद्योगिकी की दुनिया से जुड़े श्रीराम गोपालन जी की देन है। विदेश में अपने काम के दौरान वे नवीन प्रौद्योगिकी की दुनिया से जुड़े रहे। लेकिन, वो, बच्चों में पढ़ने और सीखने की आदत विकसित करने के बारे में भी सोचते रहे । भारत लौटकर उन्होंने प्रकृत अरिवगम् को तैयार किया । इसमें तीन हजार से अधिक किताबें हैं, जिन्हें पढ़ने के लिए बच्चों में होड़ लगी रहती है । किताबों के अलावा इस पुस्तकालय में होने वाली कई तरह की गतिविधियां भी बच्चों को लुभाती हैं । कहानी का सत्र हो, कला कार्यशाला हो, स्मरण प्रशिक्षण कक्षा, रोबोटिक्स कक्षा या फिर सार्वजनिक संबोधन, यहां, हर किसी के लिए कुछ-न-कुछ जरूर है, जो उन्हें पसंद आता है। श्री मोदी ने हैदराबाद में 'फूड फॉर थॉट फाउंडेशन के पुस्तकालयों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन शानदार पुस्तकालयों का भी प्रयास यही है कि बच्चों को ज्यादा-से-ज्यादा विषयों पर ठोस जानकारी के साथ पढ़ने के लिए किताबें मिलें। बिहार में गोपालगंज के 'प्रयोग पुस्तकालय' की चर्चा तो आसपास के कई शहरों में होने लगी है। इस पुस्तकालय से करीब 12 गांवों के युवाओं को किताबें पढ़ने की सुविधा मिलने लगी है, साथ ही ये, पुस्तकालय पढ़ाई में मदद करने वाली दूसरी जरूरी सुविधाएँ भी उपलब्ध करा रही है । कुछ पुस्तकालय तो ऐसे हैं, जो, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में छात्रों के बहुत काम आ रहे हैं । ये देखना वाकई बहुत सुखद है कि समाज को सशक्त बनाने में आज पुस्तकालय का बेहतरीन उपयोग हो रहा है । आप भी किताबों से दोस्ती बढ़ाइए, और देखिए, कैसे आपके जीवन में बदलाव आता है। प्रधानमंत्री ने गुयाना के उदाहरण साझा करते हुए कहा, ल्लपरसों रात ही मैं दक्षिण अमेरिका के देश गयाना से लौटा हूं । भारत से हजारों किलोमीटर दूर, गुयाना में भी, एक 'मिनी भारत' बसता है । आज से लगभग 180 वर्ष पहले, गुयाना में भारत के लोगों को, खेतों में मजदूरी के लिए, दूसरे कामों के लिए, ले जाया गया था । आज गुयाना में भारतीय मूल के लोग राजनीति, व्यापार, शिक्षा और संस्कृति के हर क्षेत्र में गुयाना का नेतृत्व कर रहे हैं । गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. इरफान अली भी भारतीय मूल के हैं, जो, अपनी भारतीय विरासत पर गर्व करते हैं । जब मैं गुयाना में था, तभी, मेरे मन में एक विचार आया था - जो मैं 'मन की बात' में आपसे साझा कर रहा हूं । गुयाना की तरह ही दुनिया के दर्जनों देशों में लाखों की संख्या में भारतीय हैं । दशकों पहले की 200-300 साल पहले की उनके पूर्वजों की अपनी कहानियां हैं। उन्होंने बच्चों से सवाल किया, क्या आप ऐसी कहानियों को खोज सकते हैं कि किस तरह भारतीय प्रवासियों ने अलग-अलग देशों में अपनी पहचान बनाई ! कैसे उन्होंने वहाँ की आजादी की लड़ाई के अंदर हिस्सा लिया ! कैसे उन्होंने अपनी भारतीय विरासत को जीवित रखा? मैं चाहता हू कि आप ऐसी सच्ची कहानियों को खोजें, और मेरे साथ साझा करें। आप इन कहानियों को नमो एप पर या माईगॉव पर इंडियन डायस्पोरा स्टोरीज़ के साथ भी साझा कर सकते हैं। श्री मोदी ने ओमान में चल रही एक विशिष्ट परियोजना का दिलचस्पी से उल्लेख करते हुए कहा कि अनेकों भारतीय परिवार कई शताब्दियों से ओमान में रह रहे हैं। इनमें से ज्यादातर गुजरात के कच्छ से जाकर बसे हैं। इन लोगों ने व्यापार के महत्वपूर्ण लिंक तैयार किए थे। आज भी उनके पास ओमानी नागरिकता है, लेकिन भारतीयता उनकी रग-रग में बसी है। ओमान में भारतीय दूतावास और भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार के सहयोग से एक टीम ने इन परिवारों के इतिहास को संरक्षित करने का काम शुरू किया है। इस अभियान के तहत अब तक हजारों दस्तावेज़ जुटाए जा चुके हैं। इनमें डायरी, एकाउंट बुक, लेजर, पत्रक और टेलीग्राम शामिल हैं। इनमें से कुछ दस्तावेज तो सन् 1838 के हैं। ये दस्तावेज, भावनाओं से भरे हुए हैं। बरसों पहले जब वो ओमान पहुंचे, तो उन्होंने किस प्रकार का जीवन जिया, किस तरह के सुख-दुख का सामना किया और ओमान के लोगों के साथ उनके संबंध कैसे आगे बढ़े, ये सब कुछ इन दस्तावेजों का हिस्सा है। 'मौखिक इतिहास परियोजना' ये भी इस मिशन का एक महत्वपूर्ण आधार है। इस मिशन में वहां के वरिष्ठ लोगों ने अपने अनुभव साझा किए हैं। लोगों ने वहाँ अपने रहन-सहन से जुड़ी बातों को विस्तार से बताया है। प्रधानमंत्री ने बताया कि ऐसी ही एक 'मौखिक इतिहास परियोजना' भारत में भी हो रही है । इस परियोजना के तहत इतिहास प्रेमी देश के विभाजन के कालखंड में पीड़ितों के अनुभवों का संग्रह कर रहें हैं। अब देश में ऐसे लोगों की संख्या कम ही बची है जिन्होंने, विभाजन की विभीषिका देखी है। ऐसे में यह प्रयास और ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा, ल्लजो देश, जो स्थान, अपने इतिहास को संजोकर रखता है, उसका भविष्य भी सुरक्षित रहता है। इसी सोच के साथ एक प्रयास हुआ है जिसमें गांवों के इतिहास को संजोने वाली एक निर्देशिका बनाई है। समुद्री यात्रा के भारत के पुरातन सामर्थ्य से जुड़े साक्ष्यों को सहेजने का भी अभियान देश में चल रहा है। इसी कड़ी में, लोथल में, एक बहुत बड़ा संग्रहालय भी बनाया जा रहा है। श्री मोदी ने लोगों से आग्रह किया कि यदि उनके संज्ञान में कोई पाण्डुलिपि हो, कोई ऐतिहासिक दस्तावेज हो, कोई हस्तलिखित प्रति हो तो उसे भी वे भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार की मदद से सहेज सकते हैं। प्रधानमंत्री ने पूर्वी यूरोप के देश स्लोवाकिया में भारतीय संस्कृति को लेकर हो रहे काम का जिक्र करते हुए कहा, ल्लमुझे स्लोवाकिया में हो रहे ऐसे ही एक और प्रयास के बारे में पता चला है जो हमारी संस्कृति को संरक्षित करने और उसे आगे बढ़ाने से जुड़ा है। यहां पहली बार स्लोवाक भाषा में हमारे उपनिषदों का अनुवाद किया गया है। इन प्रयासों से भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रभाव का भी पता चलता है। हम सभी के लिए ये गर्व की बात है कि दुनिया-भर में ऐसे करोड़ों लोग हैं, जिनके हृदय में, भारत बसता है।

### सोशल मीडिया के जरिये नतीजे ...

धैर्य या सहनशीलता नहीं है और यह एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है, जिसका सामना भारतीय न्यायपालिका कर रही है। उन्होंने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा कि क्या सोशल मीडिया पर 'ट्रोलिंग' से न्यायाधीशों पर असर पड़ता है। उन्होंने कहा, ''न्यायाधीशों को इस तथ्य के बारे में बहुत सावधान रहना होगा कि वे लगातार विशेष हित समूहों के हमले के अधीन हैं, जो अदालतों में होने वाले निर्णयों को बदलने की कोशिश कर रहे हैं।'' न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यह भी कहा कि लोकतंत्र में कानूनों की वैधता तय करने की शक्ति संवैधानिक अदालतों को सौंपी गई है। उन्होंने कहा, ''शक्तियों के पृथक्करण में यह प्रावधान है कि कानून बनाने का काम विधायिका द्वारा किया जाएगा, कानून का क्रियान्वयन कार्यपालिका द्वारा किया जाएगा और न्यायपालिका कानून की व्याख्या करेगी तथा विवादों का निपटारा करेगी। कई बार ऐसा होता है कि अधिकार क्षेत्र को लेकर घालमेल हो जाता है। लोकतंत्र में नीति निर्माण का काम सरकार को सौंपा जाता है। उन्होंने कहा, ''जब मौलिक अधिकारों की बात आती है, तो संविधान के तहत अदालतें हस्तक्षेप करने के लिए बाध्य हैं। नीति निर्माण विधायिका का काम है, लेकिन इसकी वैधता पर निर्णय लेना अदालतों का काम और जिम्मेदारी है।'' कॉलेजियम प्रणाली का बचाव करते हुए 50वें सीजेआई रहे न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि इस प्रक्रिया के बारे में बहुत गलतफहमी है और यह बहुत ही सूक्ष्म विश्लेषण वाला और बहुस्तरीय है। उन्होंने कहा, ''ऐसा नहीं है कि न्यायाधीशों की नियुक्ति में न्यायपालिका की एकमात्र भूमिका है। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों की वरिष्ठता पर सबसे पहले विचार किया जाना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या न्यायाधीशों को राजनीति में प्रवेश करना चाहिए, पूर्व सीजेआई ने कहा कि संविधान या कानून में ऐसा करने पर कोई रोक नहीं है। उन्होंने कहा, ''समाज आपको सेवानिवृत्ति के बाद भी न्यायाधीश के रूप में देखता है, इसलिए, जो काम दूसरे नागरिकों के लिए ठीक है, वह न्यायाधीशों के लिए पद से हटने के बाद भी ठीक नहीं होगा। उन्होंने कहा, ''मुख्य रूप से यह हर न्यायाधीश को तय करना होता है कि सेवानिवृत्ति के बाद उनके द्वारा लिया गया निर्णय उन लोगों पर असर डालेगा या नहीं, जो न्यायाधीश के रूप में उनके द्वारा किए गए काम का मूल्यांकन करते हैं।'' न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ दो साल तक सीजेआई के रूप में काम करने के बाद 10 नवंबर को सेवानिवृत्त हुए।

### ...और जीत की...

ने फिर से सत्ता हासिल की। पीएम के निर्देशन में योगी आदित्यनाथ ने यहां जनसभा कर 24 प्रत्याशियों के लिए वोट की अपील की। इनमें से 22 पर महायुति गठबंधन ने जीत हासिल की। त्रिपुरा में योगी ने दो दिन में छह रैलियां और रोड शो किया था। इन सबमें कमल खिला और पीएम मोदी के मार्गदर्शन में भाजपा सरकार बनी। मई में ओडिशा में हुए चुनाव में भी योगी आदित्यनाथ का जादू चला। यहां लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भी योगी का आह्वान जनता तक पहुंचा। ओडिशा में नवीन पटनायक सरकार गिरी और भाजपा सरकार ने सत्ता संभाली। राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, हरियाणा आदि राज्यों में भी पीएम मोदी के मार्गदर्शन में योगी आदित्यनाथ ने भाजपा कार्यकर्ता के रूप में चुनाव प्रचार में हिस्सा लिया। इन राज्यों में भी कमल खिला। विधानसभा चुनाव में योगी के जादू का ही असर है कि दोबारा सत्ता में भाजपा की वापसी हुई। योगी निरंतर सभी जनपदों में संवाद, विकास के बलबूते लोगों से मिलते रहे। इसका परिणाम विधानसभा उपचुनावों में भी दिखा। 2024 में हुए उपचुनाव हों या इसके पहले के उपचुनाव, भाजपा ने जबर्दस्त जीत हासिल की। योगी ने विकास से रामपुर की कमान संभाली तो 10 बार के विधायक आजम खां का किला भी ढह गया। यहां योगी के नेतृत्व में कमल को पहली बार आकाश मिला। यहां सपा के आसिम रजा राजा नहीं बन पाए। इस चुनाव में 21वां अंक भाजपा के लिए लकी साबित हुआ। 21वें राउंड के बाद से ही भाजपा ने यहां बढ़त हासिल की, जो अंतिम तक बरकरार रही।

# उत्तराखंड में 'दि साबरमती रिपोर्ट' टैक्स फ्री, मुख्यमंत्री ने देखी फिल्म



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिन्दी फिल्म 'दि साबरमती रिपोर्ट' देखी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि 'दि साबरमती रिपोर्ट' फिल्म को उत्तराखंड में टैक्स फ्री किया जाएगा। यह फिल्म गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगने की घटना पर आधारित है। मुख्यमंत्री धामी रविवार को हाथीबड़कला स्थित सेंट्रियों मॉल में गुजरात के गोधरा कंड पर बनी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' देखने के पहुंचे। उनके साथ इस फिल्म के मुख्य कलाकार विक्रांत मैसी भी मौजूद थे। इससे पहले मुख्यमंत्री आवास पर 'दि साबरमती रिपोर्ट' फिल्म के अभिनेता विक्रान्त मैसी ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल, गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, राज्यसभा सांसद व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, लोकसभा सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, विधायक खजान दास, उमेश शर्मा काऊ, सहदेव सिंह पुण्डीर, सविता कपूर और अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री के 'मन की बात' से मिलती है प्रेरणा: धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को हाथीबड़कला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ' मन की बात' कार्यक्रम का 116वां संस्करण सुना। इस मौके मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम से युवाओं सहित सभी लोग प्रेरित होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के सामूहिक प्रयासों, युवा सपनों और नागरिकों की आकांक्षाओं की बात को प्रधानमंत्री सबसे साझा कर बेहतर कार्यों के लिए देशवासियों को प्रेरित करते हैं। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने युवाओं को एनसीसी से जोड़ने के लिए आग्रह किया है। एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना पैदा करती है । उन्होंने प्रदेश के युवाओं से अपील की है कि वे एनसीसी से अवश्य जुड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की ओर से चलाया गया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान अब अन्य देशों में भी फैल रहा है, यह हमारे लिए गर्व का विषय है। उत्तराखंड में भी इस अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया गया है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल, गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, लोकसभा सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, विधायक खजान दास, उमेश शर्मा काऊ, सहदेव सिंह पुण्डीर, सविता कपूर एवं अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# उत्तराखंड : हिमनद झीलों के खतरे पर अध्ययन तेज, विशेषज्ञों की टीमें जुटीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। हिमालयी राज्यों में बढ़ते खतरे को लेकर केंद्र सरकार सतर्क है। उत्तराखंड में पांच हिमनद झीलों को लेकर संकट की स्थिति देखते हुए व्यापक सर्वेक्षण और आपदा न्यूनीकरण के उपाय किए जा रहे हैं।

दरअसल, हिमालयी राज्यों में कुल 188 हिमनद झीलों को चिन्हित किया गया है, जिनमें उत्तराखंड की 13 झीलें शामिल हैं। इनमें से पांच झीलों को अति संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। इनसे संभावित खतरों के आकलन के लिए विशेषज्ञों की दो टीमें गठित की गई हैं, जो इन झीलों का अध्ययन और सर्वेक्षण कर रही हैं। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि उत्तराखंड में चिन्हित अति संवेदनशील हिमनद झीलों पर गहन अध्ययन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य संभावित खतरों को समय रहते रोकना और सुरक्षा उपाय लागू करना है। सर्वेक्षण के लिए एनआईएच रुड़की, जीएसआई लखनऊ, आईआईआरएस देहरादून, यूएसडीएमए और यूएलएमएमसी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञों से मिलकर एक टीम बनाई गई है। इसके अलावा, सी-डेक पुणे और वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलाजी भी इस अध्ययन में सहयोग कर रहे हैं। टीमों ने अभी तक दो हिमनद झीलों का सर्वेक्षण किया है और उनकी स्थिति का बारीकी से अध्ययन किया जा रहा है। इन प्रयासों का उद्देश्य झीलों से संभावित आपदा के जोखिम को कम करना और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करना है। उल्लेखनीय है कि हिमालयी राज्यों में ऐसी झीलें आपदा प्रबंधन के लिए बड़ी चुनौती बन सकती हैं। सरकार और विशेषज्ञों की टीम मिलकर इन खतरों का समाधान ढूंढने में जुटी है। हिमालयी राज्यों में कुल 188 हिमनद झीलों को चिन्हित किया गया है।

# रक्तदान: एक कदम बढ़ाएं, तीन जीवन बचाएं



- रेड क्रॉस सोसाइटी और रोटरी क्लब दिवास के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर
- रक्तदान महादान की प्रेरणा, जीवन की डोर थामने का अवसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ऋषिकेश। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी उत्तराखंड और रोटरी क्लब (दिवास) के संयुक्त प्रयास से रविवार को एसपीएस राजकीय चिकित्सालय ऋषिकेश के ब्लड बैंक में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 12 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर के दौरान संबोधित करते हुए डॉ. पीके चंदोला ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक रक्तदाता का रक्तदान तीन लोगों के जीवन को बचाने में सक्षम होता है। रक्तदान को महादान कहा गया है, क्योंकि यह मानवता की सेवा का सर्वोत्तम तरीका है। सभी सक्षम लोगों को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। इस अवसर पर एसपीएस राजकीय चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. प्रदीप कुमार चंदोला और डॉ. एमके पाण्डेय ने भी शिविर में भाग लिया। कार्यक्रम में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी उत्तराखंड के समन्वयक ओम प्रकाश गुप्ता, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) ऋषिकेश परिक्षेत्र के नगर समन्वयक मनोज कुमार गुप्ता, जिन्हें 'आचार्य मनुश्री' के नाम से भी जाना जाता है, ने भी अपनी सहभागिता दर्ज की।

### रोटरी क्लब दिवास का योगदान

रोटरी क्लब दिवास की अध्यक्षा रो. तनु जैन ने शिविर के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। क्लब के अन्य सदस्यों, जिनमें रो. राजीव गर्ग, अक्षित अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, ज्योति मदान और पूनम चौहान प्रमुख थे, ने शिविर को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

### रक्तदान शिविर की उपलब्धि

शिविर का आयोजन न केवल रक्तदान के महत्व को उजागर करने के लिए किया गया, बल्कि इसे सामाजिक सहयोग का उदाहरण भी बनाया गया। 12 यूनिट रक्त संग्रहित होने से अस्पताल की रक्त बैंक में कमी को पूरा करने में मदद मिलेगी। आयोजकों ने रक्तदान करने वाले सभी दाताओं का आभार व्यक्त करते हुए इसे एक सराहनीय पहल बताया।

## जांच के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं : संजीव चौधरी

हरिद्वार। राष्ट्रीय व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष संजीव चौधरी के नेतृत्व में हरिद्वार व कोटद्वार के व्यापारियों के एक प्रतिनिधि मण्डल ने व्यापारियों की समस्याओं के निवारण के लिए संयुक्त राज्य कर आयुक्त संजीव सोलंकी से भेट की। व्यापारियों ने कर आयुक्त को बताया कि कुछ भ्रष्ट व स्वार्थी तत्वों की झूठी व मनगढ़ंत शिकायतों के आधार पर विभाग व्यापारियों का जांच के नाम पर उत्पीड़न कर रहा है। संगठन ऐसे तत्वों को चिह्नित कर उनकी शिकायत पुलिस में दर्ज करेगा। व्यापारियों ने कहा कि वे विभाग द्वारा की जा रही किसी भी जांच में सहयोग को तैयार हैं, लेकिन जांच के नाम पर उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोटद्वार के व्यापारी विनोद शर्मा व सुबोध गर्ग ने ऐसे तत्वों के नाम भी राज्य कर आयुक्त को बताए। उन्होंने कहा कि इन अपराधी किस्म के लोगों के कहने पर अगर व्यापारियों की जांच होती है तो व्यापारी विभाग के खिलाफ आंदोलन को मजबूर होंगे। कर आयुक्त संजीव तोमर ने कहा कि विभाग व्यापारी हितों के लिए है और यदि किसी भी व्यापारी को कोई शिकायत है तो वह अपनी बात मेरे समक्ष सीधे रख सकता है।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की मांगें नहीं मानी तो होगा आंदोलन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों का शीघ्र समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। कर्मचारियों ने रविवार को हुई बैठक में आरोप लगाया कि अधिकारियों द्वारा उनकी समस्याओं पर गंभीर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे उनका आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बैठक में कर्मचारियों ने कई अहम समस्याओं का जिक्र किया। उनके अनुसार, आवासों की रंगाई-पुताई और मरम्मत का काम कई वर्षों से लंबित पड़ा है, जिसके कारण उनकी जीवनशैली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मेला चिकित्सालय परिसर में बंदरों और कुत्तों की समस्या बढ़ गई है, जो सुरक्षा और स्वच्छता के लिए खतरा बन गए हैं। इसके अलावा, आवासों में सीवर लाइनों का कई स्थानों पर खराब होना और गंदा पानी जमा होना एक गंभीर समस्या बनी हुई है। कर्मचारियों ने यह भी मांग की कि मेला चिकित्सालय परिसर में साफ-सफाई के लिए एक समर्पित कर्मचारी को तैनात किया जाए। कर्मचारी संघ ने यह आरोप भी लगाया कि उनके लिए निर्धारित वर्दी और एसपीपी (अधिकारियों से प्रमोशन) का निस्तारण अब तक नहीं किया गया, जबकि इस संबंध में कई बार पत्र लिखे गए थे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दिनेश लखेड़ा, सोम प्रकाश, मूल चंद चौधरी, महेश कुमार, राकेश भंवर, शीशपाल, विक्रम राणा, सुरेश, वर्णिक चौधरी, कामेंद्र सिंह, रूपेश, रायसिंह, निशा, मुन्नी और अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## सिपाही की हत्या मामले में तीसरे आरोपित को पुलिस ने किया ढेर

नई दिल्ली। दक्षिण पूर्वी जिले के गोविंदपुरी में तैनात सिपाही किरण पाल सिंह की हत्या के मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने तीसरे आरोपित को मुठभेड़ में ढेर किया। यह घटना रविवार सुबह संगम विहार इलाके में हुई, जहां दिल्ली पुलिस की टीम ने आरोपित राघव उर्फ रॉकी को घेरा। इस बीच राघव ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल राघव को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उल्लेखनीय है कि शनिवार देर रात जब किरण पाल पेट्रोलिंग में थे, तब तीन बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। आरोपितों ने किरणपाल पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे किरणपाल की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपित दीपक को क्राइम ब्रांच ने मुठभेड़ के बाद दबोचा। जबकि कृष को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस मामले में तीसरे आरोपित राघव की तलाश थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, राघव उर्फ रॉकी के बारे में सूचना मिलने पर संगम विहार में उसे घेरने का प्रयास किया गया।

# अमृतसर में थाने के बाहर से मिला आईईडी, जांच में जुटी पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब के अमृतसर जिले में स्थित अजनाला पुलिस थाने के बाहर से रविवार को आईईडी बरामद किया गया है। यह वही पुलिस थाना है जहां खालिस्तानी कट्टरपंथी अमृतपाल ने हमला करके अपने साथियों को छुड़ाया था। इस पुलिस थाने के आसपास के क्षेत्र में पहले भी बम धमाके हो चुके हैं। आशंका जताई जा रही है कि दहशत फैलाने के उद्देश्य से किसी ने यह हरकत की है। पुलिस के आलाधिकारियों द्वारा इसकी जांच शुरू कर दी गई है। अमृतसर पुलिस के अनुसार आज सुबह जब थाने से एक कर्मी बाहर निकला तो उसने देखा कि एक बाउल पड़ा था, जिसे खाकी रंग की टेप लगाकर अच्छी तरह से बंद किया गया था। उक्त बाउल के अंदर से कुछ तार बाहर निकले हुए थे। वह बम जैसी चीज थी, जो खुले में पड़ी हुई थी। उसे किसी भी चीज से ढंका नहीं गया था। पुलिस की अभी तक की जांच में पता चला है कि उस चीज को देर रात धुंध का फायदा उठाकर रखा गया है। इसकी आलाधिकारियों तथा बम निरोधक दस्ते को सूचना दी गई। जांच के दौरान बम निरोधक दस्ते ने आईईडी को निष्क्रिय करते हुए अपने कब्जे में ले लिया। इस घटना के बाद पुलिस ने पूरे इलाके को सील करते हुए सर्च ऑपरेशन शुरू किया जा रहा है। अमृतसर के डीएसपी गुरबिंदर सिंह के अनुसार अभी बम के बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता। उसे जांच के लिए लैब में भेजा है। इस संदिग्ध वस्तु की जांच के बाद ही बताया जा सकता है कि वह क्या है। इसे यहां कौन छोड़ कर गया, इसकी भी जांच की जा रही है। इलाके के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारी स्वयं इस बारे में अधिकारिक जानकारी देंगे। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि किसी ने दहशत फैलाने के इरादे से इसे वहां रखा हो सकता है। इस मामले की अभी जांच चल रही है। उल्लेखनीय है कि बीते तीन सालों में अजनाला और आसपास के इलाकों में कई आतंकी गतिविधियां सामने आ चुकी हैं। तीन साल पूर्व अगस्त 2021 में अजनाला के ही एक पेट्रोल पंप के बाहर खड़े ट्रक को बम से उड़ा दिया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। थाने के दोनों तरफ वाहन खड़े कर रास्ता बंद किया गया था, ताकि किसी भी नुकसान को कम किया जा सके। वहीं अजनाला थाने पर बीते साल फरवरी 2023 में खालिस्तानी कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह ने अपने समर्थकों के साथ साथी को छुड़ाने के लिए हमला किया था।

# हरिद्वार में 26 नवंबर से शुरू होगा प्रकृति परीक्षण अभियान

हरिद्वार। उत्तराखंड भारतीय चिकित्सा परिषद के तत्वावधान में आयुर्वेद के क्षेत्र में एक नई पहल का आगाज होने जा रहा है। 26 नवंबर से जनपद हरिद्वार में 'देश का प्रकृति परीक्षण अभियान' का शुभारंभ किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को अपनी प्रकृति के बारे में जागरूक करना और उन्हें आयुर्वेद आधारित निवारक स्वास्थ्य देखभाल अपनाने के लिए प्रेरित करना है। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, डॉ. स्वास्तिक सुरेश ने बताया कि जिले के सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी, फार्मेसी अधिकारी और पैरामेडिकल स्टाफ इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करेंगे। यह पहल स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली सिद्ध होगी। राष्ट्रीय आयुष मिशन के नोडल अधिकारी, डॉ. अवनीश उपाध्याय के अनुसार देवभूमि उत्तराखंड में इस अभियान को सफल बनाने के लिए भारतीय चिकित्सा परिषद उत्तराखंड को नोडल संस्था के रूप में नियुक्त किया गया है। 'प्रकृति परीक्षण' आयुर्वेद की एक अनूठी अवधारणा है, जो व्यक्ति की शारीरिक संरचना (वात, पित्त, कफ दोष) की पहचान पर आधारित है। इसके माध्यम से नागरिक अपकेनी प्रकृति के अनुसार सही जीवनशैली, आहार और व्यायाम को अपनाने में सक्षम होंगे। इससे न केवल रोगों से बचाव होगा, बल्कि किसी रोग की स्थिति में बेहतर समाधान भी तलाशा जा सकेगा।

## शराब के नशे में हुड़दंग करने वाली एक युवती समेत चार गिरफ्तार

देहरादून। उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जनपद में संचालित पुलिस के 'मिशन मर्यादा' के अंतर्गत, शनिवार देर रात्रि एक रिजॉर्ट में शराब पीकर हंगामा कर रही एक युवती और तीन युवकों को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चारों हरियाणा के फरीदाबाद के रहने वाले हैं। टिहरी के पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने रविवार को बताया कि शनिवार रात्रि में द्रोणा रिजॉर्ट, जड़ी पानी के संचालक द्वारा 112 पर कॉल कर, उनके यहां बाहर से आए तीन युवक और एक युवती द्वारा शराब के सेवन में हुड़दंग करने की सूचना दी गई। शिकायतकर्ता ने कहा कि इस हुड़दंग से अन्य गेस्ट परेशान हो रहे है। उन्होंने बताया कि इस सूचना पर तत्काल चंबा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मिशन मर्यादा के अंतर्गत, उक्त चारों युवक व युवती को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही, उन्हें थाने लाकर चारों का मेडिकल कराकर, उत्तराखंड पुलिस अधिनियम में चालान किया गया। श्री अग्रवाल के अनुसार, हुड़दंग करने वालों की पहचान.अजीत सिंह (34) पुत्र रोहताश, निवासी महमूद तिगाऊ, थाना तिगाऊ, सचिन चन्दिला (28) पुत्र हेमराज, निवासी बडोली, थाना 75, सेक्टर फरीदाबाद, नितिश कुमार (35) पुत्र जयचन्द्र, निवासी नगला गुजरान, थाना शाहरन और पूजा सिंह (27) पुत्री स्व करतार सिह, निवासी मेहमद पुर, तिगांव, जनपद फरीदाबाद (हरियाणा) के रूप में हुई है।

# अडानी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ऋषिकेश। गौतम अडानी पर लगे गंभीर आरोपों और उनके खिलाफ कोई जांच न होने को लेकर कंग्रेस कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष एड. राकेश सिंह और पीसीसी मेंबर जयेंद्र चंद रमोला के नेतृत्व में रेलवे रोड स्थित कांग्रेस भवन के सामने विरोध प्रदर्शन किया और मोदी सरकार का पुतला फूंका।

महानगर कंग्रेस अध्यक्ष एड. राकेश सिंह और पीसीसी मेंबर जयेंद्र चंद रमोला ने कहा कि गौतम अडानी पर अमेरिकी निवेशकों के साथ धोखाधड़ी और विदेशी धन का उपयोग कर भारतीय राजनेताओं और अधिकारियों को रिश्वत देने के आरोप हैं। अमेरिकी न्याय विभाग की ग्रैंड ज्यूरी ने अडानी पर आरोप तय किए हैं और उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत में मोदी सरकार अडानी को संरक्षण दे रही है। न तो उनके खिलाफ कोई जांच हुई और न ही कोई कार्रवाई। उल्टा, बीजेपी नेता उन्हें बचाने में लगे हैं। वरिष्ठ कंग्रेस नेता मदन मोहन शर्मा और पूर्व पालिका अध्यक्ष दीप शर्मा ने कहा कि भाजपा जनता को हिंदू-मुस्लिम और जातिवाद के मुद्दों में उलझाकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने जनता से जागरूक होने और देश को बचाने की अपील की। कंग्रेस नेताओं ने सवाल उठाए कि अडानी पर लगे आरोपों की जांच क्यों नहीं हो रही है? विपक्ष की संयुक्त संसदीय समिति (JPC) की मांग खारिज क्यों की गई? अडानी को गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा है? पुतला दहन कार्यक्रम में बीएस पयाल, मदन मोहन शर्मा, सुधीर राय, शैलेन्द्र बिष्ट, मनीष शर्मा, प्रदीप जैन, प्यारे लाल जुगरान, ललित मोहन मिश्र, राकेश अग्रवाल, ऋषि सिंघल, राजेंद्र कोठारी, हरि सिंह नेगी, विनोद रतूड़ी, शम्भू प्रसाद भट्ट, ओम सिंह, अशोक शर्मा, पुरंजय भारद्वाज, मधु जोशी, मुकेश जाटव, जतिन जाटव, बप्पी माहेश्वरी, अक्षय गुप्ता, कमलेश शर्मा, आदित्य आदि कंग्रेसजन उपस्थित रहे द्य




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063